सूर्योदय 6:05 सूर्यास्त 6:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.0 न्यू | 21.4 अधि |
| धर्मशाला | 18.0 न्यू | 26.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82890.94 |
| निफ्टी | 25356.50 |
| सोना 74,450 | चांदी 90,704 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 14 सितंबर 2024 | 30 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 268, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए follow us on: 8894521702



कांग्रेस देश के टुकड़े करने वालों के साथ भाजपा उनका सफाया करती है: अनुराग

पृष्ठ 13 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### पीएम मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा पर



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी क्वाड लीडर्स समिट के अलावा अन्य आयोजनों में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी 21 सितंबर को अमेरिका पहुंचेंगे और वह विलिंगटन में चौथे क्वाड लीडर्स समिट में शिरकत करेंगे। 22 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी न्यूजर्सी में भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके अलावा 23 सितंबर को वह संयुक्त राष्ट्र के समिट ऑफ फ्यूचर समिट में हिस्सा लेंगे।

### अब श्री विजयपुरम के नाम से जाना जाएगा पोर्ट ब्लेयर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार आइलैंड की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। शाह ने कहा कि देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम 'श्री विजयपुरम' करने का निर्णय लिया है। इससे पहले पीएम मोदी ने 23 जनवरी 2023 को नेताजी की 126वीं बर्थ एनिवर्सरी पर अंडमान व निकोबार आइलैंड के 21 द्वीपों का नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर करने का फैसला लिया था।

### कांग्रेस नेता टाइटलर के खिलाफ हत्या के आरोप तय



**नई दिल्ली।** 1984 के सिख दंगा मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ दिल्ली की अदालत ने आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने टाइटलर के खिलाफ हत्या, गैरकानूनी ढंग से एकत्र होना, दंगा करना, दंगा भड़काना, अलग-अलग गुटों को एक-दूसरे के खिलाफ भड़काना, घरों में जबरन घुसना और चोरी के आरोप तय किए हैं।

### अमृतपाल के रिश्तेदारों के घर एनआईए की रेड

**मोगा (पंजाब)।** पंजाब के खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह के रिश्तेदारों के घरों में शुक्रवार सुबह एनआईए की टीम ने दबिश दी। अमृतपाल सिंह के चाचा प्रगट सिंह के घर में छापेमारी कर चाची को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। टीम ने कई दस्तावेज बरामद किए हैं। अमृतपाल के जीजा के घर में भी छापेमारी की गई है, वहां से भी काफी दस्तावेजों को एनआईए की टीम ने अपने कब्जे में लिया है। इसके अलावा पटियाला में जितेंदर सिंह के घर पर दबिश देकर कुछ मोबाइल कब्जे में लिए हैं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल में अंधेपन के शिकार हुए 135 लोगों को रोशनी का इंतजार -पेज 2
- सुक्खू सरकार ने सत्यापन की प्रक्रिया क्यों बंद करवाई : जयराम -पेज 3
- बफड़ी पंचायत में फैला डायरिया विभाग ने लिए पानी के सैंपल -पेज 6
- भाजपा के पूर्व मंत्री कर्ण देव कंबोज कांग्रेस में शामिल -पेज 13
- वियतनाम ओपनः क्रैस्टो-कपिला की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची -पेज 14


# तिहाड़ से बाहर आए केजरीवाल, किया रोड शो

एजेंसी, नई दिल्ली

**दिल्ली** शराब नीति से जुड़े सीबीआई केस में सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई। शुक्रवार देर शाम तिहाड़ जेल से रिहाई के बाद केजरीवाल ने रोड शो किया।

सुप्रीम कोर्ट ने जमानत के लिए वही शर्तें लगाई हैं, जो ईडी केस में बेल देते वक्त लगाई गई थीं। रोड शो के दौरान केजरीवाल ने भावुक होते हुए कहा कि लाखों लोगों की दुआओं से बाहर आ गया। मैं सही था, इसलिए भगवान ने मेरा साथ दिया। इन लोगों ने मुझे जेल भेजा, इसलिए मेरे साथ इंसाफ हुआ। जेल की सलाखें मुझे कमजोर नहीं कर पाईं, बल्कि मेरी ताकत 100 गुना ज्यादा बढ़ गई है। मेरे खून का कतरा-कतरा देश के लिए है। मैं देश विरोधी ताकतों से लड़ता रहूंगा।



### छह सुप्रीम शर्तें

- मुख्यमंत्री कार्यालय नहीं जा सकेंगे केजरीवाल।
- किसी भी सरकारी फाइल पर साइन नहीं करेंगे।
- केस से जुड़ा कोई सार्वजनिक बयान नहीं देंगे।
- 10 लाख रुपए का बेल बॉन्ड भरना होगा।
- जांच में बाधा डालने या गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे।
- जरूरत पड़ने पर ट्रायल कोर्ट में पेश होंगे और जांच में सहयोग करेंगे।

### पिंजरे के तोते वाली छवि से बाहर आए सीबीआई

**न्यायाधीश** उज्ज्वल भुइयां ने सीबीआई की ओर से केजरीवाल की गिरफ्तारी को अनुचित करार दिया और कहा कि उसे 'पिंजरे में बंद तोता' की धारणा से निश्चित रूप से बाहर निकलना चाहिए। सीबीआई देश की एक प्रमुख जांच एजेंसी है। यह जनहित में है कि सीबीआई को निश्चित रूप से न सिर्फ निष्पक्ष होना होगा, बल्कि उसे ऐसा करके दिखाना भी होगा। ऐसी धारणा को दूर करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए कि जांच निष्पक्ष रूप से नहीं की गई थी।

# चंबा में भालू ने दो महिलाओं पर किया हमला, 1 की मौत

अनंत ज्ञान, चंबा

**चंबा** जिले में भालू ने दो महिलाओं पर हमला कर दिया, जिससे एक की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल है।

**जंगल में गई थीं घास काटने**

घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। धीमला पंचायत के दलपा गांव की रहने वाली ठांठी देवी और पिंकी घास काटने के लिए जंगल में गई थी। कलवारा जंगल में घास काटते समय भालू ने दोनों महिलाओं पर हमला कर दिया। भालू के हमले में पिंकी देवी व ठांठी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा लाया गया, जहां डॉक्टरों ने पिंकी देवी को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने परिजनों व घायल महिला के बयान दर्ज लिए हैं। वहीं, शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

## सीएम सुक्खू की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक, आपसी सहमति से सद्भावना बनाए रखने की अपील

# अवैध मस्जिद निर्माणों पर होगी कानूनी कार्रवाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शिमला** के संजौली से लेकर मंडी मस्जिद जैसे अवैध निर्माणों के मामलों में कानून के तहत कार्रवाई होगी। शुक्रवार को प्रदेश में धार्मिक सौहार्द बनाए रखने के लिए राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से स्ट्रीट वेंडर्स के लिए संयुक्त समिति के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया।

**स्ट्रीट वेंडर्स के लिए संयुक्त समिति के गठन का प्रस्ताव पारित**

विधानसभा अध्यक्ष से एक संयुक्त समिति बनाने का अनुरोध किया, जो पूरे प्रदेश में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए नीति बनाने पर काम करेगी। सर्वदलीय बैठक के बाद एक संयुक्त बयान भी जारी किया गया है। इसमें कहा गया कि बैठक में सभी ने विस्तार से वर्तमान स्थिति के सभी पहलुओं पर चर्चा की। सभी सहमत हैं कि हिमाचल प्रदेश एक शांतिपूर्ण राज्य है और यहां हमेशा से आपसी सद्भाव रहा है। सभी से अपील है कि प्रदेश में शांति व आपसी भाईचारा बनाए रखें। हम देश-विदेश के सभी पर्यटकों का हिमाचल प्रदेश में स्वागत करते हैं। शिमला में जो एक स्थानीय विवाद चल रहा है, उसका शीघ्रता से कानूनी हल किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल शांतिप्रिय प्रदेश है। यहां किसी धर्म, समुदाय को काम करने से मना नहीं है, लेकिन जो भी हो कानून के दायरे में हो। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, भाजपा से रणधीर शर्मा, माकपा नेता राकेश सिंघा, 'आप' के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर व स्थानीय विधायक हरीश जनारथा मौजूद रहे।



सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

## मंडी में मस्जिद की 2 अवैध मंजिलें तोड़ने का आदेश

- नगर निगम कमिश्नर कोर्ट ने 30 दिन का समय दिया
- प्रदर्शनकारी हिंदू संगठनों पर वॉटर कैनन का इस्तेमाल

अनंत ज्ञान, मंडी

**हिमाचल** के मंडी शहर में मस्जिद की दो अवैध मंजिलें 30 दिन में गिरानी होंगी। नगर निगम आयुक्त एचएस राणा की कोर्ट ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। तीस साल पुरानी 3 मंजिलों यह मस्जिद शहर के जेल रोड पर है। आरोप है कि इसकी 2 मंजिलें अवैध रूप से बनाई गई थीं। अब इन्हें तोड़ा जाएगा।

वहीं, नगर निगम आयुक्त कोर्ट में जिस समय मस्जिद में अवैध निर्माण मामले में सुनवाई चल रही थी, तब हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए मस्जिद के आसपास बैरिकेडिंग की थी। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों में धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया।



मंडी में प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल करती पुलिस।

### डब्ल्यूएचओ ने दी एमपॉक्स की पहली वैक्सीन को मंजूरी

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वयस्कों के लिए मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) की पहली वैक्सीन को मंजूरी दे दी है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यह अफ्रीका और अन्य स्थानों पर इस बीमारी से लड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वैक्सीन प्रीक्वालिफिकेशन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि टीके सुरक्षित और प्रभावी हों।



यह वैक्सीन 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों को दी जा सकती है। बवेरियन नार्डिक कंपनी की इस वैक्सीन को यूनिसेफ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन खरीद सकेंगे। हालांकि, इसकी आपूर्ति सीमित रहेगी। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानम घेब्रेयेसस ने कहा कि एमपॉक्स रोधी वैक्सीन की पहली प्री क्वालिफिकेशन इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण कदम है।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस: आरोपी संजय का नहीं होगा नार्को टेस्ट, कोर्ट ने नहीं दी मंजूरी

एजेंसी, कोलकाता

**कोलकाता** के कोर्ट ने कोलकाता आरजी कर अस्पताल में महिला ट्रेनी डॉक्टर से रेप व मर्डर मामले के आरोपी संजय रॉय के नार्को टेस्ट की अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

सीबीआई ने नार्को टेस्ट की अनुमति के लिए सियालदह कोर्ट में अपील की थी। इसके तहत शुक्रवार को संजय को कोर्ट में पेश किया गया, लेकिन संजय ने मजिस्ट्रेट के सामने नार्को टेस्ट के लिए अपनी सहमति नहीं दी, जिसके बाद कोर्ट ने सीबीआई की प्रार्थना को खारिज कर दिया। वहीं, जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन 35वें दिन भी जारी रहा।

**जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी**

डॉक्टरों और बंगाल सरकार के बीच प्रदर्शन खत्म करने पर सहमति नहीं बन पा रही है। अब डॉक्टरों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मामले में दखल देने की मांग है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी को लेटर भेजा। उन्होंने लिखा कि आपका दखल हमें चारों ओर से घिरे अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा।

### सीबीआई की टीएमसी विधायक सुदीप्त रॉय के घर और नर्सिंग होम पर रेड

**सीबीआई** ने टीएमसी विधायक सुदीप्त रॉय के घर और नर्सिंग होम पर छापेमारी की है। इस मामले में टीएमसी विधायक संदिग्ध पाए गए हैं। सीबीआई ने वीरवार को पूछताछ की थी और तलाशी अभियान शुरू किया। छापेमारी के दौरान सीबीआई ने सुदीप्त रॉय का नंबर और संदीप घोष की कॉल डिटेल्स रिकॉर्ड निकाला है।

## चंडीगढ़ विस्फोट मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने चंडीगढ़ के सेक्टर 10 के एक घर में हुए ग्रेनेड विस्फोट के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने केंद्रीय एजेंसी के साथ संयुक्त अभियान में ग्रेनेड विस्फोट मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर निवासी रोहन मसीह की गिरफ्तारी और अन्य आरोपियों की पहचान के साथ मामला सुलझ गया है। मुख्य आरोपी के पास से 9 एमएम ग्लॉक पिस्टल और गोला-बारूद बरामद किया गया है।

**9 एमएम ग्लॉक पिस्टल और गोला-बारूद बरामद**

## स्टोन क्रशर मामले में ईडी की नादौन में छापेमारी

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**हमीरपुर** जिले के नादौन में ईडी ने एक बार फिर दबिश दी है। ईडी ने खनन विभाग के एक अधिकारी और क्रशर मालिक की मौजूदगी में खड्ड की पैमाइश की और रिकॉर्ड तलब किया। जिस जगह इलेक्ट्रिक परिवहन डिपो बनाया जा रहा है, उसके आसपास ईडी की मौजूदगी कई सवाल खड़े कर रही है। वहीं, ईडी की टीम क्रशर मालिक के घर भी गई। इसके बाद नादौन के साथ लगते कांगड़ा जिले के एक क्रशर पर पहुंची। जमीन की निशानदेही के बाद कुछ लोगों से जांच टीम ने पूछताछ की है। (अनंत ज्ञान)

**आरोप** मनी लॉन्ड्रिंग और जालसाजी के मामलों की जांच के तहत की गई कार्रवाई

# हिंडनबर्ग का दावा: अडाणी ग्रुप के 2600 करोड़ फ्रीज

एजेंसी, नई दिल्ली

**हिंडनबर्ग** रिसर्च ने अडाणी समूह पर आरोप लगाते हुए दावा किया कि स्विस अधिकारियों ने अडाणी समूह के लगभग 31 करोड़ डॉलर (करीब 2600 करोड़ रुपए) को स्विस बैंकों में फ्रीज कर दिया है।

अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी के अनुसार, यह कार्रवाई अडाणी समूह के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग और जालसाजी के मामलों की जांच के तहत की गई है। हिंडनबर्ग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से बताया कि स्विस क्रिमिनल कोर्ट के रिकॉर्ड में दिखाया गया है कि अडाणी समूह के एक सहयोगी ने बीवीआई, मॉरीशस और बरमूडा के फंडों में निवेश किया था, जो




लगभग पूरी तरह से अडाणी के शेयरों पर केंद्रित थे। हालांकि, अडाणी समूह ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उनका किसी भी स्विस कोर्ट की कार्यवाही से कोई संबंध नहीं है। गौर रहे कि पिछले साल हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों के बाद अडाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई थी। 2023 की शुरुआत में हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर टैक्स हैवन देशों का उपयोग करके बाजार नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। इसके परिणामस्वरूप शेयरों में बड़ी गिरावट आई और समूह के प्रमुख, गौतम अडाणी की निजी संपत्ति में भी भारी कमी दर्ज की गई थी।

### अडाणी ग्रुप ने आरोपों को बताया हास्यास्पद और बेतुका

**अडाणी** ग्रुप के प्रवक्ता ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि हम इन बेबुनियाद आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हैं। अडाणी समूह का किसी भी स्विस कोर्ट कार्यवाही में कोई संबंध नहीं है, और न ही किसी प्राधिकरण की ओर से हमारे किसी भी खाते को जब्त किया गया है। इसके अलावा, कथित आदेश में कहीं भी हमारी समूह कंपनियों का उल्लेख नहीं है और न ही हमें किसी भी प्राधिकरण या नियामक निकाय से कोई स्पष्टीकरण या जानकारी मांगी गई है। समूह की विदेशी होल्डिंग संरचना पूरी तरह पारदर्शी, उजागर और सभी प्रासंगिक कानूनों के अनुरूप है। अडाणी समूह ने इन आरोपों को हास्यास्पद, अव्यवहारिक और बेतुका करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह हमारी प्रतिष्ठा और बाजार मूल्य को नुकसान पहुंचाने के लिए एक सुनियोजित प्रयास है, जो कुछ खास लोगों की ओर से मिलकर किया जा रहा है।




## न्यूज ब्रीफ

### मोर्चा की बैठक 15 को मेला ग्राउंड सुन्नी में

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा की शिमला ग्रामीण इकाई का आम बैठक 15 सितंबर को 11 बजे मेला ग्राउंड सुन्नी में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हीरामणि भारद्वाज करेंगे। इकाई के संयोजक पूर्ण चंद कश्यप ने बताया कि इस दौरान इकाई के चुनाव भी आयोजित किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### माया पब्लिक स्कूल ने जूडो में जीते 3 स्वर्ण, 3 रजत

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** माया पब्लिक स्कूल सुन्नी की छात्राओं ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल प्रदर्शन करते हुए वन एक्ट प्ले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य हरीश शर्मा ने बताया की हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-14 छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन का विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया की इससे पूर्व भी दारगी में आयोजित जोनल स्तरीय अंडर-19 छात्र वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिताओं के वोकल सोलो तथा फोक सोलो में प्रथम स्थान और समूहगान तथा लोक नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर किया है,जबकि जूडो में तीन स्वर्ण और तीन रजत पदक प्राप्त किए।

### निशांत-योगिता बने मिस्टर एंड मिस फ्रेशर



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य रामलाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना से आरंभ हुआ। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निशांत शर्मा को मिस्टर और योगिता को मिस फ्रेशर के खिताब से नवाजा गया जबकि रनरअप नयन और इशिता रहे। मिस्टर पर्सनालिटी का खिताब हेमंत तथा मिस पर्सनालिटी का खिताब कृतिका को दिया गया।

### बिजली चोरों से वसूली 300000 रुपए की राशि

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** हिमाचल प्रदेश विद्युत विभाग शिमला से ए फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने कोटखाई उपमंडल के कोने-कोने में जाकर अचानक दबिश डाली और उपभोक्ताओं से तीन लाख की राशि वसूली, जिसमें एक ही उपभोक्ता से एक लाख से अधिक की राशि बसूली गई। वहीं विद्युत उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि बिजली की चोरी न करें और ठीक से उपयोग करें, ताकि विभाग को ऐसी राशि वसूलने की नौबत न पड़े और न ही उपभोक्ताओं पर इसका बोझ पढ़ सके, सही बिजली का उपयोग करें और चोरी करने का भविष्य में प्रयास करना छोड़ दें। (अनंत ज्ञान)

### डीएवी स्कूल ने मनाया दादा-दादी दिवस

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** आज, डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल कोटखाई ने दादा-दादी दिवस को एक दिल छूने वाले उत्सव के साथ मनाया। छात्रों ने अपने दादा-दादी के प्रति स्नेह और सम्मान प्रकट करते हुए एक समूह गान, लोक नृत्य, और एक भावनात्मक नाटक की प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने परिवार में दादा-दादी की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके छात्रों की शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव को खूबसूरती से दर्शाया। स्वागत भाषण में प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने परिवार में दादा-दादी की महत्वपूर्ण स्थिति को रेखांकित किया और उनके छात्रों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव को स्वीकार किया। इस आयोजन को उत्साहपूर्वक मनाया गया, और दादा-दादी ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत की गई भावनात्मक श्रद्धांजलियों की सराहना की। यह दिन खुशी और आभार से भरा हुआ था, जो पीढ़ियों के बीच गहरे संबंधों और दादा-दादी के ज्ञान और प्रेम की महत्ता को उजागर करता है।

### बच्चों को दिलाई पर्यावरण स्वच्छता की शपथ




**शुभम राही, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला बिलासपुर के सूचना शिक्षा एवं संप्रेषण विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉक्टर प्रवीण चौधरी के दिशा निर्देशानुसार नेशनल प्रोग्राम ऑन क्लाईमेंट चेंज एंड ह्यूमन हेल्थ के अंतर्गत स्टैपिंग स्टोन इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय नीले आकाश के लिए स्वच्छ हवा दिवस के उपलक्ष्य पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने कहा कि प्रदूषण के दुष्प्रभाव से बचने के लिए ज्यादा प्रदूषित जगह पर न जाएं, पटाखे, कूड़ा आदि न जलाएं। धुम्रपान से बचे और धुआं रहित ईंधन का प्रयोग करें। वायु प्रदुषण से स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ते हैं, जिससे कई प्रकार की बीमारियां जैसे दमा टीबी, हृदय रोग व फेफड़ों इत्यादि का संक्रमण हो सकता है। इस मौके पर स्कूल के बच्चों को पर्यावरण स्वच्छता सबंधी शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राकेश कुमार, स्कूल का स्टाफ व जिला से स्वास्थ्य पर्यविक्षक संजीव कुमार व रमेश कुमार उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### कृतिका को मिस, हितेश को चुना मिस्टर फ्रेशर



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के रिटेल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती की पूजा कर की गई। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी प्रो. सीता राम ने शिरकत की और विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। वहीं, प्रोफेसर पूजा ने विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा उन्हें अनुशासित रहने तथा व्यवहारिक रूप से अपनी व्यावसायिक डिग्री सीखने के लिए उत्सुक रहने को कहा। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए वरिष्ठ विद्यार्थियों ने एकल नृत्य, नाटक तथा मनोरंजक गतिविधियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में कृतिका ने मिस फ्रेशर और हितेश ने मिस्टर फ्रेशर का खिताब जीता। इस अवसर पर प्रो. कुनाल, प्रो. गौरव संख्यान, प्रो. राजीव, प्रो. अक्षय कुमार, शिवानी, अंजू और बीवोक विभाग और रिटेल मैनेजमेंट के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बहुउद्देशीय परिसर का लोकार्पण 16 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर सतपाल वर्धन ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर के बहुउद्देशीय परिसर का लोकार्पण नगर एवं ग्राम नियोजन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी 16 सितंबर को प्रातः 11 करेंगे। समिति द्वारा इस बहुउद्देशीय परिसर का निर्माण 1 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से किया गया है। इस बहुउद्देशीय परिसर की धरातल मंजिल में कृषि उपज के थोक व्यापार हेतु चार दुकानें, प्रथम मंजिल में कार पार्किंग, दूसरी मंजिल में बैठक कक्ष, पैंट्री एवं शौचालय तथा तीसरी व चौथी मंजिल में मंडी समिति के कर्मचारी हेतु टाइप 2 श्रेणी के तीन व टाइप 3 श्रेणी के दो आवासों का निर्माण करवाया गया है।

### नंगल से गिरफ्तार किया भगोड़ा आरोपी

**बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस के पीओ सेल ने एक भगोड़े आरोपी को नंगल बाजार से गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत ने पेशियों से गैरहाजिर रहने पर भगोड़ा (उद्घोषित अपराधी) घोषित किया था। आरोपी मोहम्मद सबीर निवासी वार्ड-6 तहसील लोहाई मल्हार जिला कठुआ, जम्मू-कश्मीर का निवासी है।

# हिमाचल में अंधेपन के शिकार हुए 135 लोगों को रोशनी का इंतजार

## नहीं मिल रही आंखें, आईजीएमसी में पड़ी 150 लोगों की वेटिंग लिस्ट

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

अंधेपन का शिकार हुए लोग रोशनी तो देखना चाहते हैं, लेकिन उन्हें आंखे नहीं मिल रही है। आईजीएमसी में 135 लोगों की वेटिंग लिस्ट पड़ी है। यह लोग अब इंतजार कर रहे हैं कि उन्हें आंखें कब मिलेंगी और कब वे रोशनी से दुनिया देख पाएंगे। आंखे न मिलने पर आगामी दिनों में काफी ज्यादा दिक्कतें आ सकती हैं।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव




**अभी तक हुए 422 नेत्र दान और 358 नेत्र ट्रांसप्लांट**

विभाग के तहत अभी तक 422 नेत्र दान किए गए हैं, वहीं 358 नेत्र ट्रांसप्लांट हो चुके हैं। मौजूदा समय तक 1260 लोगों ने मरने के बाद नेत्रदान करने की शपथ ली है। उन्होंने बताया कि नेत्र बैंक की वेटिंग लिस्ट के आधार पर करीब 135 लोग नेत्रदान का इंतजार कर रहे हैं। आईजीएमसी आईज विभाग के एचओडी डॉक्टर रामलाल ने कहा कि नेत्रदान से संबंधी जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए आई बैंक समय–समय पर जागरूकता अभियान चलता रहता है। इसके तहत अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार पर एलईडी स्क्रीन के जरिए लोगों को नेत्रदान संबंधी जरूरी जानकारी साझा की जा रही है। अस्पताल के विभिन्न स्थानों पर बैनर और पोस्टर के माध्यम से भी जागरूकता फैलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि आईजीएमसी शिमला में प्रतिवर्ष 1500 से 2000 लोगों की मृत्यु होती है, लेकिन महज 20 से 22 लोग नेत्रदान करते हैं, यानी एक प्रतिशत मरीज ही नेत्रदान करते हैं।

कार्यक्रम में एसोसिएट प्रोफेसर व आई बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. विनय गुप्ता ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए बताया कि देश में हर साल विभिन्न बीमारियों और दुर्घटनाओं के कारण करीब एक करोड़ लोगों की मृत्यु होती है, जबकि महज 30,000 लोग आंखें एक लाख लोगों को नेत्रदान की जरूरत रहती है। (अनंत ज्ञान)

### अब तक हो चुके 5 किडनी ट्रांसप्लांट

**आईजीएमसी** में 12 अगस्त 2019 को पहला किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था, उसके बाद दो और मरीजों के किडनी ट्रांसप्लांट किए गए। 23 अगस्त 2021 को चौथा व पांचवां किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। अभी तक कुल 5 किडनी ट्रांसप्लांट हुए हैं। सभी मरीज स्वस्थ है।

### एक व्यक्ति आठ लोगों को कर सकता है अंगदान

**एक** व्यक्ति के शरीर से आठ व्यक्तियों को अंगदान किया जा सकता है। जीवित अंगदाता किडनी, लीवर का भाग, फेफड़े का भाग और बोन मैरो दान दे सकते हैं, वहीं मृत्युदाता यकृत, गुर्दे, फेफड़े, पेनक्रियाज, कॉर्निया और त्वचा दान कर सकते हैं। हृदय को 4 से 6 घंटे, फेफड़े को 4 से 8 घंटे, इंटेस्टाइन को 6 से 10 घंटे, यकृत को 12 से 15 घंटे, पेनक्रियाज को 12 से 14 घंटे और किडनी को 24 से 48 घंटे के अंतराल में जीवित व्यक्ति के शरीर में स्थानांतरित किया जा सकता है। अभी तक आईजीएमसी में सिर्फ कॉर्निया और किडनी के ट्रांसप्लांट होते हैं।

### अभी तक नहीं मिली लीवर ट्रांसप्लांट की सुविधा

**हिमाचल** में लीवर ट्रांसप्लांट की भी सुविधा मिलनी थी, लेकिन सरकार द्वारा अभी तक कोई कदम नहीं उठाए गए है। बताया जा रहा है कि इसको लेकर सरकार की तैयारियां चल रही हैं।

# गेयटी थियेटर में हिंदी दिवस पर करवाई प्रतियोगिताएं



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालयीय भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, कविता वाचन व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं गेयटी थियेटर में आयोजित करवाई गई।

विभाग के सहायक निदेशक सुरेश राणा ने समागार में उपस्थित प्रदेश भर से आए महाविद्यालय के छात्रों, प्राध्यापकों व निर्णायक मंडल का स्वागत किया। डॉ. बलदेव, गुप्तेश्वरनाथ उपाध्याय, डॉ. अशोक गौतम, डॉ. वीरेंद्र, डॉ. बबीता, डॉ. सत्यनारायण स्नेही व सुदर्शन वशिष्ठ निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे।

भाषण प्रतियोगिता का विषय जनभाषा और राजभाषा के रूप में हिंदी की दशा और दिशा व विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति में हिंदी की भूमिका तथा निबन्ध लेखन का विषय वैश्विकरण के युग में हिंदी भाषा की स्थिति एवं गति व राष्ट्रीय एकीकरण और हिंदी भाषा रखा गया था। चारों प्रतियोगिताओं में प्रदेशभर से आए महाविद्यालयों के लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभाग के निदेशक डॉ. पंकज ललित ने बताया कि राजभाषा पखवाड़े का समापन तथा राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह 14 सितंबर को गेयटी प्रेक्षागृह में आयोजित करवाया जाएगा।

इस कार्यक्रम में विक्रमादित्य सिंह माननीय लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री हिमाचल प्रदेश बतौर मुख्यातिथि के उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में विभाग की ओर से उप निदेशक कुसुम संघाईक, सहायक निदेशक सुरेश राणा, अधीक्षक श्रेष्ठा ठाकुर, भाषा अधिकारी अनिल हारटा, संतोष कुमार य दीपा शर्मा तथा विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा मुस्लिम विरोधी नहीं इसलिए दिया होगा पैसा : रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा नेता एवं विधायक रणधीर शर्मा ने सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाग लिया। रणधीर शर्मा को इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने जाने के लिए अधिकृत किया था।

उन्होंने बैठक के बाद मीडिया से कहा कि हाल ही में संजौली विवाद को लेकर समाज आंदोलित हुआ और एक जन आंदोलन खड़ा हुआ जिस पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा की जिस भवन को लेकर विवाद खड़ा हुआ है जब वह सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बना है तो इस भवन को सरकार द्वारा तुरंत सील करना चाहिए और सरकार को अपने नियंत्रण में लेना चाहिए। इस भवन में कोई भी गतिविधि न हो उसको सुनिश्चित करना चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने लीगल एक्सपर्ट की राय लेकर कार्य करने को कहा। रणधीर ने कहा कि वैसे तो मंदिर और मस्जिद के लिए कोई सरकार पैसा नहीं दे सकती, पर आस पास की सराय के लिए पैसा देना गलत नहीं है।

रणधीर ने कहा की भाजपा मुस्लिम विरोधी नहीं है इसलिए पैसा दिया होगा। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस विवाद को लेकर कांग्रेस सरकार को ही समाधान निकाले।

### सरस्वती विद्या मंदिर ने जीते 8 स्वर्ण पदक

**सुन्नी।** हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा आयोजित 34वें राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर तत्तापानी ने आठ स्वर्ण पदक जीत कर अपना परचम लहराया। सरस्वती विद्या मंदिर हटगढ़ मंडी में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में प्रदेश से लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा सरस्वती विद्या मंदिर तत्तापानी के 12 खिलाड़ियों का चयन भी इन प्रतियोगिताओं के लिए हुआ था। इस दौरान विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक तथा 2 कांस्य पदक हासिल किए। इन 12 खिलाड़ियों से 3 खिलाड़ी जतिन, चेतन्या और दिव्यांश का चयन उत्तर क्षेत्र की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है तथा विद्यालय के ये तीनों खिलाड़ी उतर क्षेत्र प्रतियोगिताओं में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# शिक्षा मंत्री ने परख सर्वे को लेकर अधिकारियों और शिक्षकों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि नवंबर माह में होने जा रहे परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 में सबसे अहम योगदान प्रदेश के शिक्षकों का रहेगा। ऐसे में सभी शिक्षक परख सर्वे के लिए समर्पित होकर कार्य करें।



शिक्षा मंत्री आज समग्र शिक्षा हिमाचल की ओर से सर्वे की तैयारियों के लिए आयोजित वर्चुअल बैठक में शामिल शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में प्रारंभिक शिक्षा निदेशक राकेश कोहली, अतिरिक्त निदेशक उच्च शिक्षा हरीश शर्मा, अतिरिक्त निदेशक प्रारंभिक शिक्षा बीआर शर्मा, समग्र शिक्षा के ज्वाइंट कंट्रोलर फाइनांस बलबीर कुमार विशेष तौर पर शामिल रहे। इसमें पूरे प्रदेश से करीब 10 हजार शिक्षकों ने वर्चुअली भाग लिया।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल का शिक्षा में हमेशा उच्च स्थान रहा है और इसकी गिनती केरल जैसे राज्यों के साथ होती रही है, लेकिन पिछले कुछ समय से हिमाचल की स्थिति बेहतर नहीं रही, वहीं पिछले नेशनल अचीवमेंट सर्वे और पीजीआई रिपोर्ट में इसका प्रदर्शन खराब रहा है। ऐसे में नवंबर माह में होने वाला परख सर्वे-24 हिमाचल के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हो सकता है। सभी को इस सर्वे के लिए पूरी लगन और समर्पण के साथ काम करने की जरूरत है।

# महिलाओं को बताई पौष्टिक आहार की महत्ता

## घुमारवीं की कोट पंचायत में पोषण माह के तहत एकदिवसीय शिविर का आयोजन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

जिला बिलासपुर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग, निदेशालय महिला एवं बाल विकास के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी घुमारवीं रंजना शर्मा की अध्यक्षता में पोषण माह तथा मिशन शक्ति से संबंधित एकदिवसीय शिविर का आयोजन घुमारवीं की कोट पंचायत में किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा पोषाहार की प्रदर्शनी लगाई गई तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई।



इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली प्रतिभागियों को बाल विकास परियोजना अधिकारी रंजना शर्मा तथा पंचायत प्रधान सोमा देवी के द्वारा पुरस्कार दिए गए। खंड चिकित्सा अधिकारी घुमारवीं के कार्यालय से आई हुई टीम के द्वारा सभी ग्रामीण महिलाओं की रक्त जांच की गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी रंजना शर्मा ने बताया कि सन 2015 में राजस्थान के झुंझुनू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पोषण अभियान की शुरुआत भारत को कुपोषण मुक्त करने के लिए की गई थी। उसके बाद देश भर में 1 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक हर वर्ष पोषण माह मनाया जाता है। इसमें गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं तथा लोगों को पौष्टिक आहार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया जाता है। अभियान के तहत किशोरों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वस्थ खानपान सहित खानपान में स्थानीय उत्पादों को शामिल करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में उपस्थित मिशन शक्ति टीम से शिल्पा शर्मा जेंडर स्पेशलिस्ट ने लोगों को मिशन शक्ति के दो भागों संबल तथा सामर्थया के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि संबल का उद्देश्य महिलाओं तथा बच्चियों की सुरक्षा करना है जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन और नारी अदालत शामिल हैं तथा सामर्थया का उद्देश्य महिलाओं तथा बच्चियों के सशक्तिकरण से संबंधित है, जिसमें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, शक्ति सदन, सखी निवास, पालना व जेंडर बजटिंग शामिल है। स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर शकुंतला ने महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने तथा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने हेतु जागरूक किया तथा महिलाओं को योगासन भी सिखाए गए। (अनंत ज्ञान)

# गोबिंदसागर में मछलियों का बीज डालने की प्रक्रिया शुरू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मत्स्य विभाग ने गोबिंदसागर झील में कोलकाता से लाई जा रही मछली के बीज डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस वित्त वर्ष झील के विभिन्न हिस्सों में 50 लाख से अधिक मछली का बीज डाला जाएगा। यह जानकारी निदेशक मछली पालन विभाग विवेक चंदेल ने दी।

उन्होंने बताया कि कोलकाता से विभिन्न खेप के माध्यम से पूरे महीने में गोबिंदसागर झील में मछली के बीज डाले जाएंगे। इसकी पहले खेप में 2 ट्रैक के माध्यम से 5 से 8 लाख बीज शुक्रवार को बिलासपुर पहुंचने के पश्चात लुहनु मैदान के समीप गोबिंदसागर झील में डाली गई। उन्होंने बताया कि गोबिंदसागर झील में रोहू, कतला, मृगुल, सिल्वर क्राफ और ग्रास क्राफ सहित पांच मछली की किस्म के बीज डाले जाएंगे। लुहनु मैदान के पश्चात गोबिंदसागर के ही भाखड़ा बांध, लठीयाना और रायपुर मैदान के पास बीज डाले जाएंगे। विवेक चंदेल ने

**विवेक चंदेल बोले, इस वित्तीय वर्ष झील में डाला जाएगा 50 लाख बीज**

बताया कि बैरकपुर स्थित सिपरी इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए सर्वे के उनके सुझावों को मद्देनजर रखते हुए गोबिंदसागर में 50 प्रतिशत से अधिक बीज सिल्वर क्राफ के डाले जाएंगे।

उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2012-13 में झील में सिल्वर क्रॉफ का प्रभाव था और इसका उत्पादन 1392 मीट्रिक टन हुआ था, जिसके पश्चात हर वर्ष सिल्वर क्राफ के प्रोडक्शन में गिरावट दर्ज किया गया और एक समय इसका उत्पादन 200 मीट्रिक टन तक पहुंच गया। इसके चलते विभाग द्वारा रिसर्च करवाया गया और गत वर्षो में सिपरी इंस्टीट्यूट के सुझावों के अनुसार ही गोबिंदसागर में बीज डाला गया है, ताकि गोबिंदसागर झील में सिल्वर क्राफ अपने पहले के उत्पादन के अनुसार ही स्थान प्राप्त कर सके।

# जिला स्तरीय सायर मेले में काकू राम ठाकुर मचाएंगे धमाल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला स्तरीय सायर मेले की एक बैठक मेला स्थल पर समिति के अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें मेले की सांस्कृतिक संध्याओं के कलाकारों के नामो पर अंतिम मुहर लगी। सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष चेंगु राम ठाकुर ने बताया कि जिला स्तरीय सायर मेले में तीन सांस्कृतिक संध्याओं में प्रदेश के जाने-माने गायक कलाकारों को बुलाया जा रहा है।

सभी सांस्कृतिक संध्याओ में रूपेश भट्टी द्वारा मंच का संचालन किया जाएगा। पहली संध्या में 16 सितंबर को मंडी की दीपिका तथा चंबा के सावन जरियाल लोगों का मनोरंजन करेंगे। दूसरी संध्या में

**मेले को लेकर आयोजित बैठक में कलाकारों के नाम पर लगी मुहर**

मंडी से संबंध रखने वाले बॉलीवुड के गायक सुनील चौहान, दाडलाघाट सोलन की श्रुति शर्मा तथा बिलासपुर की उभरती गायिका दीक्षा वर्मा अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगी। अंतिम सांस्कृतिक संध्या में चंबा के काकू राम ठाकुर धमाल मचाएंगे उनके साथ ठियोग की पूनम सरमैक व बिलासपुर की दीक्षा वर्मा अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। तीनों संध्याओं में जोगिंदरनगर का लक्की ओर्केस्ट्रा बैंड तथा घाघस बिलासपुर की ठाकुर साउंड मंच पर देखने को मिलेंगे।

### औद स्कूल में मनाया हिंदी दिवस

**नूरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय औद तहसील नुरपुर में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा हिंदी दिवस कार्यकारी प्रधानाचार्य विपिन चौधरी की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि इस अवसर पर कार्यकारी प्रधानाचार्य विपिन चौधरी ने बच्चों को हिन्दी के इतिहास और महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अनेकता में एकता भारत की विशेषता है और सभी को एकता के सूत्र में प्रेमपूर्वक रखने का कार्य हिंदी भाषा करती है।

**आह्वान** विद्यार्थी खेलों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाकर नशे से रहें दूर

# पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी लें भाग: डीसी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने घुमारवीं के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र घुमारवीं में चार दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। छात्रों की चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में 28 स्कूलों के 378 खिलाड़ी छात्र भाग ले रहे हैं। उपायुक्त ने सभी प्रतिभागी खिलाडियों को बधाई दी। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए ज्ञान अर्जित करना और शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही ज्ञान अर्जित किया जा सकता है और मानसिक एवं शारीरिक



विकास के लिए खेलों में भाग लेना आवश्यक है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी उचित समय दें, ताकि सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। खेल गतिविधियां छात्रों को शारीरिक, मानसिक और सामरिक प्रशिक्षण प्रदान करती हैं। खेलें बच्चों को ध्यान विकसित करने और स्पष्ट दृष्टि रखने में सहायता करती हैं। इसके साथ शिक्षा में उत्कृष्ट होने में सक्षम बनाती है क्योंकि ये गुण शैक्षणिक उपलब्धि को बेहतर बनाने के लिए भी आवश्यक हैं।उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन में रहकर पूर्ण एकाग्रता के साथ खेलों को खेल भावना से खेलने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से हम जीवन में अनुशासन, समर्पण, एकाग्रता और स्वस्थ प्रतियोगिता जैसे गुण ग्रहण करते हैं और यह सभी गुण हमें जीवन में सफलता की ओर ले जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाकर नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी खेलों में भी अपना भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाडियों ने अपनी बेहतर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि खेलों से ही हम हार-जीत को सहज भाव से पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं।




# शिमला के बाद मंडी में मस्जिद पर बवाल

## विरोध में उतरे हिंदू संगठन और आम लोग, तीन घंटे के प्रदर्शन के बाद शांति बहाल

**अनिल शर्मा, मंडी**

सांस्कृतिक राजधानी छोटी काशी मंडी में मस्जिद के अवैध भवन निर्माण को लेकर हिंदू संगठनों सहित आम लोगों ने जुमे पर विरोध प्रदर्शन किया। सबसे पहले प्रदर्शनकारी सेरी चानणी पर जुटे और वहां पर लोगों को संबोधित करने के उपरांत चौहाटा, मोती बाजार, समखेतर, बालकरूपी बाजार, चौवाटा, भगवान मोहल्ला होते हुए गांधी चौक पहुंचे, जहां से मस्जिद के अवैध भवन निर्माण स्थल की ओर बढ़े।

प्रदर्शनकारियों की उग्रता देखते हुए प्रशासन ने पहले ही सकोडी पुल बस स्टॉप और कुसुम थियेटर के पास दोहरे बैरिकेड लगा उन्हें पाइपों से क्लब कर कर दिया था, जिस कारण प्रदर्शनकारी उन्हें हिला नहीं पाए। इसके साथ ही पुलिस ने तीन स्तरीय सुरक्षा प्रबंध किए हुए थे।

बता दें कि जैसे ही प्रदर्शनकारी बैरिकेड पर चढ़ने लगे तो पुलिस ने बिना चेतावनी दिए पानी की बौछारें शुरू कर दी, जिसमें एक लड़की बेहोश हो गई, जिसे तत्काल लोगों ने जोनल अस्पताल पहुंचाया। दूसरी तरफ जिलाधीश अपूर्व देवगन ने मोर्चा संभालते हुए प्रदर्शनकारियों से शांति की अपील करते हुए उन्हें समझाने की प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी डटे रहे। हालांकि प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद 3 घंटे तक प्रदर्शन जारी रहा। उसके बाद ही शांति बहाल हो पाई। (अनंत ज्ञान)

### भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने की पानी की बौछारें



### प्रशासन ने पहले ही लगा दी थी धारा 163

जिला मजिस्ट्रेट अपूर्व देवगन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत मंडी नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 मंगवाई, वार्ड नंबर 13 थनेहा, वार्ड नंबर 12 भगवान मोहल्ला, वार्ड नंबर 8 पैलेस-1, वार्ड 9 पैलेस-2, वार्ड नंबर 10 सुहड़ा मोहल्ला, वार्ड नंबर 11 समखेतर के क्षेत्र में बिना अनुमति के किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या अधिक व्यक्तियों का एकत्र होने, लाठी, खंजर, लाठी, भाले, तलवार, गैंती, फावड़ा आदि सहित घातक हथियार और शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाने संबंधी आदेश जारी किए थे।

### शांति की अपील

डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि प्रशासन अपना काम कर रहा है, लोग शांति बनाए रखें। नगर निगम के आयुक्त एचएस राणा ने मस्जिद पर नगर निगम की कार्रवाई को सार्वजनिक करते हुए शांति की अपील की और कहा कि कानून अपना काम करेगा।

### मस्जिद विवाद अब तक

1. **अक्तूबर** 2023 को घनश्याम पुत्र टोडरमल द्वारा नगर निगम को पत्र लिख कर मस्जिद के अवैध निर्माण की जानकारी दी।
2. **नगर** निगम ने निर्माण से पूर्व भवन मानचित्र की स्वीकृति के लिए कहा, लेकिन लंबे समय तक मानचित्र जमा नहीं किया गया।
3. **अक्तूबर** 2023 में मस्जिद के पदाधिकारियों द्वारा संशोधित नक्शा नगर निगम में जमा किया गया। जिसके नक्शे में अनेकों कमियां पाई गई।
4. **नगर** निगम ने संशोधन सहित एचपीटीसीपी के तहत पुनः मांगा मानचित्र। लेकिन मस्जिद की तरफ से नहीं आई कोई प्रतिक्रिया।
5. **जून** 2024 में पुनः निगम के अधिकारियों द्वारा मौका निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया कि अवैध रूप से और बिना सूचना के दो मंजिला भवन का निर्माण कर दिया गया है।
6. **नगर** निगम ने कड़ा संज्ञान लेते हुए कार्य तत्काल बंद करने का नोटिस जारी किया, परंतु जब निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो भारी मात्रा में निर्माण औजार व सामग्री जब्त किया गया।
7. **24** जुलाई 2024 से पूरे मामले की जांच आरंभ हुई और एक बार पुनः भवन को एचपीटीसीपी नियमों के तहत लाने के लिए आदेश किए गए, लेकिन मस्जिद कमेटी के पदाधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई गई।
8. **मस्जिद** कमेटी के पदाधिकारियों ने न मौके पर अवैध निर्माण दुरुस्त किया।

# प्राकृतिक खेती में प्रदेश अन्य राज्यों का कर रहा है मार्गदर्शन : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती पद्धति को अपनाने में गहरी रुचि ले रहे हैं और यह खुशी की बात है कि खेती की इस पद्धति को अपनाने में अन्य राज्य भी आगे आ रहे हैं। राज्यपाल आज जिला सोलन के डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में प्राकृतिक खेती के अंतर्गत सतत् खाद्य प्रणालियों को सक्षम बनाने में विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत बतौर मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

राज्यपाल ने देशभर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा प्रदान करने के लिए नौणी विश्वविद्यालय की प्रशंसा की। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में आचार्य देवव्रत की भूमिका की भी सराहना की।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में हिमाचल देश का अग्रणी राज्य है और प्रदेश में किसानों ने सफलतापूर्वक प्राकृतिक खेती पद्धति को अपनाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुराग ठाकुर दो दिवसीय हिमाचल प्रवास पर



**शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर भारतीय जनता पार्टी के विशाल सदस्यता अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत 14 सितंबर को जिला कांगड़ा व 15 सितंबर को जिला ऊना में विभिन्न कार्यक्रमों/ बैठकों के माध्यम से पार्टी के सदस्यता अभियान को धार देंगे। अनुराग ठाकुर जिला कांगड़ा में धर्मशाला के लायंस क्लब में सदस्यता अभियान की शुरुआत कर होटल धौलाधार में प्रेस वार्ता करेंगे। तत्पश्चात शाहपुर के कम्युनिटी हॉल में, राजा का तालाब गोपाल पैलेस (रेहन) में, धमेटा बाजार में, सदस्यता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे। रविवार को अनुराग जिला ऊना के ब्रह्मपुर के अमर पैलेस, चुरड़ु के कम्युनिटी हॉल व ऊना के भाजपा जिला कार्यालय में सदस्यता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे।

### विश्व हिंदू परिषद ने बंद करने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विश्व हिंदू परिषद ने पूरे हिमाचल के व्यापारियों से अपील की है कि शनिवार 14 सितंबर को प्रातः 10 से 12 बजे अपने-अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कर हिंदुओं के समर्थन में खुलकर आगे आएं। इसलिए शनिवार को सुबह 12 तक सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

### स्कूल से लौट रहा छात्र नाले में बहा, मौत

**नीरज शर्मा,घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशला बरड़ी के 12वीं कक्षा के एक छात्र की नाले में बहने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 17 वर्षीय शुभम पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी गांव सलौण मौंडल डाकघर हरलोग के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शुभम सुबह घर से स्कूल गया था। वही 3.00 बजे स्कूल में छुट्टी हुई, उस समय तेज बारिश हो रही थी। बच्चों को थोड़ी देर स्कूल में रोका गया ताकि बारिश के बाद घर जाएं। शुभम छुट्टी के बाद अपने दोस्त के साथ ही स्कूल में रुका था, लेकिन दोस्त बस से अपने घर जाता था, इसलिए वह स्कूल से निकल गया, जिसके बाद शुभम भी स्कूल से अकेला ही घर की तरफ चल पड़ा। स्कूल से कुछ दूरी पर एक एक नाला पड़ता है। बारिश तेज होने के कारण नाले में पानी उफान पर था। जैसे ही वह नाले को पार करने लगा तो उसमें बह गया। इस बात का पता तब चला, जब वह घर नहीं पहुंचा। इसके बाद परिजनों ने भी तलाश की। स्कूल के रास्ते में जब तलाश शुरू हुई तो शुभम का बैग नाले में 50 मीटर आगे मिला। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना प्रधान और पुलिस थाना घुमारवीं में दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और डिजास्टर टीम मौके पर पहुंची और शुभम की तलाश शुरू कर दी। देर रात तक उसे ढूंढा गया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। शुक्रवार सुबह शुभम का शव भुलस्वाय पंप हाउस के समीप सोली खड्ड में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल घुमारवीं में पहुंचाया, जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। डीएसपी घुमारवीं चंद्र पाल सिंह ने बताया कि बरड़ी स्कूल का एक छात्र नाले में बह गया हैं। देर रात तक उसे ढूंढा गया, लेकिन उसका पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह छात्र का शव पंप हाउस के समीप सोली खड्ड में मिला।

### बंबर ठाकुर के खिलाफ होगा मानहानि का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कांग्रेस नेता बंबर ठाकुर एक बार फिर विवादों में फसते नजर आ रहे है। नशे को लेकर बंबर ठाकुर ने मुख्यमंत्री को एक चिट्ठी लिखी जिसमें उन्होंने नेताओं के साथ-साथ पत्रकारों के भी नशा तस्करी के मामले में घसीट दिया। इसके बाद बिलासपुर जिला के पत्रकारों ने कांग्रेस नेता बंबर ठाकुर का बहिष्कार कर दिया। इस बात की पुष्टि भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं विधायक त्रिलोक जमवाल ने की। इस संदर्भ में सोशल में भी दो पत्र वायरल हुए है। बंबर ठाकुर ने अपने पत्र के पहले अंतरा में ही पत्रकारों को अपने निशाने पर ले लिया। पत्र में मुख्यमंत्री से बंबर ठाकुर कहा कि बिलासपुर जिला सहित सारे हिमाचल प्रदेश में चिट्टा के प्रयोग से हजारों बच्चों/युवाओं का जीवन तबाह होने के प्राय हर रोज समाचार मिल रहे हैं। प्रदेश के कुछ भाजपा नेता, कुछ पुलिस अधिकारी और कुछ पत्रकार यदि सरेआम चिट्टा तस्करों के पक्ष में उतर जाए तो सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि इस जानलेवा नशे पर अंकुश कैसे लगाया जा सकता है? इसके बाद बिलासपुर के सभी पत्रकारों ने जिलाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा, जिसमें पत्रकारों ने कहा की आपके संज्ञान में लाना है कि अभी हाल ही में सदर बिलासपुर के पूर्व विधायक ने नशीली दवाओं के खिलाफ एक रैली का आयोजन करते हुए एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें भाजपा नेताओं, पुलिस अधिकारियों और मीडिया कर्मियों की संलिप्तता का आरोप लगाया गया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसा करके राजनेता ने पूरे मीडिया पर आरोप लगाया है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए समस्त मीडियाकर्मी जिला मुख्यालय स्थित प्रेस कक्ष में एकत्र हुए और इस मामले को राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के समक्ष गंभीरता से उठाने का निर्णय लिया। इस बैठक में लोकतांत्रिक तरीका अपनाते हुए पूर्व विधायक, बंबर ठाकुर को प्रेस के समक्ष मामले को स्पष्ट करने के लिए बुलाया गया था, लेकिन वे नहीं आए। इसलिए मीडिया जगत राज्य सरकार से अनुरोध करता है कि उचित साक्ष्य के साथ दोषियों का पता लगाने को कहा जाए। यदि वह असफल होते हैं तो बिलासपुर मीडिया उनके खिलाफ दस करोड़ रुपए से अधिक की मानहानि का मुकदमा दायर कर कानूनी कार्रवाई करेगा।

# सुक्खू सरकार ने सत्यापन की प्रक्रिया क्यों बंद करवाई : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पिछली सरकार के समय प्रवासियों के सत्यापन और पंजीकरण की व्यवस्था को क्यों बंद किया? इस तरह की प्रक्रिया कानून सम्मत है और पूरे देश में होती है। इस विषय में सरकार के मंत्री द्वारा सदन में भी प्रश्न उठाया गया लेकिन इसका जवाब न मुख्यमंत्री दे रहे हैं और न ही प्रशासन दे रहा है।

कानून सम्मत तरीके से हर व्यक्ति की पहचान करने की प्रक्रिया को बंद करने के पीछे सरकार की मंशा क्या थी? यह भी मुख्यमंत्री को स्पष्ट करनी चाहिए। इस तरह की ढील दिए जाने के कारण ही ऐसी स्थिति आई है कि मंत्री को सदन के भीतर कहना पड़ रहा है कि हिमाचल में रहने वाला प्रवासी कौन है? कहां से आया है? क्या करता है? इसकी कोई जानकारी नहीं हैं। यह स्थिति ख़तरनाक है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हर भारतीय को देश के किसी भी कोने में जाकर रहने तथा बिना रोक-टोक व्यवसाय करने का अधिकार है। लेकिन सब कुछ विधि सम्मत तरीक़े से होना चाहिए। इसीलिए सुरक्षा एजेंसियों ने ऐसा मैकेनिज्म विकसित किया है कि हर व्यक्ति के बारे में उसके नियोक्ताओं को पता हो सके।

इसके लिए कहीं पर भी काम करने वाले लोगों का सत्यापन करवाया जाता है, चरित्र प्रमाण पत्र लिया जाता है, जिससे उस व्यक्ति की पहचान हो सके। सभी प्रदेशों ने मिलकर इसके लिए नीति, नियम और इंफ्रास्ट्रक्चर बनाए हैं।

# महिला का शव टैंक में मिला

**एके शर्मा, गलोड़ ।** तहसील के अंतर्गत उटप पंचायत के साहड़वी गांव में गांव की ही महिला का पानी के टैंक में शव मिला है। मृतका अंजना कुमारी की बेटी शिखाजो ने बताया कि उसकी मम्मी ने सुबह 6 बजे उसे तैयार करने के लिए गीजर आन कर दिया, लेकिन थोड़ी देर के बाद उसकी मां वहां नहीं थी।

जब उनकी माता उन्हें नहीं मिली तो उन्होंने इस बारे अपने ताया को जानकारी दी। बाद में इस गांव में महिला मंडल की प्रधान के घर में बने पानी के टैंक टैंक का ढक्कन खुला है तो पानी के ऊपर इस महिला का शव तैर रहा था ग्रामीणों ने इसकी सूचना गलोड पुलिस चौकी के प्रभारी को दी। (अनंत ज्ञान)

# राहुल वैश्विक स्तर पर लगातार कर रहे भारत की निंदा : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि राहुल गांधी ने विदेश में जाकर जो बयान दिया है कि हम एससी, एसटी के आरक्षण को खत्म करेंगे, इस पर कांग्रेस पार्टी ने चुप्पी साध ली है, जबकि उन्होंने दुनिया के सामने, मीडिया के सामने इस बात को कहा है। यानि दो प्रकार का चरित्र, दो प्रकार का चेहरा, भारत में आकर बार-बार पूछना कि तेरी जाति क्या है? कौन से संप्रदाय से आते हो? और विदेश में जाकर यह कहना कि हम भारत में आरक्षण को खत्म कर देंगे, इसके बारे में स्पष्टता होना नितांत आवश्यक है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर लगातार भारत की निंदा की जा रही है, यह बहुत चिंता की बात है। भारत के अच्छे गुणों को, भारत की अच्छाईयों को दुनिया के सामने रखने की बजाए भारत की कमजोरियों को और जो कमजोरियां नहीं भी है उनको केवल राजनीतिक रूप से इस्तेमाल करने के लिए विश्व के सामने परिलक्षित करना, यह और भी ज्यादा चिंता का विषय है, इसका कड़ा संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

# बच्चे के अपहरणकर्ता अमित राणा से जुड़े धर्मशाला वाहन चोरी के तार

## दूसरे आरोपी को अदालत ने 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

धर्मशाला से अगस्त को हुई कार चोरी की घटना के तार पठानकोट में बच्चे के अपहरण कांड के मुख्य आरोपी अमित राणा से जुड़ गए हैं। धर्मशाला पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल एक आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। बताते चलें कि 11 अगस्त को शीला चौक के पास से एक ट्रैवल कंपनी की इनोवा क्रिस्टा टैक्सी गाड़ी चोरी हो गई थी।

वहीं अब इस चोरी की वारदात को अंजाम देने में बच्चे के अपहरण कांड के मुख्य अभियुक्त अमित राणा की संलिप्तता का खुलासा हुआ है। अमित राणा इस ट्रैवल एजेंसी में कुछ समय पहले काम कर चुका था तथा वह जानता था कि ट्रैवल कंपनी के वाहनों की चाबी कहां रखी होती है। वहीं अमित राणा चाहता था कि वह कुछ पैसे इकट्ठे करें तथा दुबई चला जाए। लिहाजा उसने जोंटा गांव के रहने वाले केवल के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जब अमित राणा तथा केवल चोरी किए गए वाहन को ले जा रहे थे तो गग्गल तक उनके आगे एक मोटरसाइकिल रेकी कर रहा था तथा इसके बाद इस मोटरसाइकिल को गगल में खड़ा करके यह लोग आगे निकल गए। चोरी की गाड़ी को पंजाब तथा हरियाणा बॉर्डर पर किसी अन्य व्यक्ति को भेज दिया।

जितने में इस गाड़ी का सौदा हुआ था, खरीदने वाले व्यक्ति ने उतने पैसे नहीं दिए तो पैसों की कमी के चलते ही अमित राणा ने पैसों के जुगाड के लिए पठानकोट में बच्चे के अपहरण को अंजाम दिया। अब धर्मशाला पुलिस जल्द ही पठानकोट की जेल में बंद अमित राणा को पूछताछ के लिए धर्मशाला लेकर आएगी, जिसके बाद इस मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



"चोरी हुई कार को बरामद कर लिया गया है। मामले में आरोपी केवल को अदालत ने चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। इस मामले में पूछताछ की जा रही है ताकि इस मामले में संलिप्त अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जा सके।
**-वीर बहादुर, एसपी धर्मशाला**

### ऐसे हुआ खुलासा

चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद पंजाब पुलिस द्वारा अमित राणा को गिरफ्तार कर लिया गया तथा पठानकोट की जेल में बंद कर दिया गया। वहीं दूसरे आरोपी केवल को हटली में मारपीट के बाद घर में आग लगाने की घटना के बाद चुवाड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया। वहीं चुवाड़ी पुलिस थाने में दर्ज इस मामले का आरोपी केवल चंबा जेल में कैद था, जहां पुलिस की पूछताछ में उसने कार चोरी का राज उगला।

# पूर्व सैनिकों के लिए खोली जाए हेल्पलाइन विंडो

## पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा ने 12 जिलों के **जिला आयुक्तों** को लिखा पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**




संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओ आर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कै. जगदीश वर्मा ने कहा कि पूरे हिमाचल प्रदेश में लगभग 1,62,000 पूर्व सैनिक व वीर नारियां हैं। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में मंडी शहर के कैहनवाल क्षेत्र के दो पूर्व सैनिकों हवलदार नेत्र सिंह व सूबेदार कश्मीर सिंह की खनन करने वाले क्रशर मालिकों के आदमियों द्वारा बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया था तथा इसमें स्थानीय पुलिस की भी भूमिका पर सवाल उठाए गए थे।

इसके साथ ही देश में अन्य स्थानों पर भी पूर्व सैनिकों के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट आदि के केस बढ़ते हुए ही देखे जा रहे हैं। इसी के परिणामस्वरूप प्रदेश के पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा ने प्रदेश के 12 जिलों के आयुक्तों को पत्र लिखकर मांग की है कि वह हर जिले में जिला आयुक्त के कार्यालय में एक पूर्व सैनिक हेल्पलाइन विंडो की स्थापना कर उसमें एक नोडल अधिकारी की नियुक्त करें जो समयबद्ध तरीके से पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निपटारा कर सके। कैप्टन जगदीश वर्मा, महासचिव लेफ्टिनेंट रमेश कुमार तपवाल तथा कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने कहा कि यह पूर्व सैनिक सहस्त्र सेनाओं से संबंध रखते हैं तथा उनका कार्य दूसरी सेवाओं में सेवार्थ सिविल वर्कफोर्स की तरह 7 घंटे 40 मिनट ड्यूटी करके शाम को अपने घर को वापस आ जाने की तरह नहीं होती है। हर 3 वर्ष के बाद दूसरी जगह में बदली होते हैं।

अपने परिवारों से दूर रहकर समय के अभाव से अपने घरेलू कार्यों को समय नहीं दे पाते हैं जो कोई रेवेन्यू विभाग से जमीन के बंटवारे, निशानदेही अथवा अन्य विवाद आदि या फिर गांव पंचायत में, पीडब्ल्यूडी विभाग में, जल शक्ति विभाग तथा पुलिस आदि से संबंधित कार्य काफी लंबे समय से लंबित पड़े रहते हैं और जटिल प्रक्रियाओं के होते हुए वहां के स्टाफ मेंबर पूर्व सैनिकों को बार-बार चक्कर लगाने के लिए मजबूर कर देते हैं।

# सपनों को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहें युवाः अवस्थी

**अनंत ज्ञान, अर्की।** मुख्य संसदीय सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लोक निर्माण तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि महाविद्यालय स्तर की शिक्षा युवाओं को भविष्य का परिपक्व नागरिक बनाती है।

संजय अवस्थी आज राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अर्की में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि महाविद्यालय में युवा अपने भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में अग्रसर होते हैं।

उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि अपना लक्ष्य स्पष्ट रूप से निर्धारित करें और लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पण एवं परिश्रम को अपना साथी बनाएं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश के विकास की नींव है।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का जीवन सपनों का जीवन है और सभी युवाओं को यह प्रयास करना चाहिए कि अपने सपने को पूरा करने के लिए निरंतर परिश्रम करते रहें। जीवन में पहला कदम सबसे महत्वपूर्ण है।




**शुरुआत** पशुपालकों और पशुओं का ऑनलाइन अपलोड होगा डाटा, सभी प्रकार के पशुओं की होगी गणना

# 31 दिसंबर तक होगी प्रदेश में पालतू पशुओं की गणना

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



प्रदेश में पालतू पशुओं की 21वीं गणना 1 सितंबर से शुरू हो गई है जो कि 31 दिसंबर तक चलेगी। पशुपालन विभाग द्वारा अब ऑनलाइन माध्यम से पशुओं का डाटा तैयार किया जाएगा ताकि प्रदेश भर में किस प्रजाति व किस नस्ल के पशुओं का पालन पोषण पशुपालक कर रहे हैं।

हमीरपुर पशुपालन विभाग ने भी पालतु पशुओं की गणना के लिए खाका तैयार करके कार्यवाही शुरू कर दी है और पशुपालन विभाग ने पशुपालकों से पालतू पशुओं का सही डाटा देने की अपील की है ताकि पशुओं की सही गणना हो सके।

पशुपालन विभाग प्रदेशभर में गांव-गांव जाकर पालतू पशुओं की गणना कर रहा है। गांव में गाय, भैंस, भेड़, बकरी, कुत्ते व मुर्गियां आदि जो पशुपालकों ने अपने घरों में पाल रखे हैं उन सभी का ऑनलाइन डाटा मोबाइल ऐप में फीड किया जा रहा है। प्रदेश में कितने पालतू जानवर हैं इसका अब सही डाटा मिल सकेगा। हमीरपुर में भी पशुपालन विभाग के फार्मासिस्ट मैपिंग के जरिए गांव-गांव में सर्वे कर रहे हैं। सर्वे में घर के मुखिया का नाम, जाति, कहां तक पढ़े हैं इत्यादि भी अपलोड किया जा रहा है और घर में कौन-कौन पशु किस नस्ल के हैं यह सब ऑनलाइन फीड हो रहा है। प्रदेश भर में पशुओं की 20 वीं गणना वर्ष 2017-18 में की गई थी और अब छह वर्ष बाद दोबारा की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### हर पांच से छह वर्ष बाद की जाती है पशु गणना



हर 5 से 6 वर्ष बाद पशु गणना की जाती है। इसी तरह 21वीं पशु गणना पहली सितंबर से शुरू हो गई है जो की 31 दिसंबर तक चलेगी। हमारे जो जमीनी स्तर के पशु गणना के पशु औषधि योजक होंगे और उनके ऊपर जो पशु गणना का कार्य करेगा उनकी देख रेख पशु चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी करेंगे। राज्य स्तर के शिमला में नोडल अधिकारी है वो पूरे प्रदेश में जो गणना हो रही है उसकी देख रेख करेंगे। इन गणना के आंकड़ों से प्रदेश के लिए बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जो भी पोल्सी बनाई जाएगी, जिससे विभाग को वित्तीय सहायता किस तरह किया जाए उसमे इन आंकड़ों का बहुत सहयोग होगा।

**-डॉ अजय कुमार सिंह**
**(उप निदेशक, पशुपालन विभाग, हमीरपुर )**

## न्यूज ब्रीफ

### आर्य कॉलेज के वंश बने अंतरराष्ट्रीय कुराश कोच

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर के 19 वर्षीय बीए तृतीय वर्ष (अंग्रेजी विभाग) के छात्र वंश ने एक अंतरराष्ट्रीय कुराश कोच की उपलब्धि हासिल करके महाविद्यालय के साथ-साथ राज्य का भी नाम रोशन किया। वंश ने उज्बेकिस्तान गणराज्य के राज्य शारीरिक शिक्षा और खेल विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित तीन महीने के ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने इस प्रशिक्षण के लिए उज्बेकिस्तान का दौरा किया। उन्होंने वहां एक प्रवेश परीक्षा पास की और प्रशिक्षण कार्यक्रम में दाखिला लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद वे लिखित परीक्षा में शामिल हुए और उन्हें अंतरराष्ट्रीय कोच के रूप में आई के 'ए' लाइसेंस प्रदान किया गया। वह इस लाइसेंस को प्राप्त करने के बाद 'ए' स्तर के कोच लाइसेंस के लिए परीक्षा में बैठने के पात्र हैं। कुराश उज्बेकिस्तान के लोगों की एक राष्ट्रीय कुश्ती है।



### डाडासीबा में हुआ टैलेंट हंट प्रतिभा खोज कार्यक्रम




**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में शुक्रवार को टैलेंट हंट प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को जांचना था, ताकि उन्हें हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित होने वाले यूथ फेस्टिवल युवा समारोह में होने वाली विविध प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए तैयार किया जा सके। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व कामगार कर्माचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान विविध प्रतियोगिताओं जैसे समूह गान गजल एकल गायन एकल नृत्य लोक नृत्य आदि का आयोजन किया गया जिन में विद्यार्थियों ने बढ़कर भाग लिया और रंगारंग प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य जितेंद्र सिंह ने मुख्य अतिथि और साथ आए गण मान्य अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया मंच का संचालन प्रो दविंदर सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि सुरिंद्र मनकोटिया ने 11 हजार रुपए महाविद्यालय को विद्यार्थियों को जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु महाविद्यालय को दिए।

### करियाड़ा में हुआ उर्वरक विक्रेता प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, गरली।** करियाड़ा सोसायटी परिसर में शुक्रवार को इफको कांगड़ा द्वारा ब्लॉक परागपुर एवं देहरा की तमाम सहकारी समितियों के पदाधिकारियों के लिए नैनो उर्वरकों के उपयोग जागरूकता पर आधारित उर्वरक विक्रेता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 55 समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इफको की ओर से राज्य विपणन प्रबंधक भुवनेश पठानिआ एवं इफको के डेलिगेट एवं हिमफेड निदेशक करण ओबेरॉय सहित कृषि विभाग से देहरा खंड के विषय वाद विशेषज्ञ डॉ. अरविंद चहल एवं परागपुर खंड से डॉ. रिशु धीमान व इफको के क्षेत्र अधिकारी श्रेय सूद सहित परविंदर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को नैनो यूरिया एवं हाल ही में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत नैनो डीएपी पर विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई।

# एक्साइज विभाग ने बिना बिल के सामान के साथ पकड़ी ई-कॉमर्स कंपनी की तीसरी गाड़ी

## बिना जीएसटी प्रदेश में पहुंच रहा सामान, 22 दिन में बिना टैक्स सामान का तीसरा मामला

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

दुनिया की नामी ई-कॉमर्स कंपनियां ऑनलाइन शॉपिंग को लेकर देश तथा प्रदेश में राजस्व का खासा चूना लगा रही हैं। वहीं, धर्मशाला के आबकारी विभाग ने सतर्कता दिखाते हुए इसका पर्दाफाश कर ऐसी बड़ी कंपनियों पर नकेल कसने की शुरुआत कर दी है।

खास बात यह कि अब तक पकड़े गए तीनों वाहन अलग-अलग कंपनियों के हैं। ऐसे में साफ है कि ये बड़ी कंपनियां राजस्व को खूब चूना लगा रही हैं। सामान की बिना जीएसटी बिल ऑनलाइन डिलीवरी करने वाली कंपनियों पर पिछले करीब 22 दिनों में तीसरी कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी सुनील पठानिया, स्वराज ठाकुर, प्रदीप सिंह तथा मनोज ठाकुर ने ई-कॉमर्स कंपनी की डिलीवरी ले जा रहे एक वाहन का निरीक्षण किया तो कुछ आइटम बिना बिल पाई गईं। इसके बाद उक्त वाहन को फिलहाल कब्जे में लेकर मामले में जांच की जा रही है।

बताते चलें कि प्रदेश में ई-कॉमर्स कंपनियों के ऑनलाइन सामान बेचने के मामले में अनियमितताओं का तीसरा मामला उजागर करने में यह तीसरी बड़ी सफलता धर्मशाला के एक्साइज विभाग को मिली है। इससे पहले 21 अगस्त को एक नामी कंपनी के वाहन में 1019 आइटम बिना बिल के पाई गई थीं, जिसके बाद धर्मशाला के एक्साइज विभाग ने कंपनी पर 116613 रुपए का जुर्माना लगाया था। इसके करीब 15 दिनों के बाद एक अन्य नामी कंपनी की दूसरी गाड़ी बिना बिल पकड़ी गई थी तथा 3.98 लाख रुपए के जुर्माने का नोटिस कंपनी को भेजा गया है।

करीब एक सप्ताह बाद यह तीसरा मामला है, जब बिना बिल के सामान के साथ एक नामी ई-कॉमर्स कंपनी के वाहन को पकड़ा गया है। इस मामले में भी कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को काफी सामान बिना जीएसटी टैक्स के भेजा गया है। (अंनत ज्ञान)

### क्या कहते हैं विभाग के उपायुक्त प्रदीप शर्मा



**इस** बारे में जानकारी देते हुए एक्साइज विभाग के धर्मशाला स्थित उपायुक्त प्रदीप शर्मा ने बताया कि 21 अगस्त से लेकर बिना बिल के भेजे गए सामान की तीसरी गाड़ी को राज्य कर एवं आबकारी विभाग धर्मशाला की टीम ने पकड़ा है। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त के मामले में 116613 रुपए का जुर्माना लगाया गया था तथा इसके बाद पकड़े गए वाहन को लेकर संबंधित कंपनी को 3.98 लाख रुपए के जुर्माने का नोटिस भेजा गया है। उन्होंने बताया कि गत रोज अब तीसरे मामले में एक अन्य नामी कंपनी की गाड़ी को पकड़ा गया है, जिसमें आरंभिक जांच में कुछ सामान बिना बिल के पाया गया है तथा इसकी जांच के लिए अब कंपनी के अधिकारियों को तलब किया गया है। उन्होंने बताया कि कंपनी के अधिकारियों के आने के बाद पूरे सामान की जांच के बाद इस मामले में जुर्माना तय किया जाएगा।

### पहले पकड़े वाहन को लेकर कंपनी को भेजा 4 लाख रुपए का नोटिस

### नगरोटा में 16 को लगेगा रोजगार मेला

**धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि सीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट जालंधर द्वारा ओबीसी भवन नगरोटा बगवां में 16 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में बजाज मोटर्स, जस्ट डायल, एयरटेल, टेक महिंद्रा, पेटीएम जैसी नामी कंपनियां भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में लगभग 1500 पदों के लिए भर्तियां की जाएंगी। इन पदों को भरने के लिए शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास या उससे अधिक रखी गई है। इसमें 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु तक के युवा भाग ले सकते हैं। कंपनियों द्वारा 2.30 लाख से 6 लाख प्रतिवर्ष वेतन दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों व पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ 16 सितंबर सुबह 9 बजे ओबीसी भवन नगरोटा बगवां पहुंचकर उक्त कंपनियों के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कापी व अनुभव प्रमाणपत्र (यदि हो) साथ लेकर आएं।

## स्टार्टअप से जोड़कर सशक्त बनाए जाएंगे कमजोर वर्ग : रामदास अठावले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि समाज के सबसे वंचित वर्गों को स्टार्टअप से जोड़कर सशक्त बनाया जाएगा। इसमें विशेष रूप से अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य हाशिए पर पड़े समुदायों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने मैक्लोडगंज में आयोजित एशिया पैसिफिक सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में कहा कि सहकारी आर्थिक ढांचा, जो साझा जिम्मेदारी और सामूहिक विकास पर जोर देता है, इन चुनौतियों का एक परिवर्तनकारी समाधान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज हम इस मंच पर 500 स्टार्टअप शुरू करने के लिए एक मिशन पर निकल पड़े हैं जो एससी/एसटी और समाज के वंचित वर्गों को लक्षित करेंगे।

### जूते मारो आंदोलन किया जाएगा शुरू

**धर्मशाला।** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरक्षण को लेकर दिए बयान पर केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने नाराजगी जताई। उन्होंने ऐलान किया कि राहुल गांधी के आरक्षण को लेकर दिए बयान के खिलाफ दलित समुदाय की ओर से जूते मारो आंदोलन शुरू किया जाएगा। हाल ही में अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने आरक्षण को लेकर यह बयान दिया था।

### प्रवासियों को लेकर व्यापार मंडल कांगड़ा एसडीएम को सौंपेगा ज्ञापन

**कांगड़ा।** कांगड़ा व्यापार मंडल की अहम बैठक नगर परिषद कार्यालय संपन हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि आगामी समय में व्यापार मंडल द्वारा एसडीएम कांगड़ा को कांगड़ा में बढ़ती प्रवासियों की संख्या को लेकर एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं, 14 सितंबर को कांगड़ा बाजार खुला रहेगा। जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि 14 सितंबर को कांगड़ा का बाजार खुला रहेगा। इस पर आने वाले दिनों में इस तरह का कदम उठाने की बात पर सहमति बनी। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल द्वारा स्थानीय प्रशासन से मांग की गई कि जिन लोगों ने बाहरी राज्यों के लोगों को अपनी दुकानें या घर किराए पर दिए है उन्हें एग्रीमेंट देखे जाने के साथ दुकान या मकान मालिक को उन लोगों की जिम्मेदारी लेने की बात कही जाए। इस बैठक में शहर के तमाम व्यापारियों ने भाग लिया।

## हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

### हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर कवियों ने रचनाएं सुनाकर जमाया रंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जिला भाषा अधिकारी अमित गुलेरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग कांगड़ा द्वारा हिंदी में बेहरीन कार्य करने के लिए जिला सांख्यिकी विभाग तथा जिला खाद्य नियंत्रक विभाग की अधीक्षक शालिनी को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए लोक संपर्क विभाग के प्रचार सहायक अंकुश तथा प्रवीण कुमार सैनिक कल्याण विभाग को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि एसडीएम संजीव भोट ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट भाषा है तथा सरकारी कार्यालयों में हिंदी को बढ़ावा दिया जाना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा का तेजी से प्रचार प्रसार सुनिश्चित हो रहा है तथा युवाओं को देश की भाषा के प्रति लगाव होना जरूरी है। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुशील कुमार फुल्ल ने भी हिंदी भाषा के विभिन्न आयामों तथा उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

डॉ. गौतम व्यथित ने भी हिंदी के उन्नयन व विकास हेतु कारगर पग उठाए जाने पर बल देते हुए हिंदी भाषा वर्तमान समय की आवश्यकता है तथा हिंदी भाषा को अंगीकार करने के लिए समाज आगे बढ़ सकता है।

इस अवसर पर कवियों ने सामाजिक समस्याओं तथा हिंदी भाषा की उपयोगिता पर आधारित रचनाएं सुनाकर खूब रंग जमाया।

### ज्वालामुखी में हर्षोल्लास से निकली गणेश की सवारी, लोगों ने नाच-गाकर दी विदाई

## गणपति बप्पा मोरया से गूंजा चिहड़ू ब्यास नदी में किया मूर्ति विसर्जन

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**



ज्वालामुखी के चिहड़ू गांव में हर्षोल्लास से गणपति बप्पा मौर्या के जयकारों के साथ विधिवध पूजा-अर्चना करते हुए गणेश उत्सव के समापन लोगों नें नाच-गाकर बप्पा को विदाई दी। रामेश्वर चौधरी के घर में 7 दिन गणेश उत्सव व भजन-कीर्तन चला।

हर साल की तरह इस साल भी गणपति की मूर्ति स्थापना गणेश चतुर्थी पर की गई थी और शुक्रवार को ब्यास नदी के पवित्र जल में श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते और एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए गणपति मूर्ति का विसर्जन किया। इस अवसर पर स्थानीय निवासी रामेश्वर चौधरी ने बताया कि गणपति बप्पा के जयकारों के साथ ब्यास नदी में हर साल की तरह मूर्ति विसर्जन किया गया। गणपति विसर्जन के लिए स्थानीय निवासियों ने नाच-गाकर हर्ष, उल्लास व गुलाल लगाकर गणपति को विदाई दी और फूल बरसाए। सभी श्रद्धालुओं ने गणपति भगवान से प्रार्थना कि सभी भक्तों पर असीम कृपा बनाए रखें। कहा कि अगले वर्ष भी गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### 18 सितंबर को लगेगी मेला ग्राउंड की बोली

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर के तीन दिवसीय राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव में आयोजित होने वाले मेले में लगने वाली दुकानों के लिए मेला ग्राउंड की बोली 18 सितंबर को एसडीएम कार्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। दशहरा कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम संजीव ठाकुर ने बताया कि जयसिंहपुर चौगान के 6000 वर्ग फीट हिस्से के लिए यह बोली लगाई जाएगी । एसडीएम ने बताया कि इस बोली में भाग लेने के इच्छुक बोली दाता को धरोहर राशि के रूप में दो लाख रुपए नकद या बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा करवाने होंगे। एसडीएम ने बताया कि मेला ग्राउंड के आवंटन के लिए रिजर्व प्राइस 20 लाख रखा गया है और उसी से यह बोली शुरू होगी। सफल बोली दाता को सारी राशि उसी दिन शाम 5 बजे तक जमा करवानी होगी। बोली दाता के राशि जमा न करवाने पर दूसरे सर्वाधिक बोली लगाने वाले बोली दाता को यह बोली दे दी जाएगी।

## स्कूल बसों में सड़क सुरक्षा नियमों का किया निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

रोड सेफ्टी नियमों का पालन करने की विशेष मुहिम के चलते तहसीलदार कांगड़ा मोहित रत्न ने समस्त टीम के साथ मिलकर जमानाबाद (कांगड़ा) में स्कूल बसों को रोककर उनके द्वारा रोड सेफ्टी नियमों को लेकर निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने बस ड्राइवर और कंडक्टर के लाइसेंस, स्कूल बस के सभी जरूरी दस्तावेज, बस में कैमरा, जीपीआरएस, फर्स्ट एड किट, फायर एक्सटिंग्विशर और बच्चों की लिस्ट आदि की जांच की। जिन स्कूल बसों में कमी पाई गई उन्हें आज चेतावनी देखकर कमियां पूरी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मौके पर बस में मौजूद स्कूल के बच्चों को भी रोड सेफ्टी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मौके पर बस ड्राइवर और कंडक्टर को सारी कमियां स्कूल प्रशासन के साथ मिलकर पूरा करने के निर्देश दिए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरवाना**
विकास खंड पंचरुखी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

आज की ग्राम पंचायत बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्राम पंचायत भरवाना में 15वां वित्त आयोग मद के तहत दो वाटर कूलर लगाए जाने हैं इसलिए वाटर कूलर खरीदने के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 20.09.2024 को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत भरवाना में सभी सदस्यों के समक्ष खोली जाएंगी। सामग्री का विवरण निम्न हैः-

| क्रं.सं. | वस्तु का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | 20 लीटर, 40 लीटर, 60 लीटर व 80 लीटर वाटर कूलर पूर्ण सामग्री व स्थापित (इंस्टालेशन) करने सहित। | प्रति पीस |

**नियम व शर्तेंः-** इच्छुक विक्रेता/फर्म के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य है और प्रोडक्ट आईएसआई प्रमाणित होना अनिवार्य है। निविदाएं दिनांक 20.09.2024 प्रातः 10.30 बजे तक पंजीकृत डाक द्वारा व स्वयं पंचायत सचिव या प्रधान के पास बंद लिफाफे में जमा करवा सकते हैं। सप्लाई ऑर्डर की आपूर्ति व इंस्टालेशन करवानी होगी।

**प्रधान ग्राम पंचायत भरवाना**
**विकास खंड पंचरुखी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

### शाहपुर में आज आयोजित होने वाले भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर की बैठक



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** शनिवार को शाहपुर में होने वाली शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर के सदस्यता अभियान कार्यक्रम की बैठक सदस्यता अभियान प्रभारी व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा की अध्यक्षता में शाहपुर विश्राम गृह में संपन्न हुई। इस बैठक में पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

## धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा को नेता जी सुभाष चंद्र बोस वैश्विक नेतृत्व अवॉर्ड से नवाजा



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** मैक्लोडगंज में एशिया पैसिफिक सम्मेलन में आयोजकों ने धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा को नेता जी सुभाष चंद्र बोस वैश्विक नेतृत्व अवॉर्ड 2024 से नवाजा। कार्यक्रम में सुधीर शर्मा ने शिमला में मस्जिद के विवाद पर कहा कि इस तरह के विवाद नहीं होने चाहिए, बल्कि प्रदेश सरकार की इस मामले में ढील रही है क्यों की सरकार मुद्दे को समझ नहीं पाई, इसके बाद यह विवाद उत्पन हुआ है और इस मामले में सिविल सोसाइटी के लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ा । इस मामले को सुलझाने के लिए मुख्यमंत्री को स्वयं जाना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय लोगों पर वाटर गन का इस्तेमाल किया गया और लाठी चार्ज किया गया जो कि गलत है। सुधीर शर्मा ने कहा की घायल लोगों को अस्पताल में ले जाने के लिए गाडियां भी नहीं थी। प्रशासन के सामने अगर कोई पांच मंजिला ढांचा खड़ा कर रहा है तो प्रशासन कहां से रहा होता है।

**जागरूकता** ग्राम पंचायत बरवाला में पोषण माह के तहत जागरूकता शिविर का किया आयोजन

## पोषण के लिए खान-पान के साथ स्वच्छता भी जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बाल विकास परियोजना अधिकारी रमेश जागवान ने बताया कि महिला एवं बाल विकास परियोजना धर्मशाला के द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत बरवाला में पोषण माह के तहत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

धर्मशाला नगर निगम के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए पोषण के महत्व बारे लोगों को बताया। उन्होंने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज स्वस्थ तभी बनेगा जब परिवार स्वस्थ होंगे तथा परिवार के अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पोषण के लिए खान-पान के साथ स्वच्छता भी बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों को घर में और आस-पड़ोस में सफाई रखने तथा सही समय पर बच्चों, किशोरियों और महिलाओं को भोजन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कुपोषण और एनिमिया आज के युग में हमारे सबसे बड़े शत्रु हैं। इसको हराने के लिए सबके प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने विभाग को पोषण माह के तहत सभी जरूरी जानकारियां लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे भी लोगों को बताया।




इस कार्यक्रम में महिलाओं की रक्त जांच भी की गई। कार्यक्रम में नगर निगम धर्मशाला के पार्षद अनुराग, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरभजन चौधरी, प्रधान ग्राम पंचायत बाघनी सुरेश, स्थानीय पंचायत प्रधान गुरबख्श, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### लेफ्टिनेंट बनी दो बेटियों का किया सम्मान



**अनंत ज्ञान, रंगस।** बेटियां पढ़ रही हैं। वे हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मंत्री, आईएएस, पीसीएस, भारतीय सेना, बड़ी-बड़ी कंपनियों की सीओज, खेल जैसे तमाम क्षेत्रों में विजय के साथ इन पदों को सुशोभित कर रही हैं। यह बात जोलसप्पड़ पंचायत की प्रधान मीना कुमारी ने कोहला पलासड़ी की दीक्षा व सनकर गांव की शिवानी के सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरक्त करते हुए कही। गौरतलब है कि यह दोनों बेटियां सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुई हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा से जीवन का हर अंधियारा खत्म हो सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों ही बेटियों ने पंचायत सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर दोनों बेटियों को पंचायत सदस्यों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्नल मनोहर सिंह और पूर्व प्रधान उधोराम ने भी दोनों बेटियों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी तथा अन्यों को उनसे सीख लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर पंचायत सचिव विनय बन्याल, उपप्रधान संतोष कुमार, वार्ड सदस्य केहर सिंह, धनी राम, दोनों बेटियों के परिजन सरिता देवी, रेनू कुमारी, तारो देवी, विपन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### गौना में शिक्षकों ने सीखे उद्यमिता के गुर



**अनंत ज्ञान, नादौन।** गौना में स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित पांच दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट क्लासेज (ईएमसी) संपन्न हो गई। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों के कुल 55 टीजीटी एवं पीजीटी शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला के समापन अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर के प्रधानाचार्य मदन लाल बन्याल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020) में उद्यमिता एक महत्वपूर्ण घटक है और इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिम्मा वैल्यूर फैबटेक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने लिया है। इसे स्टार (स्ट्रेंथनिंग टीचिंग, लर्निंग एंड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स) ने भी अनुमोदित किया है। कार्यशाला में संवाद सत्रों और प्रेक्टिकल गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों ने उद्यमिता की तकनीकों को समझा। समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश और वैल्यूर फैबटेक्स के अधिकारियों ने कार्यशाला की सफलता पर खुशी जताई और इसे हिमाचल प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान भविष्य में भी ऐसी कार्यशालाओं के आयोजन का संकल्प लिया।

### भोरंज में वॉलीबाल प्रतियोगिता 14 अक्तूबर से

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज के तहत अंतर-महाविद्यालय वॉलीबाल (छात्रा-वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय भोरंज में 14-15 अक्तूबर को किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की खेल परिषद की वार्षिक बैठक का आयोजन हिप्र विश्वविद्यालय में 10-11 सितंबर को किया गया। इस बैठक में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर, सहायक प्राध्यापक शारिरिक शिक्षा डॉ. वीरेंद्र ठाकुर ने भाग लिया। भोरंज क्षेत्र के युवाओं में वॉलीबाल खेल के लिए जुनून देखते ही बनता है। प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर ने राजकीय महा विद्यालय में इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया। सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए निदेशक शारीरिक शिक्षा एवं खेल हिप्र विश्वविद्यालय ने राजकीय महाविद्यालय भोरंज को इस खेल के आयोजन के लिए चुना है। इससे पूरे भोरंज क्षेत्र में खुशी की लहर है तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उत्साहित हैं। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए शीघ्र ही महाविद्यालय में विभिन्न समितियों का गठन किया जाएगा।



### हमीरपुर के वार्ड 4 में लगाई पोषण चौपाल



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बाल विकास परियोजना हमीरपुर के सौजन्य से वृत्त हमीरपुर.2 के वार्ड नंबर 4 में पोषण माह के दौरान पोषण चौपाल लगाई गई, जिसकी अध्यक्षता वृत्त पर्यवेक्षक एवं संरक्षण अधिकारी प्रदीपकुमार चौहान ने की। उन्होंने बताया कि पोषण माह के दौरान प्रतिदिन विषय तथा गतिविधि आधारित कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, जिनमें पोषण चौपाल भी शामिल हैं। पर्यवेक्षक ने कहा कि पारंपरिक हिमाचली व्यंजन पौष्टिक गुणों से भरपूर होते हैं और कभी ये हमारे भोजन की थाली का अहम हिस्सा हुआ करते थे, लेकिन आज की पीढ़ी इनसे दूर होती जा रही है। इन पारंपरिक एवं पौष्टिक व्यंजनों को अपने दैनिक आहार में शामिल करके हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय महिलाओं ने सीराए बबरूए खीरए पतोड़े और अंकुरित चना व दाल की चाट भी प्रदर्शित कीं। इस दौरान बेटी है अनमोल योजना के तहत स्थानीय नन्हीं बेटी साल्वी का जन्मोत्सव मनाया गया तथा मां-बेटी को बधाई संदेश देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी लोगों को बेटीञ्-बेटा एक समान का संदेश भी दिया गया।

### हिम अकादमी में बाल कवियों ने खूब बटोरी तालियां



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरा नगर में चल रहे हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत 'हिंदी दिवस' पर छात्रों को हिंदी भाषा के महत्व को समझाने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसमें समूह गान, भाषण, लघु नाटिका एवं बाल कवि गोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। बाल कवि गोष्ठी कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं, जिनकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम समन्वयक ऊमा शर्मा, विनोद शर्मा, पूनम चैहान, सुमन ठाकुर, रूचिका, प्रेम लता व इवेंट मैनेजर चंद्र किरण रहे। प्राचार्या शशि बाला ने पाक्षिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए छात्रों व अध्यापकों को बधाई दी।

### स्वच्छता अभियान के तहत निकाली रैली



**हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंबलू में एनएसएस के स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान के तहत रैली निकाली और रास्ते की सफाई भी की।

# बफड़ी पंचायत में फैला डायरिया विभाग ने लिए पानी के सैंपल

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया गांव का दौरा, आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में 15 मरीज उपचाराधीन

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

बफड़ी पंचायत में एक बार फिर से डायरिया ने दस्तक दे दी है। हरनेड़, बफड़ी और कौहीं गांव के लोग बुखार और पेट दर्द और ऐंठन महसूस कर रहे थे, जिसके चलते वीरवार को आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में 7 मरीज अपनी जांच करवाने के लिए आए थे। इनमें से 5 को दाखिल किया गया था और दो मरीजों को घर भेज दिया था। शुक्रवार को भी 8 मरीजों को अस्पताल में दाखिल किया है, जिनमें डायरिया के लक्षण मिले हैं। आयुर्वेदिक अस्पताल में पिछले दो दिनों से 15 मरीज डायरिया के सामने आ चुके हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है।



अस्पताल में उपचाराधीन डायरिया के मरीज।

बता दें कि डायरिया के मरीज सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है और शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी गांव का दौरा किया है। गांव के लोगों ने बताया कि गांव में सुजानपुर से आने वाली पेयजल योजना से पानी आता है। वहीं, जल शक्ति विभाग ने एहतियात के तौर पर शुक्रवार को इन गांवों में पानी की आपूर्ति नहीं की गई है।

पानी के टैंकों में पानी नहीं है और पानी के सैंपल लेकर इनकी जांच की जा रही है। फिलहाल अभी तक परिवार में से किसी एक सदस्य में ही डायरिया के लक्षण मिले हैं, पूरा परिवार डायरिया से पीड़ित नहीं है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी गांव के लोगों से बात कर इस समस्या का सुलझाने का प्रयाय किया जा रहा है। करीब चार महीने पहले भी ऐसे ही डायरिया के मामले सामने आए थे। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहा प्रधान ने

ग्राम पंचायत बफड़ी की प्रधान मलका देवी ने बताया कि बफड़ी, हरनेड़ और कौहीं गांव में कुछ मामले आए हैं। उन्होंने बताया कि इस बारे में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को भी सूचना दे दी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में जाकर जांच की है।

### क्या बोले अधिशाषी अभियंता

जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेश धीमान ने बताया हरनेड़ गांव के लिए मल्टीविलेज पेयजल योजना जो लंबलू में है, उससे पानी की आपूर्ति की जाती है। उन्होंने बताया कि इस योजना से 15-16 पंचायतों में पानी की आपूर्ति की जाती है। उन्होंने बताया कि गांव में 5 से 6 मरीज डायरिया के हैं, लेकिन अन्य गांवों में भी डायरिया के कोई मरीज नहीं है। उन्होंने बताया कि लोग कैसे बीमार हुए, इसके बारे में पता लगाया जा रहा है।

# परिवार के सही पोषण में महिलाओं की भूमिका सर्वोपरि : अनिल कुमार



गांव रोपड़ी में पोषण माह के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण माह के तहत बाल विकास परियोजना टौणी देवी के अंतर्गत ग्राम पंचायत चारियां दी धार के गांव रोपड़ी में जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने पोषण माह आयोजन के सभी मुख्य विषयों जैसे-शारीरिक विकास मापन, सही पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, प्रौद्योगिकी आधारित पारदर्शिता एवं पर्यावरण संरक्षण से लोगों को अवगत करवाया।

उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की नींव होती हैं। उन्हें भोज्य पदार्थों में पोषक तत्वों की जानकारी होना बहुत जरूरी है, तभी एक परिवार और एक गांव कुपोषण मुक्त हो सकता है। इस अवसर पर स्थानीय लोगों को भूले-विसरे स्थानीय व्यंजनों की फिर से याद करवाते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप चौहान ने कहा कि आज की व्यस्त जिंदगी में हम लोग अपने स्थानीय व्यंजनों को भूल कर बाजार के फास्ट फूड को अपने खानपान में शामिल करके खुद ही बीमारियों को आमंत्रण दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे घर में बने पोषक तत्वों से भरपूर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को भूल कर बाजार की चीजों पर ही निर्भर हो गए हैं, जिससे वे युवावस्था में ही मोटापे, डायबिटीज एवं कई अन्य रोगों का शिकार हो रहे हैं। शिविर के दौरान स्थानीय महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई।

# एनएच-3 पर दलदल में फंसा ट्रक, तीन घंटे लगा रहा जाम

**टौणी देवी, संजीव चौहान**



निर्माणाधीन एनएच 3 में आज टौणी देवी तहसील के पास रेता से भरा हुआ ट्रक धंस गया, जिससे दोपहर 2 बजे से साढ़े चार बजे तक जाम लगा रहा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छोटे वाहनों के लिए रास्ता खुलवा दिया।

इसके बाद ट्रक को अनलोड कर पोकलेन कि मदद से हटाया गया, तब कहीं 5 बजे के बाद यातायात बहाल हो पाया। बताते चलें कि निर्माण कंपनी द्वारा बरसात में मिट्टी से गड्ढों को भरा जा रहा है, जिससे वाहन चालकों को तो परेशानी आ रही है, वहीं पैदल चलना इस पर दुश्वार हो गया है। बारी मंदिर बराड़ा व संगरोह के पास हालत बद से बदतर है। आज लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूली बच्चे पैदल घर जाते हुए दिखे। लोगों में बेहद रोष है और उनका कहना है कि मिट्टी कर बजाए बजरी से खड्डों को भरा जाए, ताकि ऐसी परेशानी दोबारा न हो।

### आज व्यापार मंडल की पुलिस अत्याचार के खिलाफ आक्रोश रैली

**एसके ठाकुर, बड़सर।** शिमला की चिंगारी हमीरपुर में भी पहुंच गई है। शिमला में हिंदुओं पर हुए अत्याचार के विरोध में बिझड़ी व्यापार मंडल आक्रोश रैली निकालेगा। बिझड़ी, शिमला और मंडी में हिन्दुओं पर किए गए अत्याचार के विरोध में व्यापार मंडल बिझड़ी और समस्त हिंदू संगठनों ने 14 सितंबर को कुआं चौक से मंडी चौक बिझड़ी तक आक्रोश रैली निकालने का निर्णय लिया गया है।

बिझड़ी बाजार व्यापार मंडल के प्रधान रणजीत सिंह बब्बी ने बताया कि शनिवार को सुबह 10 से 12बजे तक बाजार बंद रहेगा और रैली निकाल शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध प्रकट किया जाएगा।

# किसानों के लिए काफी मददगार एफपीओ

## बीज, खाद और कीटनाशकों इत्यादि की डीलरशिप लेकर करवा सकते हैं बचत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला में गठित किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को मजबूती प्रदान करने के लिए कृषि उपनिदेशक कार्यालय हमीरपुर में बैठक आयोजित की गई। उपनिदेशक डॉ. शशिपाल अत्री की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला के आठ एफपीओ ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. शशिपाल अत्री ने सभी पंजीकृत संगठनों के पदाधिकारियों से बीज, जैविक एवं रासायनिक खादों, कीटनाशकों और कृषि मंडी का लाइसेंस बनाने की अपील की।

उन्होंने बताया कि बीज और दवाइयों की डीलरशिप लेकर एफपीओ किसानों की काफी बचत करवा सकते हैं। इससे बीज के मूल्यों पर 8 से 15 प्रतिशत तक और दवाइयों पर 30 से 35 प्रतिशत तक की बचत हो सकती है। बैठक के दौरान उपनिदेशक ने संगठनों को लाइसेंस भी प्रदान किए।

उन्होंने बताया कि किसान उत्पादक संगठनों का गठन सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें लघु एवं सीमांत किसानों को संगठित करके एफपीओ बनाए जाते हैं। इनके माध्यम से किसानों को बीज, कृषि औजार, कीटनाशक एवं फफूंद नाशक दवाइयों, जैविक व रासायनिक खादों को उपलब्ध करवाने के साथ-साथ तकनीकी सेवाओं, प्रसंस्करण और विपणन तक खेती के लगभग सभी पहलुओं को भी कवर किया जा सकता है। किसानों द्वारा उगाई गई फलों, सब्जियों, दूध, खाद्यान्नों और पौष्टिक अनाजों का मूल्यवर्धन करके बाजार में अच्छी कीमत दिलवाने में भी एफपीओ काफी मददगार साबित हो सकते हैं।

बैठक में भूतपूर्व कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेश धीमान ने भी एफपीओ के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया। आतमा के परियोजना निदेशक डॉ. नितिन शर्मा ने किसानों के लिए चलाई जा रही प्राकृतिक खेती पर आधारित योजनाओं से संगठनों को अवगत करवाया। कृषि विकास अधिकारी किरण बाला ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

# पीजीटी प्रवक्ता के पदों के लिए हुआ साक्षात्कार

## पूर्व सैनिक रोजगार विभाग ने किया पैनल तैयार, प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 10 पूर्व सैनिक

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

पूर्व सैनिक रोजगार विभाग हमीरपुर में पीजीटी प्रवक्ता के पदों पर साक्षात्कार का आयोजन किया गया। साक्षात्कार में हिमाचल के विभिन्न जिलों के 10 पूर्व सैनिक पहुंचे। पूर्व सैनिक रोजगार विभाग की ओर से इनके प्रमाण पत्रों की जांच करने के उपरांत योग्य पूर्व सैनिकों का पैनल तैयार किया गया।



पूर्व सैनिक रोजगार विभाग में साक्षात्कार का आयोजन।

पैनल में शामिल हुए पूर्व सैनिकों को भविष्य में योग्यता के आधार पर शिक्षा विभाग में नौकरी दी जाएगी। शुक्रवार को हिमाचल के सभी जिला के योग्य पूर्व सैनिकों को स्क्रीन टेस्ट में भाग लेने के लिए बुलाया गया था। पीजीटी कॉमर्स, पीजीटी ज्योग्राफी, पीजीटी फिजिक्स, पीजीटी केमेस्ट्री और टीजीटी बायोलॉजी के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। स्क्रीनिंग टेस्ट के बाद योग्य पूर्व सैनिकों का पैनल तैयार तैयार करने के बाद इन्हें चरणबद्ध तरीके से नियुक्ति की जाएगी। पूर्व सैनिक कल्याण निदेशालय के माध्यम से पूर्व सैनिक कोट के आधार पर सरकारी विभागों में पद भरे जाते हैं। सभी विभागों में पूर्व सैनिकों का कोटा पहले से ही तय है, इसी के आधार पर पद मिलते हैं और फिर योग्य पूर्व सैनिकों की वहां तैनाती की जाती है।

### योग्य पूर्व सैनिकों को दिया था बुलावा : रविंद्र

पूर्व सैनिक रोजगार सैल के अधिकारी रविंद्र कुमार ठाकुर ने बताया कि पीजीटी प्रवक्ता के पदों के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। इसके लिए हिमाचल प्रदेश से सभी वर्ग के योग्य पूर्व सैनिकों को बुलाया गया था। प्रमाण पत्रों की जांच करने के बाद योग्य पूर्व सैनिकों का पैनल तैयार किया गया है। चरणबद्ध तरीके से इन्हें तैनाती दी जाएगी।

### उपायुक्त अमरजीत सिंह ने जिले के सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों से की अपील

# स्वच्छता के लिए विशेष ग्रामसभा में तय करें प्राथमिकताएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक आयोजित किए जा रहे स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़े के मद्देनजर 15 सितंबर को जिला हमीरपुर की सभी 248 ग्राम पंचायतों में भी विशेष ग्राम सभा होगी।



उन्होंने जिले के सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से इस विशेष ग्राम सभा में स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित सभी प्राथमिकताएं तय करने की अपील की है। उपायुक्त ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए इस विशेष ग्रामसभा में नए प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की जाएगी। 17 सितंबर को इस अभियान के शुभारंभ अवसर पर सभी सरकारी कार्यालयों एवं परिसरों की सफाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। 18 और 19 सितंबर को अभियान को मुख्य फोकस जलस्रोत रहेंगे। 20 और 21 सितंबर को प्लास्टिक के कचरे के एकत्रीकरण के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। 22 और 23 सितंबर को गांवों में कूड़े वाले स्थानों, सार्वजनिक शौचालयों और अन्य स्थानों की सफाई की जाएगी तथा आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा, जबकि, 24 सितंबर को वन विभाग के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 25 से 29 सितंबर तक सफाई कर्मचारियों और सफाई मित्रों के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। 29 सितंबर से एक अक्तूबर तक स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायतीराज संस्थाओं में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सराहनीय कार्य करने वालों को गांधी जयंती पर पुरस्कृत किया जाएगा।

### 16 से 30 तक बंद रहेगी संगरोह-भुआणा सड़क

**हमीरपुर।** अवाहदेवी के निकट संगरोह-भुआणा वाया बाकर खड्ड सड़क के आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 16 से 30 सितंबर तक बंद रहेगी।

इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि भुआणा के पास आवश्यक मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए संगरोह-भुआणा सड़क पर यातायात बंद किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक समीरपुर-मतलाणा सड़क से बाकर खड्ड की ओर आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

**आयोजन** तकनीकी विवि में इंजीनियरिंग दिवस पर कार्यक्रम का समापन

# टाइपिंग टाइटन में प्रतीक, डिवाइस डिकोड में गार्गी प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के इंजीनियर दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह में तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी गतिविधियों में सहभागिता निभानी चाहिए, जिससे एक तय समय अवधि व टीम भावना में कार्य पूरा करने की क्षमता विकसित हो सकें। कुलपति ने विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के टाइपिंग टाइटन में प्रतीक ने प्रथम, शिवम राणा ने द्वितीय व आदित्य शर्मा ने तृतीय, पिक्सल परफेक्ट में खुशी शर्मा ने प्रथम, क्रिश कान्हा ने द्वितीय, शंभू मन्हास ने तृतीय, आर्टिस्टिक फयूजन में कृशिका ने प्रथम, अंजली ने द्वितीय व कशिश शर्मा ने तृतीय, डिवाइस डिकोड में गार्गी चौधरी ने प्रथम, शाजिद ने द्वितीय व सिमरन ने तृतीय स्थान हासिल किया।

स्पार्क स्पीक में शंभू मन्हास ने प्रथम, प्रिंस एरी ने द्वितीय, प्रियांशी ने तृतीय, क्लास ऑफ थॉट्स में अक्षिता शर्मा व रितिका भाटिया प्रथम, अक्षय ठाकुर व आदर्श शर्मा द्वितीय और किशिता वर्मा व आदित्य शर्मा तृतीय स्थान पर रहे।

ब्रेन ब्रॉल में विवेक, अभिनंदन व अखिल की टीम प्रथम, प्रियांशी, सोनाक्षी व प्रिंस की टीम द्वितीय और अक्षित, सुमेंद्र व अर्पित की टीम तीसरे स्थान पर रही। इंजीनियरिंग पायनियर में आकांक्षा शर्मा व साजिद अंसारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, बीटेक के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत किए। इस मौके पर कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग सहित सभी विभागों के प्राध्यापक भी मौजूद रहे।

### करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में 24 सितंबर को होगी प्लेसमेंट ड्राइव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में हिंदुस्तान फूड्स लिमिटेड हेल्थ केयर कंपनी द्वारा विद्यार्थियों की प्लेसमेंट 24 सितंबर को विश्वविद्यालय में की जा रही है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव गुलशन संधू ने बताया कि इस प्लेसमेंट में कंपनी को डिप्लोमा फार्मेसी, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन, आईटीआई ट्रेड के लिए फिटर, इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल में विद्यार्थियों की आवश्यकता है तथा इसमें 2020 से 2024 बैच के विद्यार्थी इस प्लेसमेंट में भाग ले सकते हैं। इसके लिए कुलसचिव ने जिला हमीरपुर व भोरंज क्षेत्र के आसपास के इन ट्रेड्स के विद्यार्थियों से अपील की है कि वे इस प्लेसमेंट में भाग ले सकते हैं। छात्रों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह प्लेसमेंट ड्राइव छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण मौका है, जिससे वे अपने करियर की शुरुआत एक प्रतिष्ठित कंपनी में कर सकते हैं। जो छात्र इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेना चाहते हैं, वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेज 21 सितंबर तक 8219181535 व्हाट्सएप पर भेज सकते हैं।

### हिंदी दिवस पर दुर्गा सिंह स्मारक बड़ा स्कूल में निकाली गई जागरूकता रैली




**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में हिंदी दिवस काफी धूमधाम से मनाया गया। उस दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा कस्बा बड़ा में क्षेत्रवासियों को हिंदी भाषा के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गईं। लोगों से कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा है, अतः इसका हमें अवश्य प्रयोग करना चाहिए। स्कूल की प्रिंसिपल अंजना कोंडल ने बच्चों को हिंदी का महत्व समझाया।

### कुठेड़ा गांव की तन्वी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो में करेगी पढ़ाई



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** देश की बेटियां दुनिया के हर कोने में भारत का नाम रोशन कर रही हैं। इसी तरह हमीरपुर के गांव मुठान भूलाणा, डाकखाना कुठेड़ा की बेटी तन्वी शर्मा ने यूनिवर्सिटी आफ शिकागो में अपनी प्रतिभा के आधार पर एडमिशन लेकर अपने गांव, शहर, जिला का नाम रोशन किया है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो विश्व की 10 सर्वोत्तम यूनिवर्सिटीज में एक है, जहां तन्वी का मास्टरज इन इंटरनेशनल रिलेशनज के लिए चयन हुआ है। तन्वी की इस उपलब्धि के लिए उसके परिजनों को बधाई व शुभकामनाएं दे रहे हैं।

### कंवर शाह देव कटोच होंगे हमीरपुर के नए राज्य कर एवं आबकारी विभाग के उपायुक्त



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार ने राज्य कर एवं आबकारी विभाग के उपायुक्तों का स्थानांतरण किया है, जिसमें प्रदेश के 15 उपायुक्तों को दूसरी जगह लगाया गया है। हमीरपुर जिला की बात की जाए तो यहां पर तैनात उपायुक्त वरुण कटोच का तबादला सिरमौर कर दिया गया है। अब उनकी जगह उपायुक्त कंवर शाह देव कटोच को लगाया गया है। छुट्टियों के बाद नए उपायुक्त कंवर शाह देव कटोच अपना कार्यभार संभाल लेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### चूड़ी-राड़ी मार्ग पर लोग जोखिम भरा कर रहे सफर



**ओपी शर्मा, चंबा।** पत्थर पर टिकी कच्ची मिट्टी पर चल रही गाड़ियां कभी भी खिसक सकती हैं। कच्ची मिट्टी दो तीन जगह पर रिस्क के साथ चलानी पड़ती हैं। गाड़ी चूड़ी से राड़ी रोड में दो साल पहले लैंडस्लाइड हुआ था, जिस कारण एक साथ तीन जगह ऊपर वाले मोड से नीचे मोड तक रोड फ़िलहाल के लिए जेंसीबी लगाकर काम चलाओ अभियान किया गया था जो अभी तक वैसा का वैसा ही है, जिस पर कोई अमल नहीं हो रहा है। मैहला कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अमित शर्मा ने एनएचपीसी चमेरा 3 के अधिकारियों को ये सख्त आदेश दिए हैं कि जल्द इस कार्य को शुरू नहीं किया गया तो कुछ आगामी विचार भी बहुत जल्द कर लिया जायगा जिसका जिम्मेदार प्रशासन होगा।

### विधायक पर अभद्र टिप्पणियां करने से करें परहेज

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** कांग्रेस के एक नेता द्वारा बल्ह के विधायक इंद्रसिंह गांधी के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बिफर गया है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष जीवन चौहान ने चमन राही को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में अगर आपने जनता के द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि के खिलाफ ऐसी अभद्र भाषा का प्रयोग किया तो एससी मोर्चा द्वारा आपका घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर विधायक भ्रष्टाचार की जांच करवाना चाहते हैं तो उसमें बुराई क्या है, जांच एजेंसी कार्य कर रही है अगर अधिकारी कर्मचारी ईमानदार होंगे तो वह जांच में पाक निकलेंगे, लेकिन उनके पास ऐसी कौन-सी पावर है जो कि दो बार चुनाव जीतकर विधायक बने इंद्रसिंह गांधी पर बेहूदा टिप्पणी करे। चौहान ने कहा कि चमन राही अपनी हद में रह कर बोलें।

### प्रदेश सरकार पूरी तरह फेल: निहाल चंद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने मंडी के जेल रोड में कथित अवैध मस्जिद को लेकर लोगों में बहुत आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोग सड़कों पर उतर रहे हैं उससे लगता है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। निहाल चंद शर्मा ने कहा कि जय श्रीराम के नारे लगाते हुए लोग शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे, मगर सरकार और प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारों का प्रयोग किया। पानी की बौछारों से महिला, बच्चों और बुजुर्गों को भी नहीं छोड़ा। निहाल चंद ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में इस तरह के प्रदर्शन हो रहे हैं। कर्मचारी वर्ग हो या अन्य वर्ग सब कांग्रेस सरकार की तानाशाही से परेशान हैं। सरकार ऐसे मुद्दों के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है और अपनी राजनीति रोटियां सेक रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर एकदम पानी की बौछारें कर दीं, उससे लगता था कि प्रशासन स्वयं प्रदर्शनकारियों को उकसा रहा है, ताकि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर दोष मढ़ा जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से फेल हो चुकी है। प्रदेशभर में कानून व्यवस्था के चरमराने से सुक्खू सरकार को समय रहते इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि बेहतर सरकार चलाना सुखविंद्र सिंह सुक्खू के वश की बात नहीं लगती है। आज न तो कर्मचारी खुश हैं न ही आम नागरिक, क्योंकि आम जनता पर बिजली से लेकर सीमेंट तक के दाम हर तीसरे दिन बढ़ाए जा रहे हैं।

### आईआईटी मंडी में ज्ञान साझेदारी कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** विज्ञान ज्योति कार्यक्रम चरण-5 के तहत, पीएम श्री स्कूल जेएनवी पंडोह द्वारा आयोजित ज्ञान साझेदारी कार्यक्रम में छात्राओं ने भाग लिया आईआईटी मंडी में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर हाथों-हाथ प्रशिक्षण, कार्यशालाओं और व्याख्यानों में भाग लिया। उन्होंने आईआईटी मंडी के प्रसिद्ध फैकल्टी सदस्यों से भी बातचीत की। विज्ञान ज्योति कार्यक्रम, जिसकी शुरुआत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा की गई है, का उद्देश्य युवा लड़कियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना और सशक्त बनाना है। आईआईटी मंडी का इस कार्यक्रम के साथ साझेदारी एसटीईएम शिक्षा में लिंग समानता को बढ़ावा देने और नवाचार और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम के संयोजक नवीन कुमार रसायन शास्त्र व्याख्याता ने बताया कि विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत आईआईटी मंडी में आयोजित ज्ञान साझेदारी कार्यक्रम में 17 जेएनवी, 15 केवीएस, 11 जीएसएसएस पंडोह और 3 जीएसएसएस सरोआ की 46 छात्राओं ने भाग लिया। नवीन कुमार ने कहा कि इस दौरान छात्राओं ने अपने मानसिक स्तर को अवधारणात्मक स्तर में बदलने के लिए एक गहन अनुभवी शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर हाथों-हाथ प्रशिक्षण और कार्यशालाओं में भाग लिया, जिससे उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप में लागू करने का अवसर मिला।

### स्वच्छता पखवाड़े पर दिलाई स्वच्छता शपथ

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** जोगिंदरनगर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राजभाषा हिंदी पखवाड़ा और हिंदी दिवस के तहत भाषण प्रतियोगिता और कविता पाठ का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में मुस्कान, सुभाष सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि द्वितीय स्थान पूनम, सरोजिनी सदन और तृतीय स्थान नताशा, लक्ष्मी सदन ने प्राप्त किया। कविता पाठ में आरुषि कक्षा अष्टम, लक्ष्मी सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान शिक्षा कक्षा अष्टम, सुभाष सदन और तृतीय स्थान सोमानिका कक्षा अष्टम, शास्त्री सदन के हिस्से में आया।

# ऐतिहासिक माता शिव शक्ति जातर मेला छतराड़ी में पहली सांस्कृतिक संध्या

# अजय भरमौरी और पवन ठाकुर के गानों पर खूब नाचे दर्शक




ऐतिहासिक माता शिव शक्ति जातर मेला छतराड़ी में पहली सांस्कृतिक संध्या में पहाड़ी कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हुए तथा (दाएं) नाचते लोग।

**ओपी शर्मा, भरमौर**

ऐतिहासिक माता शिव शक्ति जातर मेला छतराड़ी में पहली सांस्कृतिक संध्या पवन ठाकुर व अजय भरमौरी के नाम रही। पहली सांस्कृतिक संध्या में अजय भरमौरी व पवन ठाकुर ने यहां पर मौजूद दर्शकों को खूब नचाया। दोनों स्थानीय कलाकारों ने एक के बाद एक पहाड़ी प्रस्तुतियां देकर यहां पर मौजूद दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

इस मेले में सांस्कृतिक संध्या में पंचायत समिति मैहला के वाइस चेयरमैन सूरज शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर प्रधान ग्राम पंचायत छतराड़ी मेंहदी राम ने मुख्यातिथि को बैज, शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। पहले सांस्कृतिक संध्या में यहां पर दर्शकों की, हालांकि कम ही भीड़ नजर आई, लेकिन यहां पर मौजूद कलाकारों ने उनका खूब मनोरंजन किया। मेले में पहले दिन यहां का पौराणिक खप्पर बुड्ढा नृत्य को देखने के लिए काफी लोगों की भीड़ उमड़ी।



माता शिव शक्ति जातर मेला छतराड़ी में उपस्थित अमित भरमौरी व अन्य।

चार दिनों तक चलने वाले इस मेले को देखने के लिए बाहर से भी काफी लोग यहां पर आते हैं। मिलने की पहले दिन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं आदिवासी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अमित भरमौरी ने इसका विधिवत रूप से शुभारंभ किया। बतौर मुख्यातिथि पहुंचे अमित भरमौरी ने मेले के सफल आयोजन के लिए अपनी ओर से 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि मेले कमेटी को दी। पहले दिन के मेले में यहां का पौराणिक खप्पर बुड्ढा नृत्य व रथ यात्रा प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे। (अनंत ज्ञान)

## मेले में पहुंचे पठानिया का लोगों ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

हिमाचल प्रदेश सरकार के उपमुख्य सचेतक एवं विधायक शाहपुर विधानसभा क्षेत्र केवल सिंह पठानिया दो दिवसीय छतराड़ी दौरे पर पहुंच गए हैं। उनके दौरे के दौरान उनके समर्थकों ने लूना पुल में सुरेंद्र कुमार उर्फ भापी की अगुवाई में उनका जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर सबसे पहले वह एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छतराड़ी के बौर गांव और में माता धाम घोड़ी के मंदिर में पहुंचे और जगराते में शामिल होकर माता का आशीर्वाद लिया। पठानिया ऐतिहासिक जिला स्तरीय माता शिव शक्ति जातर मेले में शनिवार को बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान वह यहां पर नृत्य करने वाले लोगों को पुरस्कार भी करेंगे। शुक्रवार को पठानिया ने एक सामाजिक समारोह में शिरकत की और वहां पर जाकर जगराते का प्रसाद भी ग्रहण किया। शुक्रवार व शनिवार को उपमुख्य सचेतक दो दिन छतराड़ी प्रवास पर रहेगे।



## गुलशन, नरेंद्र और पूनम ने खूब नचाए दर्शक

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

सात दिवसीय माता त्रिपुर भैरवा मेला पंडोह क़ी पहली सांस्कृतिक संध्या का आयोजन गत वीरवार रात को बड़ी धूमधाम से किया गया। सांस्कृतिक संध्या का आयोजन पंडोह स्थित बीबीएमबी के स्टेडियम में किया गया। स्टेडियम लगभग 5 हजार दर्शकों से पूरा भर गया तिल धरने की जगह भी नहीं बची थी। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाजसेवी एवं ठेकदार अनिल सोनी मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित रहे।

अनिल सोनी ने मेला कमेटी को 51 हजार की राशि भेंट की। सोनी ने कहा की माता त्रिपुर भैरवा इनकी कुल देवी है आज यह जिस भी मुकाम पर है माता रानी के आशीर्वाद से है। मेला



कमेटी अध्यक्ष एवं सियोग पंचायत प्रधान वीना महंत एवं उपप्रधान फतेह राम ने आये मुख्यातिथि अनिल सोनी को शॉल, टोपी व माता की फोटो भैंट की। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत मुख्यातिथि एवं मेला कमेटी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

इसके बाद हुए कलाकारों ने खूब अपनी गायकी का प्रदर्शन किया। गायक गुलशन ने तेरे बिन नहीं जिना मर जाना ढोलना आदि गाने गाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इसके बाद नरेंद्र पहाड़िया ने पहाड़ी नाटियां गाकर दर्शकों को खूब नचाया। इसके बाद स्टार कलाकार पूनम ने पंजाबी व पहाड़ी गाने गाए और पूरा पंडाल नाचने पर मजबूर हो गया।

## 'गणपति बप्पा मोरया' से गूंजा रघुनाथ मंदिर

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गणेश उत्सव के अवसर पर सात तारीख को मंदिर के गर्भ गृह में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर श्री गणेश जी के नूतन स्वरूप की स्थापना की गई थी। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पंडित सुनील शर्मा, अध्यक्ष सुभाष चौहान, महासचिव वीरेंद्र ठाकुर कोषाध्यक्ष नितिन रेलहन भंडारक रंजीत चौहान ने संयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि प्रतिदिन प्रात: भगवान श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना निरंतर चल रही है। 14 सितंबर को पदमा एकादशी के



पावन अवसर पर प्रतिदिन की भांति पूजा-अर्चना की जाएगी। उसके पश्चात भजन-कीर्तन होगा और बाद दोपहर 3 बजे विनायक जी की मूर्ति का विसर्जन कार्यक्रम शोभायात्रा के माध्यम से गड़ाना नामक स्थान पर किया जाएगा।

15 सितंबर को वामन जयंती के अवसर पर श्री रघुनाथ मंदिर गांधी चौक में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी भक्तों से निवेदन है कि 14 सितंबर को मूर्ति विसर्जन और 15 सितंबर को मंदिर में आयोजित किए जाने वाले भंडारे में परिवार सहित पधारकर प्रसाद ग्रहण करें और भगवान की कृपा के पात्र बनें।

### बच्चों को ओजोन परत के संरक्षण बारे किया जागरूक

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय मंडी द्वारा ओजोन परत संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनैड में आयोजित किया गया, इसमें लगभग 80 विद्यार्थियों ने चित्रकारी, भाषण तथा स्लोगन लेख में भाग लिया गया तीनों श्रेणियों में उत्कृष्ट रहने वाले विद्यार्थियों को ईनाम प्रदान किए गए। इस उपलक्ष्य में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विनय कुमार, रजनीश चौधरी (कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता), विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश तथा अन्य अध्यापक गण मौजूद रहे। हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा बच्चों को ओजोन परत के संरक्षण के लिए जागरूक किया गया एवं उपस्थित अध्यापकों व विद्यार्थियों को ओजोन संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई।

## व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प से प्रदेश आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर: पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प से हिमाचल प्रदेश आज आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। यह बात पठानिया शुक्रवार को परिधि गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। इस दौरान सदर विधायक चंबा नीरज नैय्यर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र में लोगों से किए वादे के अनुरूप 10 गारंटियों में से पांच गारंटियों को राज्य सरकार ने अपने 18 माह के कार्यकाल के दौरान पूरा कर दिया है। उन्होंने प्रदेश के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाली का जिक्र करते हुए कहा कि इससे लगभग एक लाख 36 हजार के करीब कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को लाभ मिलेगा। प्रदेश में निराश्रित बच्चों के कल्याण को लेकर उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पहला ऐसा राज्य है जिसने कानून बनाकर ऐसे बच्चों का भविष्य



सुरक्षित बनाया है। उन्होंने कहा कि बेसहारा बच्चों और महिलाओं के कल्याण को लेकर शुरू की गई महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री सुख आश्रय' योजना के तहत 6 हजार से अधिक बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ स्टेट के रूप में अपनाया गया है ।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्टार्टअप योजना शुरू की है। इसके तहत पहले चरण में ई-टैक्सी खरीदने पर 50 प्रतिशत उपादान का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने बताया कि हिम केयर योजना को बंद नहीं किया गया है। इस योजना के तहत सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में लोगों को इसका लाभ मिलता रहेगा, जबकि निजी अस्पतालों में डायलिसिस की सुविधा जारी रखी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दृष्टि से सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक स्वास्थ्य संस्थान को स्तरोन्नत कर आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाया जा रहा है। इसके तहत चंबा विधानसभा क्षेत्र के तहत साहू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का चयन किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा चंबा जिले के सर्वांगीण विकास को लेकर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन विकास आदि विषयों पर भी बातचीत की। इस अवसर पर सचिव राज्य कांग्रेस कमेटी दिलदार अली बट्ट, जगदीश हांडा, करतार सिंह ठाकुर उपस्थित रहे ।

## लोक निर्माण मंत्री ने किया सराज टैलेंट एवं टूरिज्म फेस्टिवल का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को तीन दिवसीय सराज टैलेंट एवं टूरिज्म फैस्टिवल चौलूथाच (जंजैहली) का शुभारंभ किया।

उन्होंने जिला स्तरीय नलवाड़ मेला लंबाथाच का समापन किया और जंजैहली के क्लब महेंद्रा होटल में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा एचडीएफसी बैंक और क्लब महेंद्रा के आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप का शुभारंभ भी किया। उन्होंने सराज टेलेंट एवं टूरिज्म फैस्टिवल चौलूथाच (जंजैहली) का शुभारंभ करते हुए कहा कि सराज विधानसभा में पयर्टन को बढ़ावा देने के लिए अलग पॉलिसी का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने इस मेले के सफल आयोजन के लिए 51 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस उत्सव का आयोजन वर्ष 2016 में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने शुरू किया था, परंतु कोरोना और अन्य कारणों से पिछले कुछ सालों से इसका आयोजन नहीं हो रहा था। अब इसे पुन: शुरू किया गया है। लोक निर्माण मंत्री ने मेले के शुभारंभ अवसर पर कहा कि सनारली से शंकरदेहरा रायगढ़ सड़क का निर्माण 13 करोड़ रुपए की लागत से चल रहा है। बरसात के बाद इस सड़क की मेटलिंग और टारिंग का कार्य शुरू कर दिया जाएगा और अगले वर्ष जून माह तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।



सराज दौरे के दौरान महिलाओं का अभिवादन स्वीकारते हुए विक्रमादित्य।

### सूडोकु 0056 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0055 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

14 सितंबर, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** भाद्रपद **तिथि** एकादशी : (08:43): **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा (08:33), **पक्ष:** शुक्ल **योग:** शोभन (06:17) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51 - 12:40 तक, **राहुकाल** (09:10 -10:43)।

### विशेष दिन

- 14 सितंबर 2024 : हिंदी दिवस आज।
- 15 सितंबर 2024 : प्रदोष व्रत कल।।

**मेष:** आज दिन सामान्य है लेकिन आज आपको सावधानी बरतनी होगी। आज अपने ही लोग आप के विरोध में खड़े हो सकते हैं।

**वृषभ:** आज अपने कार्य पूरे करने के लिए दूसरों का दिल दुखाना आपके लिए उचित नहीं है। दूसरों का सम्मान करना भी जरूरी है।

**मिथुन:** आज खुद से बातें करें जो कार्य आप कर रहे हैं उन पर चिंतन मनन भी करें। आज कुछ रचनात्मक करने का दिन है।

**कर्क:** आज अचानक यात्रा का योग आपकी राशि में दिखाई दे रहा है। आर्थिक तौर पर आज का दिन आपके लिए शुभ है।

**सिंह:** आज दोपहर तक कुछ परेशानियां आ सकती हैं। दोपहर बाद एक बार फिर से हालात सामान्य हो जाएंगे और आर्थिक लाभ के योग आपके लिए बनेंगे।

**कन्या:** आज दैनिक कार्यों में कुछ व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। छोटे-छोटे कार्यों के लिए आपको बड़ी मेहनत आज करनी पड़ सकती है।

**तुला:** आज आपको भागदौड़ की जिंदगी से अलग हटकर थोड़ा आराम करना चाहिए। आज खुद से बातें करने का दिन है। खुद की कार्य क्षमता को बढ़ाने का दिन है।

**वृश्चिक:** आज आपको गुस्से से बचना जरूरी है। वाणी में मधुरता बनाए रखें, स्वभाव में सरलता भी आज आवश्यक है।

**धनु :** आज आर्थिक लाभ के योग दिखाई दे रहे हैं। आज कोई ऐसा काम आप कर सकते हैं जिससे भविष्य तक आपको इनकम मिले।

**मकर:** दैनिक कार्यों के लिए अधिक भागदौड़ आपको करनी पड़ सकती है। आज जीवनसाथी से भरपूर प्रेम आपको मिलने वाला है।

**कुंभ:** आज कोई पुराना मित्र परेशानी का कारण बन सकता है। आज अचानक यात्रा के योग दिखाई दे रहे हैं। आज की गई यात्रा आपके लिए फायदेमंद है।

**मीन:** आज थोड़ा सा दिमाग इस्तेमाल करना होगा। थोड़े सी मेहनत और थोड़े से दिमाग से आज आप धन अर्जित कर सकते हैं।

**अनदेखी** लोगों को बाहरी निजी अस्पतालों का रुख कर चुकानी पड़ रही है मोटी रकम

## पीएचसी बनीखेत में सुविधाओं की कमी, लोग परेशान

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

स्वास्थ्य खंड भटियात के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनीखेत अपनी मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है, जिसके चलते स्थानीय लोगों को बाहरी निजी अस्पतालों का रुख कर मोटी रकम चुकानी पड़ रही है, इसका सबसे ज्यादा खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ रहा है। संदीप, राकेश, आशीष, राजेश, कुलदीप, पवन, संजय आदि ने बताया कि पीएचसी बनीखेत को डिस्पेंसरी से अपग्रेड करके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिया तो जरूर दिया गया, किंतु जो सुविधाएं स्वास्थ्य केंद्र को मिलनी चाहिए थी, वह सुविधा अभी भी मिलती दिखाई नहीं दे रही है।

बता दें कि बनीखेत राष्ट्रीय उच्च महामार्ग 154-ए पर स्थित है। क्षेत्र के साथ लगते महामार्ग पर सड़क दुर्घटना या किसी भी आपातकालीन स्थिति में जो सुविधा मरीज को मिलनी चाहिए। वह नहीं मिलती है इस बारे इन सभी ग्राम वासियों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा की जो एक डेंटिस्ट (दांतों की डॉक्टर) है वह हो ना हो लोगों के लिए एक बराबर है दांतों से संबंधित किसी भी बीमारी के लिए निजी




अस्पताल या नागरिक अस्पताल डलहौजी या चंबा मेडिकल कॉलेज का रुख करना पड़ता है अस्पताल से डॉक्टर द्वारा सिर्फ और सिर्फ दर्द निवारक गोलियां या एंटीबायोटिक दवाइयां के अलावा कुछ भी नहीं दिया जाता दांतों की बीमारी के लिए मरीजों की उचित जांच के लिए महंगी कुर्सी तो जरूर लगाई गई है किंतु उस कुर्सी पर किसी भी दांत के मरीज ने अभी तक बैठकर नहीं देखा है, क्योंकि मरीज के आते ही पर्ची पर लिख दिया जाता है कि आप सिविल हॉस्पिटल डलहौजी, चंबा या फिर बनीखेत में ही निजी दांतों के अस्पताल में जाकर अपना चेकअप करवा ले।

अब सवाल यह उठता है कि अगर दांतों की बीमारी के लिए मरीज को बाहर ही जाना है तो यहां से डॉक्टर हटा देना चाहिए जिससे सरकार का खर्चा भी बचेगा, तो वही इन्हीं लोगों ने यह भी कहा कि पीएचसी बनीखेत में अभी तक महिला प्रसव की भी सुविधा उपलब्ध नहीं है उसके लिए भी बाहर का ही रुख करना पड़ता है, एक्स-रे मशीन तो अपडेटेड पड़ी है किंतु उसे चलाने वाला रेडियोलॉजिस्ट नहीं है, डेंटिस्ट है पर न के बराबर है, 20 बिस्तरों के लिए तो अस्पताल सुसज्जित कर दिया गया है किंतु दो मरीजों को भर्ती कर उन्हें पूरी तरह से सुविधा नहीं दी जा सकते क्योंकि ना तो यहां वह पूरी दवाइयां ही मिल पाती हैं जो मरीज को चाहिए, इसलिए उन्हें सिविल हॉस्पिटल डलहौजी या फिर चंबा या टांडा रेफर कर दिया जाता है। इसके लिए स्थानीय लोगों की सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग से मांग है कि पीएचसी बनीखेत में सुविधाओं की कमी है उन पर गौर की जाए ताकि आम लोगों के समक्ष आ रही समस्याओं से छुटकारा मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### डॉ. राकेश जम्मू-कश्मीर विस चुनाव के लिए कांग्रेस के को-ऑर्डिनेटर नियुक्त



**जोगिंद्रनगर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए उधमपुर संसदीय क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ. राकेश धरवाल को कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। डॉ. राकेश अब जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ मिलकर चुनावी तैयारियों की निगरानी करेंगे। पार्टी की ओर से दिए गए नियुक्ति पत्र में डॉ. राकेश से मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, और राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने और उसके आदर्शों को बढ़ावा देने की अपील की गई है। इस अहम जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए, डॉ. राकेश ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया और कहा कि वह जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के लिए पूरी मेहनत करेंगे।

**खुश** लोग अपनी आंतरिक दुनिया का निर्माण करते हैं, दुखी लोग अपनी बाहरी दुनिया को दोष देते हैं। -**दलाई लामा**

## संपादकीय

# सुधरेंगे भारत-चीन संबंध

भारत और चीन सीमा से अपने-अपने सैनिकों को पूरी तरह से पीछे हटाने के लिए तत्परता से काम करने पर सहमत हो गए हैं। निश्चित रूप से या खबर बेहद सुकून देने वाली है। पूर्वी लद्दाख से चीनी सैनिकों की वापसी के मुद्दे पर भारत और चीन के बीच कूटनीति प्रयास अगर रंग लाए, तो भविष्य में भारत और चीन के संबंधों में और सुदृढ़ता आएगी। ऐसा नहीं है कि भारत और चीन के संबंध शुरू से ही खराब रहे हैं, बल्कि चीन के गठन के साथ ही भारत और चीन के संबंध मधुर हो गए थे। दोनों देशों के रिश्तों में पहली बार खटास तब आई थी जब 1962 के युद्ध में भारत को हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा लगाते-लगाते धोखा मिला था। 1962 के युद्ध के साथ ही भारत और चीन की दोस्ती का भयावह अंत हो गया। भारत को युद्ध में तब झोंका गया जब भारत ने 10 साल पहले ही कोरिया युद्ध में 1950 में अमेरिका को दरकिनार कर चीन का साथ दिया था। भारत को युद्ध की दृष्टि तब झेलनी पड़ी जब उसने 1949 में जापान मैं शांति संबंध सम्मेलन में इसलिए हिस्सा नहीं लिया, क्योंकि उसमें चीन को नहीं बुलाया गया था। भारत को तब जंग में जाना पड़ा जब वह ताईवान के बजाए चीन को मान्यता देने वाला पहला गैर साम्यवादी देश बना। यानी दोस्ताना रिश्ते रखने की तमाम कोशिशों के बावजूद भारत को एक अनचाहे युद्ध का सामना करना पड़ा। अनचाहा क्यों, वो इसलिए, क्योंकि उस दौर में भारत और चीन के रिश्ते बुलंदियों पर थे। भारत को भरोसा था कि चीन उसके साथ कभी भी धोखा नहीं करेगा।


दूसरी तरफ भारत कभी भी विस्तारवादी नीति वाला देश नहीं रहा है। दूसरे देशों की जमीन हड़पनने की भारत की मंशा कभी नहीं रही है उसके बावजूद भारत को कई युद्धों का सामना करना पड़ा है। इसकी वजह यह रही है कि जब भी भारत की संप्रभुता और अखंडता पर खतरा मंडराया वो चुप नहीं बैठा। अपनी रक्षा के लिए भारत कई बार युद्ध लड़ चुका है। इन जंगों में भारत को कभी पड़ोसी पाकिस्तान तो कभी चीन से चुनौती मिली। भारत को अब तक सभी युद्धों में जीत मिली है सिवाय एक को छोड़कर और वह एकमात्र युद्ध 1962 में चीन से लड़ा गया था। यह युद्ध दोनों देशों के बीच जन्मी खटास की वह जड़ है जो मौजूदा वक्त में भी उनकी विदेश नीति को निर्धारित करता है। सवाल है कि रिश्ते की दोस्ती को कायम रखने की तमाम कोशिशों के बावजूद जंग की नौबत क्यों आई? उसे जंग के पीछे बड़ी वजह क्या थी? क्या इसके पीछे चीन की कोई चाल थी या भारत की कोई बड़ी भूल? भारत चीन के साथ करीब 4000 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। यह सीमा ही दुश्मनी की सबसे बड़ी वजह है। भारत-चीन संबंध सुधारने के लिए सबसे पहले तो वार्ता और संवाद पर ज्यादा जोर देना होगा। दोनों देशों के बीच नियमित वार्ता और संवाद स्थापित करना चाहिए, जिससे मतभेदों को दूर किया जा सके। व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ाना चाहिए, क्योंकि इससे दोनों देशों को लाभ होगा। रिश्तों को सुधारने में सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी अहम कड़ी साबित हो सकता है। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे दोनों देशों के लोगों के बीच समझ और सहयोग बढ़े।

सबसे बड़ा मसला सीमा विवाद का है, जिसके समाधान के लिए कूटनीति से सार्थक प्रयास होने चाहिए। इसके लिए दोनों देशों को एक टेबल पर बैठकर सीमा विवाद का समाधान निकालना चाहिए, जिससे दोनों देशों के बीच शांति और स्थिरता बनी रहे। अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सहयोग भी आवश्यक है। दोनों देशों को अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सहयोग करना चाहिए, जिससे दोनों देशों के हितों की रक्षा हो सके। द्विपक्षीय संबंध जितने ज्याद मजबूत होंगे उतना ही दोनों देशों के लिए अच्छा रहेगा। द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए तेजी से काम करना चाहिए, जिससे दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग बढ़े। मीडिया और सार्वजनिक राय का ध्यान रखना भी जरूरी होता है ताकि दोनों देशों के बीच नकारात्मक धारणाओं को दूर किया जा सके। चीन अगर अपनी सेनाएं पीछे हटाने के लिए मजबूर हुआ है तो वह सिर्फ भारत की कूटनीति की वजह से, क्योंकि चीन के साथ रिश्ते बिगड़ने के बाद भारत ने चीन से व्यापार बंद कर दिया था। चूंकि भारत तेजी से अपनी अर्थव्यवस्था को सुधार रहा है। ऐसे में अगर चीन भारत के साथ व्यापारिक रिश्ते नहीं रखेगा तो उसका घाटा चीन को ही उठाना पड़ेगा। भारत के अपनी बात पर अड़े रहने के स्टैंड के कारण ही चीन सेनाएं पीछे हटाने के लिए मजबूर हुआ है। बहरहाल, भारत-चीन के रिश्तों में मिठास आए यह शुभ संकेत है, लेकिन भारत को चीन की धोखेबाजी से सतर्क जरूर रहना होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### पूर्व भारतीय क्रिकेटर और क्रिकेट कोच

**रवींद्र** रामनारायण 'रॉबिन' सिंह एक भारतीय पूर्व क्रिकेटर और क्रिकेट कोच हैं। उन्होंने 1989 से 2001 के बीच एक ऑलराउंडर के रूप में एक टेस्ट और 136 वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया । उन्होंने 2010 से इंडियन प्रीमियर लीग की मुंबई इंडियंस और 2013 से कैरेबियन प्रीमियर लीग के बारबाडोस ट्राइडेंट्स को कोचिंग दी है। उन्होंने आईपीएल के उद्घाटन वर्ष में डेक्कन चार्जर्स को भी कोचिंग दी है। एक खिलाड़ी के रूप में, वह अपने शांत स्वभाव और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने भारतीय क्रिकेट को विश्व स्तरीय क्षेत्ररक्षण दिलाया। वह उस टीम का हिस्सा थे जो 2000 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता रही थी। त्रिनिदाद में इंडो-त्रिनिदादियन माता-पिता के घर जन्मे सिंह 1984 में भारत चले गए और मद्रास विश्वविद्यालय में अध्ययन किया, जिसके दौरान उन्होंने क्लब और कॉलेज स्तर की क्रिकेट खेली। उन्होंने 1988 में तमिलनाडु को रणजी ट्रॉफी जीतने में मदद की और वह सीजन के सबसे लगातार खिलाड़ियों में से एक थे। तमिलनाडु ने 33 साल बाद ट्रॉफी जीती और तब से फिर कभी नहीं जीती। उन्होंने तमिलनाडु और दक्षिण क्षेत्र दोनों की कप्तानी की। उन्होंने अपना त्रिनिदाद और टोबैगो पासपोर्ट त्याग दिया, ताकि वह भारतीय नागरिक बन सकें और भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए खेल सकें। रॉबिन सिंह को 2020 में यूएई क्रिकेट का निदेशक और यूएई राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। ■



रॉबिन सिंह
जन्म : 14 सितंबर, 1963

## अपनी बात

**बांग्ला** फाइल्स की बात करते चलें, तो यह बड़ा ही दुर्भाग्य है कि वहां रह रहे हिंदुओं का मुस्लिम कट्टरपंथियों ने जीना हराम कर रखा है। शेख हसीना सरकार के पतन के साथ ही जहां बांग्लादेश के इस्लामिक संगठनों यानी शेख हसीना के विरोधियों ने जिस प्रकार लूटपाट मचाने सहित वर्दीधारियों को मौत के घाट उतारा वहीं खासतौर पर हिंदुओं के घर जलाए गए, लूटपाट, बलात्कार, मंदिरों-मूर्तियों को तोड़ने की घटनाओं के बीच समूल नाश करने की सोच लिए जिस तरह सनातनियों का नरसंहार किया गया। वह ऐतिहासिक कहा जाएगा और भारत सरकार का संयम देखिए, अमेरिका की पसंदीदा मुहम्मद यूनुस सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा का शांतमय ढंग से अनुरोध किया, जबकि बांग्लादेश के विरुद्ध आर-पार करने की पुरजोर मांग अभी तक उठ रही है। फिर यह सब न होकर बांग्लादेश सरकार कठपुतली सरकार बनकर रह गई है, जो कट्टरपंथियों के इशारे पर चल रही है, जिससे हालात तालिबानियों की तर्ज पर हो गए हैं, क्योंकि हिंदुओं पर अत्याचार लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उनका आनाज लूटा जा रहा जमीन -जायदाद हड़प की जा रही है। यही नहीं सरकारी नौकरी से जबरन इस्तीफा दिलवाया जा रहा है।

**भीम बसेडू राजपूत, मंडी**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# भारतीयों को एकता के सूत्र में पिरोती है हिंदी

हिंदी भाषा भारत की राष्ट्रभाषा है, जो देश की सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हिंदी भाषा का महत्व न केवल भारत में बल्कि विश्वभर में है, क्योंकि यह भाषा विश्व की प्रमुख भाषाओं में से एक है। ह से हिंदी और 'ह' से ही है हिंदुस्तान तभी तो है हमारा देश महान। भले ही ये पंक्तियां सुनने में काफी उत्साह व राष्ट्र के प्रति भाषा प्रेमियों के प्यार को व्यक्त करती हो, मगर वास्तविकता से भी कोई अनजान नहीं है। भारत राष्ट्र हिंदी व संस्कृत भाषा के अथाह ज्ञान भंडार का स्रोत रहा है। हर मुश्किल में नमस्ते! वसुधैव कुटुंबकम् व स्वागतम् की संस्कृति भारत की रही है।

कहा जाता है कि किसी भी राष्ट्र और समाज के संतुलित विकास में वहां की भाषा व संस्कृति की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ऐसी ही विशेष भूमिका भारतीय समाज के विकास में हमारी अपनों के सपनों की भाषा हिंदी ने निभाई है। हिंदी ने हमें विश्व में एक नई पहचान दिलाई है। हिंदी दिवस भारत में हर वर्ष '14 सितंबर' को मनाया जाता है।

हिंदी विश्व में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं में से एक है। विश्व की प्राचीन, समृद्ध और सरल भाषा होने के साथ-साथ हिंदी हमारी 'राष्ट्रभाषा' भी है। वह दुनियाभर में हमें सम्मान भी दिलाती है। यह भाषा है हमारे सम्मान, स्वाभिमान और गर्व की। हम आपको बता दें कि हिंदी भाषा विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, साक्षर से निरक्षर तक प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिंदी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। यही इस भाषा की पहचान भी है कि इसे बोलने और समझने में किसी को कोई परेशानी नहीं होती। पहले के समय में अंग्रेजी का ज्यादा चलन नहीं हुआ करता था, तब यही भाषा भारतवासियों या भारत से बाहर रह रहे हर वर्ग के लिए सम्माननीय होती थी, लेकिन बदलते युग के साथ अंग्रेजी ने भारत की जमीं पर अपने पांव गड़ा लिए हैं। जिस वजह से आज हमारी राष्ट्रभाषा को हमें एक दिन के नाम से मनाना पड़ रहा है। पहले जहां स्कूलों में अंग्रेजी का माध्यम ज्यादा नहीं होता था, आज उनकी मांग बढ़ने के कारण देश के बड़े-बड़े स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे हिंदी में पिछड़ रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्हें ठीक से हिंदी लिखना और बोलना भी नहीं आती है। भारत में रहकर हिंदी को महत्व न देना भी हमारी बहुत बड़ी भूल है।



लेखक :प्रो. मनोज डोगरा
प्रवक्ता राजनीति शास्त्र

भाषा बाजार में हिंदी भाषा आजकल अंग्रेजी बाजार के चलते दुनियाभर में हिंदी जानने और बोलने वाले को अनपढ़ या एक गंवार के रूप में देखा जाता है या यह कह सकते हैं कि हिंदी बोलने वालों को लोग तुच्छ नजरिए से देखते हैं। यह कतई सही नहीं है। हम हमारे ही देश में अंग्रेजी के गुलाम बन बैठे हैं और हम ही अपनी हिंदी भाषा को वह मान-सम्मान नहीं दे पा रहे हैं, जो भारत और देश की भाषा के प्रति हर देशवासियों के नजर में होना चाहिए। हम या आप जब भी किसी बड़े होटल या बिजनेस क्लास के लोगों के बीच खड़े होकर गर्व से अपनी मातृभाषा का प्रयोग कर रहे होते हैं, तो उनके दिमाग में आपकी छवि एक गंवार की बनती है। घर पर बच्चा अतिथियों को अंग्रेजी में कविता आदि सुना दे, तो माता-पिता गर्व महसूस करने लगते हैं। इन्हीं कारणों से लोग हिंदी बोलने से घबराते हैं। हिंदी हिंदुस्तान की भाषा है। राष्ट्रभाषा किसी भी देश की पहचान और गौरव होती है। हिंदी हिंदुस्तान को बांधती है। इसके प्रति अपना प्रेम और सम्मान प्रकट करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। आज हमारी राष्ट्रभाषा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बहुत पसंद की जाती है। इसका एक कारण यह है कि हमारी भाषा हमारे देश की संस्कृति और संस्कारों का प्रतिबिंब है। आज विश्व के कोने-कोने से विद्यार्थी हमारी भाषा और संस्कृति को जानने के लिए हमारे देश का रुख कर रहे हैं।

एक हिंदुस्तानी को कम से कम अपनी भाषा यानी हिंदी तो आनी ही चाहिए, साथ ही हमें हिंदी का सम्मान भी करना सीखना होगा। जहां अंग्रेजी एक विश्वव्यापी भाषा है और इससे इसके महत्व को अनदेखा नहीं किया जा सकता। वही हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है और हम सब भारतवासियों को अपनी राष्ट्रभाषा का आदर व सम्मान करना चाहिए। हमें सदैव हिंदी भाषा का आदर करना चाहिए। हिंदी दिवस केवल औपचारिकता पूरी करने के लिए नहीं बल्कि हमारे सांस्कृतिक जड़ों को फिर से देखने और अपनी समृद्धि का जश्न मनाने का दिन है। हिंदी हमारी मातृभाषा है और हमें इसका हमेशा आदर करना चाहिए और इसका मूल्य समझना चाहिए। भारतीय विचार और संस्कृति का वाहक होने का श्रेय हिंदी को ही जाता है। आज संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं में भी हिंदी की गूंज सुनाई देने लगी है। विश्व हिंदी सचिवालय विदेशों में हिंदी का प्रचार-प्रसार करने और संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने के लिए कार्यरत है। उम्मीद है कि हिंदी को शीघ्र ही संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा का दर्जा भी प्राप्त हो सकेगा। हिंदी आम आदमी की भाषा के रूप में देश की एकता का सूत्र है। सभी भारतीय भाषाओं की बड़ी बहन होने के नाते हिंदी विभिन्न भाषाओं के उपयोगी और प्रचलित शब्दों को अपने में समाहित करके सही मायनों में भारत की संपर्क भाषा होने की भूमिका निभा रही है। हिंदी जन-आंदोलनों की भी भाषा रही है।

हिंदी के महत्व को गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर ने बड़े सुंदर रूप में प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था, 'भारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिंदी महानदी'। हिंदी के इसी महत्व को देखते हुए तकनीकी कंपनियां इस भाषा को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही हैं। यह खुशी की बात है कि सूचना प्रौद्योगिकी में हिंदी का इस्तेमाल बढ़ रहा है।

आज वैश्वीकरण के दौर में, हिंदी विश्व स्तर पर एक प्रभावशाली भाषा बनकर उभरी है। आज पूरी दुनिया में 175 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा पढ़ाई जा रही है। ज्ञान-विज्ञान की पुस्तकें बड़े पैमाने पर हिंदी में लिखी जा रही है। सोशल मीडिया और संचार माध्यमों में हिंदी का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। कोई भी भाषा हो उसका विकास उसके साहित्य पर निर्भर करता है। आज के तकनीकी युग में विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी हिंदी में काम को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि देश की प्रगति में ग्रामीण जनसंख्या सहित सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इसके लिए यह अनिवार्य है कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में तकनीकी ज्ञान से संबंधित साहित्य का सरल अनुवाद किया जाए। इसके लिए राजभाषा विभाग ने सरल हिंदी शब्दावली भी तैयार की है। राजभाषा विभाग द्वारा राष्ट्रीय ज्ञान-विज्ञान मौलिक पुस्तक लेखन योजना के द्वारा हिंदी में ज्ञान-विज्ञान की पुस्तकों के लेखन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे हमारे विद्यार्थियों को ज्ञान-विज्ञान संबंधी पुस्तकें हिंदी में उपलब्ध होंगी। हिन्दी भाषा के माध्यम से शिक्षित युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें, इस दिशा में निरंतर प्रयास भी जरूरी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# आसानी से फंस जाता है दलित-पिछड़ा हिंदू

देश में अवैध मतांतरण के सिंडीकेट की जड़े बेहद गहरी रही हैं। मतांतरण को बढ़ावा देने के लिए अरब और कई मुस्लिम देशों से भी हवाला आदि के माध्यम से मोटी रकम आती है। यह बात कोई दबी छिपी नहीं है, लेकिन इसके खिलाफ बने कानून कभी उतने कारगार नहीं रहे, जिससे विदेशों से मतांतरण के लिए होने वाली फंडिंग को रोका जा सके। यही वजह थी लखनऊ की एटीएस-एनआईए कोर्ट ने अवैध तरीके से मतांतरण के खिलाफ सुनवाई पूरी की, तो यहां भी इस बात का खुलासा हुआ कि विदेशी फंडिंग से मतांतरण कराने वाले के हाथ काफी लंबे हैं।



लेखक : संजय सक्सेना
वरिष्ठ पत्रकार

बहरहाल, एटीएस और एनआईए की अदालत ने विदेशी पैसे के सहारे अवैध मतांतरण कराने वाले 12 लोगों को उम्रकैद और चार लोगों को दस-दस साल की सजा सुनाई है, तो निश्चित रूप से इसका कुछ प्रभाव देखने को मिलेगा। प्रदेश में सुनियोजित ढंग से लोगों को प्रलोभन देकर मतांतरित करने के कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं और जब एटीएस ने पहली बार एक साथ इतने लोगों को सजा दिलाने में सफलता हासिल की है, तो निश्चित रूप से ऐसी गतिविधियों में कमी आएगी। जिन लोगों को सजा हुई है, वे गिरोह के रूप में लोगों को बरगलाकर हिंदू से मुस्लिम बना रहे थे और उनके निशाने पर वह वंचित एवं दलित वर्ग था, जो आसानी से थोड़ी बेहतर जिंदगी के लालच में उनके चंगुल में फंस जाता है। ऐसे लोगों का कितना ब्रेनवॉश कर दिया जाता है, इसे इस बात से ही समझा जा सकता है कि हिंदू से मुस्लिम बने युवाओं ने भी पूरी सक्रियता से मतांतरण में भाग लेना शुरू कर दिया था। बहरहाल, मतांतरण के लिए विदेशी फंडिंग की बात पहले भी सामने आती रही है। एटीएस और एनआईए को अब इस पूरे नेटवर्क को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। मतांतरण को लेकर योगी सरकार पहले से ही काफी सख्त है और इसीलिए राज्य में विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 लाया गया है।

लोगों को अपनी इच्छा से कोई भी धर्म अपनाने का अधिकार है, लेकिन यदि इसके पीछे जबरदस्ती या लोभ हो तो इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। हर धर्म की अपनी मान्यताएं हैं और उनके प्रति लोगों की आस्था जुड़ी होती है, तो इसके पीछे कई कारण होते हैं। धर्म की जड़ों को उखाड़ना आसान नहीं है, लेकिन कुत्सित मानसिकता वाले ऐसा करने का प्रयास करते हैं। मतांतरण के कुत्सित प्रयास में लगे लोग वस्तुतः समाज में असंतुलन पैदा करना चाहते हैं, इसलिए इस पर हर तरह से सख्ती की जानी चाहिए। उक्त मामले में यह भी पता चला है कि दिल्ली की एनजीओ के माध्यम से अवैध मतांतरण को बड़े पैमाने पर कराने के लिए विदेशी फंडिंग का गहरा जाल बुना गया था। एनजीओ संचालक मु.उमर गौतम व मेरठ के मौलाना कलीम सिद्दीकी ने मिलकर बड़े पैमाने पर विदेश से रकम जुटाई थी। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### मातृभाषा हिंदी



अलका कांसरा

*संस्कृत से जन्मी, हमें समृद्ध बनाती*
*अपनों से संवाद जोड़ती, हिंदी मातृभाषा अपनी ।*
*खिली-खिली सी बगिया, मातृभाषा हिंदी की*
*प्रेमचंद, शरतचंद्र, मैथलीशरण गुप्त*
*अमृतलाल नागर, शिवानी, महादेवी वर्मा*
*का जीवन से जोड़ता कथा संसार*
*हरिवंशराय बच्चन, सुमितरानंदन पंत*
*रामधारी सिंह दिनकर, सुभद्रा कुमारी चौहान*
*का रस घोलता काव्य जगत*
*किसी भी दूसरी बोली में*
*अल्पना रंगोली बंदनवार कहां*
*कहां मिलेगी दुपट्टों की किनारी*
*गोटे की चमक-दमक*
*कहां से आएगी चूड़ियों की छनक*
*ढोलक की थाप के साथ सुहाग*
*हमारी संस्कृति को संजोती*
*हमारी मातृभाषा हिंदी।*

# हिंदी एक भाषा नहीं, बल्कि एक भावना है

हिंदी, भारत की मातृभाषा है। यह सबसे अधिक बोली जाने वाली और सम्मानित भाषाओं में से एक है। भारतीयों के लिए हिंदी एक भाषा नहीं, बल्कि एक भावना है। 14 सितंबर इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है। भारतीय इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि यह देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। इस दिन को इसलिए चुना गया, क्योंकि यह ब्योहर राजेंद्र सिंहा की जन्मतिथि है। वह एक प्रमुख हिंदी विद्वान थे और हिंदी को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते थे। हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसकी लिपि देवनागरी है। यह भाषा विविध भाषाई और सांस्कृतिक परिदृश्य को एक साथ जोड़ने में एकीकृत भूमिका निभाती है। एक भाषा के रूप में हिंदी संचार के माध्यम के रूप में कार्य करती है, जो लोगों और क्षेत्रों को जोड़ती है, राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ावा देती है। हिंदी दिवस का उत्सव भाषाई और सांस्कृतिक बहुलवाद के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हिंदी दिवस पर यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि भारत कई क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के साथ भाषाई विविधता का देश है।

हिंदी दिवस राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में हिंदी को कायम रखते हुए, इस विविधता को संरक्षित और सम्मान करने की आवश्यकता की याद दिलाता है। हिंदी दिवस सिर्फ एक भाषा का उत्सव नहीं, बल्कि भारत की विविधता में एकता का भी उत्सव है। 14 सितंबर इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है। भारतीय इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि यह देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। हिंदी एक ऐसी भाषा है, जिसकी लिपि देवनागरी है। यह भाषा विविध भाषाई और सांस्कृतिक परिदृश्य को एक साथ जोड़ने में एकीकृत भूमिका निभाती है। एक भाषा के रूप में हिंदी संचार के माध्यम के रूप में कार्य करती है, जो लोगों और क्षेत्रों को जोड़ती है, राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ावा देती है। हिंदी दिवस 2024 के अवसर पर हमें अपनी भाषा का सम्मान करने और इसके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने की शपथ ले।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हिंदी दिवस का उत्सव भाषाई और सांस्कृतिक बहुलवाद के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 14 सितंबर इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है। भारतीय इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि यह देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। 26 जनवरी, 1950 को हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में अपनाया गया था, उसी दिन जब भारतीय संविधान लागू हुआ था। इस निर्णय को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया, जिसने अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी को भारत सरकार की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी, जिसका उपयोग एक संक्रमणकालीन अवधि के लिए किया जाना था। 14 सितंबर वह दिन है जब भारतीय हर साल हिंदी दिवस मनाते हैं। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो हिंदी भाषा के महत्व और योगदान को उजागर करता है।

हिंदी दिवस का पहली बार मनाया जाना 1949 में हुआ था। उस समय भारत की संविधान सभा ने हिंदी को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था। हिंदी दिवस को मनाने का निर्णय इस महत्वपूर्ण अवसर को चिन्हित करने के लिए लिया गया था। हिंदी भाषा भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह देश की विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों को जोड़ने में मदद करती है। हिंदी भाषा का व्यापक रूप से भारत में और दुनिया भर में उपयोग किया जाता है। यह शिक्षा, व्यापार, और सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में कविता पाठ, नाटक, गायन, और भाषण शामिल होते हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को हिंदी भाषा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है। हिंदी दिवस का भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा है। यह हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। हिंदी भाषा का उपयोग बढ़ने से देश की एकता और राष्ट्रीय पहचान को मजबूत करने में मदद मिली है। हिंदी भाषा का व्यापक उपयोग भारत के विकास और प्रगति में भी योगदान देता है। हिंदी दिवस भारत के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

यह हिंदी भाषा के महत्व को उजागर करता है और इसके विकास को बढ़ावा देता है। हिंदी भाषा का उपयोग बढ़ने से भारत की एकता और राष्ट्रीय पहचान मजबूत होती है। हमें हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी भाषा का सम्मान करना चाहिए और इसका उपयोग बढ़ाने के लिए प्रयास करना चाहिए। समय के साथ, आधुनिकीकरण के इस दौर में विकसित होने के साथ-साथ हमारा हिंदी का ज्ञान भी कम होता जा रहा है। इस प्रकार, हिंदी दिवस का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कारण हिंदी को एक भाषा के रूप में बढ़ावा देना है।

दूसरा कारण राष्ट्र में भाषाई इकाइयों को बढ़ावा देना है। हिंदी दिवस का उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत और बहुभाषावाद को बढ़ावा देना भी है। इससे हम अपनी राष्ट्रीय पहचान, शिक्षा और साक्षरता की रक्षा कर सकते हैं। दार्शनिकों और महान शिक्षाविदों ने कहा है कि जो राष्ट्र अपनी भाषा का सम्मान और पालन नहीं करता, उसका विनाश आसान होता है। हिंदी ने साहित्य, कला, संगीत, और फिल्म उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हिंदी साहित्य की अनगिनत रचनाएं, जैसे कि प्रेमचंद की कहानियां, हरिवंश राय बच्चन की कविताएं, और अनेक आधुनिक लेखकों की कृतियां, हमारे मन और आत्मा को छू जाती हैं। हिंदी भाषा ने हमें एक समान मंच प्रदान किया है जहां हम अपनी भावनाओं, विचारों और संस्कारों को साझा कर सकते हैं। हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका केवल साहित्यिक या सांस्कृतिक संदर्भ में ही नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक और राष्ट्रीय एकता को भी सुदृढ़ करती है। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में, हिंदी एक ऐसा साझा माध्यम है जो विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के बीच समझ और संवाद का पुल तैयार करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारतीय नारी की शोभा बिंदी से, भारत की शोभा हिंदी से

हिंदी भाषा को यदि एक मधुर भाषा की संज्ञा दी जाए, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। यह जितनी बोलने में मधुर है, उतनी ही लिखने, समझने और सीखने में सरल भी है। हालांकि विश्व की कठिनतम भाषाओं में भी प्रारंभिक 20 भाषाओं की श्रेणी में यह आती है, फिर भी इसके प्रशंसक और चाहने वालों की संपूर्ण विश्व में कमी नहीं है। भाषा-विज्ञानी इसे एक वैज्ञानिक भाषा का दर्जा देते हैं और यह हमारे लिए एक गर्व की बात है। इसके सभी वर्णों को व्यवस्थित रूप में रखा गया है।

जहां 11 स्वरों का एक नियमबद्ध प्रारूप है, वहीं इसके 33 व्यंजन भी क्रमानुसार अपना महत्व रखते हैं। उच्चारण स्थान के अनुरूप ही इन्हे कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग आदि में व्यवस्थित किया गया है। जहां तक हिंदी साहित्य की बात है, तो यह भी बहुत विशाल है। कबीर से लेकर मीरा बाई तक अध्यात्म से भरपूर साहित्य भी इसमें मिलता है और प्रेमचंद से लेकर भारतेंदु हरिशचंद्र तक कथा साहित्य और जयशंकर प्रसाद से लेकर हरिवंशराय बच्चन तक का काव्य साहित्य भी इसमें पाया जाता है। आज भी यह साहित्य निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भक्ति, प्रेम रस, दर्शन आदि से भरपूर कर देने वाला इसका साहित्य भावनाओं की अभिव्यक्ति से परिपूर्ण कर देने में सक्षम माना जाता है। वास्तव में हिंदी एक ऐसा माध्यम है, जो न केवल अक्षरों, शब्दों, वाक्यों आदि को आपस में जोड़ता है, बल्कि यह माध्यम दिलों को जोड़ने की भी ताकत रखता है। यही कारण है कि हिंदी को एक सहयोगी भाषा के रूप में भी स्वीकार किया जाता है। इसका सहयोग इस बात से भी प्रकट होता है कि यह अन्य भाषाओं के शब्दों को भी अपने में यथावत समा लेती है। उदाहरण के लिए उर्दू भाषा के शब्द ख्वाब, तालीम, शराफत जैसे शब्द हों या अंग्रेजी भाषा के शब्द स्कूल, बस, स्टेशन, साइकिल जैसे शब्द हों या संस्कृत के विद्या, विनय जैसे शब्द हों, हिंदी भाषा सभी का स्वागत करती है। ऐसा नहीं है कि इसके शब्दकोष में शब्दों की कमी हो।

लेखक : यश गोर
डीडी लाइंस, योल कैंट

इसका शब्द कोष तो अन्य भाषाओं के शब्द कोषों की भांति वृहदत्तम शब्द कोषों में से एक है। परंतु अपने शब्दों के साथ-साथ यह उन्हें भी संजोकर रखने का सामर्थ्य रखती है। जहां भारत एशिया महाद्वीप का एक हिस्सा है, वहीं एशियाई संस्कृति में भी हिंदी का दर्जा सम्माननीय है और इसे एशिया में भी प्रतिनिधि भाषा के रूप में देखा जाता है। इतना ही नहीं, संपूर्ण विश्व को एकसूत्र में बांधने का कार्य जहां अंग्रेजी भाषा करती है, ऐसा माना जाता है, वहीं भारतीय मूल के वे लोग जो विश्व के विभिन्न देशों में निवास करते हैं, वे भी इस दिशा में कम योगदान नहीं देते। संसार के लगभग 132 देशों में स्थित ऐसे भारतीय हिंदी भाषा के माध्यम से ही अपना अधिकतम कार्य संपन्न करते हैं। ऐसे लोगों की संख्या पूरे विश्व में 2 करोड़ के आसपास है।

हिंदी भाषा को बोलने-समझने वालों की संख्या विश्व में तीसरी है। इसलिए विश्व-भाषा का दर्जा पाने की दिशा में भी यह निरंतर अवाध गति से बढ़ रही है। यदि हम केवल भारत की बात करें, तो यहां भी हिंदी भाषा के अनेक समर्थक और प्रशंसक हैं। उत्तर भारत में तो लगभग अधिकतर लोग हिंदी बोलते-समझते हैं ही। अकेले उत्तर प्रदेश में 97.4 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तरांचल, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली भी ऐसे राज्यों की श्रेणी में आते हैं, जहां हिंदी पर विशेष बल दिया जाता है।

इसके अतिरिक्त पंजाब, गुजरात, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र आदि में भी हिंदी बोलने वालों की एक अच्छी संख्या है। इस प्रकार उत्तरी और मध्य भारत में हिंदी का प्रयोग तुलनात्मक रूप से अधिक होता है, परंतु दक्षिण भारत में भी हिंदी बोलने या समझने वालों की कुछ संख्या अवश्य मिलती है। कुल मिलाकर भारत में जब भाषाओं की बात आती है तो इसमें हिंदी का नाम सर्वोपरि होता है। यह न केवल भारत की राजभाषा है, बल्कि भारत में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा भी है। वर्ष 1949 में 14 सितंबर को हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया था। तब से प्रतिवर्ष 14 सितंबर हिंदी दिवस का दिन देशभर में एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इतना ही नहीं सितंबर मास के प्रथम 2 सप्ताहों को हिंदी पखवाड़े के रूप में मनाया जाता है, जो कि हमारी राजभाषा को सम्मान दिलाने का एक अच्छा तरीका है। इस अवधि में देशभर में हिंदी भाषा के विकास के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे भाषण, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी एवं नुक्कड़ नाटकों आदि का आयोजन स्कूल, कालेज आदि विभिन्न स्तरों पर किया जाता है। सचमुच यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। इतना ही नहीं दक्षिण भारत में हिंदी का प्रचलन कम होने के बावजूद मुंबई फिल्म उद्योग में प्रतिवर्ष पूरे विश्व की तुलना में सर्वाधिक फिल्में बनाई जाती हैं और उनमें भी हिंदी फिल्मों की संख्या सर्वाधिक होती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### इंटक महासंघ की बैठक 17 को भीमा काली मंदिर में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ की बैठक 17 सितंबर को मां भीमाकाली मंदिर मंडी में आयोजित होगी। जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि बैठक में जिला मंडी के समस्त कार्यकर्ता भाग लेंगे और पंचायत चौकीदार, जल रक्षक, पंप ऑपरेटर, मल्टीपर्पज वर्कर, जल वाहक, आउटसोर्स, कर्मचारी आदि भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अपना मांग पत्र बनाकर लाएंगे, ताकि बैठक में उन्हें रखा जा सके। तदोपरांत एक मांग पत्र तैयार कर मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। 2 अक्तूबर को बद्दी में इंटक महासंघ के द्वारा मजदूर दिवस मनाया जा रहा है।

### सीपीआई (एम) ने सीताराम येचुरी को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की मंडी जिला कमेटी ने पार्टी के महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। 12 सितंबर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में उनका निधन हो गया। सीपीआई (एम) के राज्य सचिवालय सदस्य एवं जिला कमेटी के सचिव कुशाल भारद्वाज ने पार्टी की जिला कमेटी की तरफ से बयान जारी करते हुए कहा कि येचुरी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के शीर्ष नेता और एक प्रसिद्ध मार्क्सवादी विचारक थे। येचुरी का जन्म 12 अगस्त, 1952 को तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के तेलुगु ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उन्हें 2017 में सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार दिया गया था।

### आयुर्वेदिक फार्मेसी कॉलेज में बताई सरकार की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग के जोगिंद्रनगर स्थित सहायक लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय के माध्यम से शुक्रवार को आयुर्वेदिक फार्मेसी कॉलेज जोगिंद्रनगर में प्रदेश सरकार की विभिन्न विकासात्मक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। पात्र विद्यार्थियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया गया। विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया और प्रदेश सरकार की हिम समाचार ऐप बारे भी जानकारी दी गई तथा इसे विद्यार्थियों के स्मार्टफोन में डाउनलोड भी करवाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. राकेश थम्मन ने की।

### आदर्श कन्या स्कूल में मनाया हिंदी दिवस



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण, नारा लेखन, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में पल्लवी प्रथम, कनिका और महक ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। निबंध लेखन में पल्लवी प्रथम, अनामिका द्वितीय और वंशिका पठानिया तृतीय रही। नारा लेखन में दिया प्रथम, मुस्कान द्वितीय और वंशिका तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य सुनील दत्त ठाकुर ने हिंदी दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए और सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### अरविंद केजरीवाल की जमानत पर बांटी मिठाई



अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नेरचौक में अरविंद केजरीवाल की जमानत पर खुशी का जश्न मनाया और मिठाई बांटकर पटाखे फोड़े। जिसकी अध्यक्षता राकेश रावत जिला इंचार्ज मंडी द्वारा की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरह सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आप इतने अधिक समय तक जांच के बहाने किसी को जेल में नहीं रख सकते और केजरीवाल की रिहाई भाजपा के ऊपर एक तमाचा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सीबीआई और ईडी जैसी जांच एजेंसी का दुरुपयोग अपने निजी स्वार्थ के लिए कर रही है।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ऋग्वेद सदन प्रथम



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय हिंदी दिवस के उपलक्ष पर हिमालय स्कूल सरकाघाट में हिंदी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी का आयोजन अध्यापकों द्वारा चारों सदनों के विद्यार्थियों के बीच करवाया गया। प्रतियोगिता का मंच संचालन मनीषा चंदेल तथा अत्री राणा ने किया। लता और शैलजा ने समय प्रबंधक की भूमिका निभाई। सुनीला ने गणक के रूप में कार्य किया, कंचन शर्मा तथा राकेश कुमार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक रहे। हिंदी प्रश्नोत्तरी को तीन चरणों में पूरा किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा तथा प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने की। प्रश्नोत्तरी में ऋग्वेद सदन ने प्रथम, सामवेद द्वितीय तथा यजुर्वेद सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### कौंसिल में जायका परियोजना के तहत लगाया कैंप

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जायका परियोजना के तहत सरकाघाट उपमंडल के कौंसिल गांव में शुक्रवार को फार्म मैनेजमेंट एंड बुक कीपिंग कैंप का आयोजन किया गया। परियोजना के कृषि विस्तार अधिकारी निशांत पराशर और सुपरवाइजर रोहित राणा द्वारा यह जानकारी देते हुए बताया कि सब प्रोजेक्ट में होने वाले कार्य जैसे की कूल्हों का निर्माण, वाटर स्टोरेज टैंक आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही बताया कि पावर फीडर, पावर टिलर, ब्रश कटर, थ्रेशर, चैफकटर पर 50 सब्सिडी का प्रावधान प्रोजेक्ट द्वारा दिया जाएगा। इस कूहल के तहत 7.44 हेक्टेयर रकबा सिंचित होगा। उन्होंने परियोजना के अंतर्गत फार्म मेकेनाइजेशन के अंतर्गत पावर टिलर, पावर वीडर, चाफ कटर, टूल किट बारे में लोगों को अवगत कराया।

### पंचायत करेगी जिला स्तरीय मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला स्तरीय खयोड़ मेले का आयोजन अब ग्राम पंचायत द्वारा ही किया जाएगा। इस आशय के आदेश आज उच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए हैं। जारी आदेशों में कहा गया है कि ग्राम सभा के क्षेत्र में मेले व दुकान इत्यादि लगाने का अधिकार पंचायती राज अधिनियम में पंचायतों को दिया हुआ है। न्यायालय द्वारा जिला प्रशासन के उन आदेशों को अंतरिम स्थगन दे दिया है जिसमें पंचायत से इस आयोजन को वापिस ले लिया गया था।

# हिंदू संगठनों ने शंख बजा किया प्रदर्शन

## प्रदर्शनकरियों ने तोड़े बैरिकेडस, पुलिस को करना पड़ा वाटर कैनन का इस्तेमाल

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी शहर के जेल रोड स्थित अवैध मस्जिद मामले में शुक्रवार को शहर में खूब बवाल मचा। शहर में विभिन्न हिंदू संगठनों ने अवैध मस्जिद को गिराने को लेकर खूब हल्ला किया। इस दौरान हिंदू संगठन हनुमान चालीसा का पाठ, जय श्री राम के नारे और शंख बजा कर प्रदर्शन करते हुए नजर आए। प्रदर्शनकारियों ने सेरी मंच से भूतनाथ मंदिर होते हुए पूरे शहर में नारेबाजी कर रोष रैली निकाली और पुरी मस्जिद को गिराने की मांग करते रहे।

जैसे ही प्रदर्शनकारी जेल रोड की ओर बड़े तो आगे पुलिस द्वारा लगाए गए बैरियर का सामना करना पड़ा। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच खूब झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडस को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने वाटर कैनन से प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ दिया लेकिन प्रदर्शनकारी फिर भी नहीं माने और पुलिस लगातार वाटर कैनन का इस्तेमाल करती रही। इस बीच मौके पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन और एसपी मंडी साक्षी वर्मा मौके पर पहुंची और लोगों को शांत करने की अपील करते रहे लेकिन प्रदर्शनकारी फिर भी नहीं माने और अवैध मस्जिद को तोड़ने की मांग करते रहे। इस दौरान प्रशासन द्वारा धारा 163 भी लगाई गई थी लेकिन उसका भी पालन नहीं हो पाया। (अनंत ज्ञान)



प्रदर्शनकारियों के ऊपर बज्र वाहन से पानी की बौछारें बरसाते हुए।

> लोगों को शांत करने के बाद उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि लोगों को अपनी बात रखने का हक है, वे शांतिपूर्वक अपनी बात रख सकते हैं। उन्होंने कहा की मस्जिद का जो ढांचा बना है उसे टीसीपी रूल के तहत नहीं बनाया गया है। नगर निगम के कोर्ट ने 30 दिन के भीतर अवैध ढांचे को तोड़ने की बात कही है। मौजूदा समय में भवन की बिजली पानी काट दी गई है। प्रशासन नियमों के तहत कार्रवाई कर रहा है। **–अपूर्व देवगन, उपायुक्त मंडी**

> नगर निगम मंडी के कमिश्नर एचएस राणा ने कहा कि मंडी में बनी अवैध मस्जिद का मामला नगर निगम के ध्यान में मार्च 2024 में आया था। मस्जिद का निर्माण टीसीपी रूल के तहत नहीं किया गया था जिस पर लगातार भवन निर्माण कार्य में लगे लोगों को नोटिस जारी किए गए, लेकिन उन्होंने नगर निगम की कोई बात नहीं मानी और भवन निर्माण कार्य में लगे लोगों को भी अपनी बात रखने का समय दिया गया। 6 सुनवाई होने के बाद पाया गया भवन को बिना टीसीपी रूल और बिना मैप से बनाया गया है। एचएस राणा ने बताया कि जिन लोगों ने इस भवन का निर्माण किया है उन्हें फैसला सुनाते हुए हिदायत दी गई है की खुद ही इस बिल्डिंग को 30 दिन के भीतर तोड़ दिया जाये। अगर ऐसा नहीं किया जाता तो विभाग की टीम द्वारा उनसे खर्चा वहन कर कार्रवाई करेगी। कमिश्नर ने बताया कि एहले इस्लाम के नाम पर 231 स्क्वायर मीटर लैंड है, लेकिन विभाग की टीम पर द्वारा जांच करने पर वह 241 स्क्वायर मीटर पाई गई है। **– एचएस राणा, कमिश्नर नगर निगम मंडी**

# डडोर वार्ड के पार्षद चुनाव के लिए दो महिलाओं ने भरा नामांकन

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

पिछले कई वर्षों से नगर परिषद का विरोध कर रहे नगर परिषद वार्ड नंबर 9 डडोर के ग्रामीणों को शुक्रवार को उस समय जोरदार झटका लगा है, जब भावना कुमारी नामक महिला ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया। हालांकि, नामांकन के आज अंतिम दिन ग्रामीण भारी तादाद में एसडीएम कार्यालय नेर चौक सुबह ही पहुंच गए थे तथा चुनाव का विरोध करने के लिए धरने पर बैठे हुए थे।

**ग्रामीणों की पंचायत बनाने की मुहिम को लगा धक्का**

बावजूद इसके भावना नामक महिला अचानक एसडीएम कार्यालय पहुंची और लोगों के विरोध को दरकिनार कर इसने वार्ड नंबर 9 से पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया जिससे सभी ग्रामीण दंग रह गए।

ग्रामीणों ने महिला को समझने का प्रयास किया मगर उसने किसी की नहीं सुनी। मजबूरन ग्रामीणों ने गीता देवी नामक एक अन्य महिला से भी नामांकन दाखिल करवा दिया जिससे अब भावना व गीत दो महिलाओं के नामांकन नगर परिषद वार्ड नंबर 9 के लिए दाखिल हुए हैं जिनकी जांच पड़ताल 16 सितंबर को की जाएगी। 18 सितंबर को नामांकन वापस लेने की तिथि निर्धारित की गई है। यदि नगर परिषद का विरोध कर रहे हैं ग्रामीणों की बात नामांकन भरने वाली महिला नहीं मानती है तो 29 सितंबर को होने वाले चुनाव में भावना व गीता दोनों आमने-सामने होंगी। उस स्थिति में नगर परिषद नेर चौक को 9 नंबर वार्ड से पार्षद मिल जाएगा तथा ग्रामीणों की नगर परिषद के विरोध की महिम असफल हो जाएगी। नगर परिषद के विरोध में एसडीएम कार्यालय में पहुंचे ग्रामीणों ने अभी हार नहीं मानी है इनका कहना है कि अंतिम क्षणों तक भावना कुमारी को मनाने का प्रयास करेंगे और यदि उसने नामांकन वापस ले लिया तो हम भी गीता देवी का नामांकन वापस करवा देंगे।

### डीएवी नेरचौक में लगाया दंत चिकित्सा शिविर

**नेरचौक।** डीएवी पब्लिक स्कूल नेरचौक में 12 सितंबर वीरवार को दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों के दांतों की जांच की गई। दांतों को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न तरीके जैसे सही ढंग से ब्रश कैसे करना फ्लॉस का इस्तेमाल इत्यादि करना बताया गया। इस मौके पर सभी छात्रों के साथ कई ज्ञानवर्धक खेल भी खेले गए। जिससे उनको मौखिक रूप से सेहत के बारे में जागरूक किया गया। यह शिविर सुंदरनगर के दंत चिकित्सकों की एक विशेषज्ञ टीम द्वारा आयोजित किया गया। इस शिविर में डेंटल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल एवं प्रधानाचार्य प्रशांत शर्मा उपस्थित रहे। वहीं, दंत चिकित्सकों में डॉक्टर साहिल नेगी सहित अन्य दंत चिकित्सकों की टीम शामिल रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रशांत शर्मा जी ने डॉक्टरों की टीम का हार्दिक धन्यवाद करते हुए कहा कि बच्चों की सेहत और देखभाल के लिए आप सबका योगदान अमूल्य है।

# बचपन से दें विद्यार्थियों को हिंदी का ज्ञान, बेहतर होंगे परिणाम

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**



हिंदी दिवस पर परिचर्चा करते नवल निराला, चेतन लता, मोनिका गुप्ता, राजेंद्र ठाकुर, पूजा ठाकुर, कुलदीप चंद।

**अनंत ज्ञान विशेष**

हिंदी भाषा के प्रचार, प्रसार, उपयोग और प्रोत्साहन के लिए समर्पित 'हिंदी दिवस' हर वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है। संविधान सभा ने इसी दिन 1949 में यह निर्णय लिया था कि हिंदी केंद्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी। इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने हेतु 1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को मनाया जाता है।

'अनंत ज्ञान' द्वारा हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर परिचर्चा में शिरकत करते हुए सेवानिवृत्त हिंदी प्रवक्ता नवल निराला ने कहा कि विडंबना यह है कि भारत की सबसे लोकप्रिय भाषा व आधिकारिक भाषा होने के बावजूद हिंदी राष्ट्रभाषा का दर्जा पाने में असमर्थ रही है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थापित करने के लिए काका कालेलकर, हजारी प्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविंद दास आदि विद्वानों ने अथक प्रयास किए हैं।

लेखिका व पत्रकार चेतन लता हिंदी भाषा को अपना अभिमान व पहचान मानती है उनका यह भी कहना है कि हिंदी भाषा थोड़ी पिछड़ रही है क्योंकि अंग्रेजी माध्यम को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है। कई बच्चों को हिंदी में एक दो तीन कहना भी नहीं आता वे अंग्रेजी में वन, टू, थ्री समझते हैं जो चिंता का विषय है, ऐसा नहीं कि अंग्रेजी माध्यम की खिलाफत हो लेकिन हिंदी भाषा हिंदुस्तान का अस्तित्व है।

हिंदी शिक्षिका मौनिका गुप्ता ने कहा हिंदी भाषा हमारे राष्ट्र की गरिमा और गौरव का प्रतीक है। हिंदी जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक है। इसे बढ़ावा देना सभी का सामूहिक दायित्व है। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि हिन्दी भाषा सहज और सरल है। भारत का जनमानस अपनी मातृ भाषा मे अपने विचार उन्मुक्त भाव से व्यक्त कर सकता है। अन्य भाषाएं भी सीखनी चाहिए लेकिन अधिमान अपनी मातृभाषा को ही देना चाहिए क्योंकि मौसी कभी मां नही हो सकती। प्रत्येक व्यक्ति दैनिक जीवन मे अपने अधिकार क्षेत्र में होने वाले काम हिंदी में करने चाहिए। केवल सरकार और विभाग के भरोसे बैठकर ही काम नहीं होगा।

हिंदी शिक्षिका पूजा ठाकुर का मानना है कि यदि विद्यार्थियों को बचपन से ही हिंदी के महत्व का ज्ञान दिया जाए तो इस भाषा का उत्थान स्वयमेव ही होता चला जाएगा। प्रशिक्षित हिंदी स्नातक शिक्षक कुलदीप चंद का कहना है कि भारत का गौरव, भारत की शान, हम सब का अभिमान, राजभाषा का है। गौरव देश-विदेश में फैला इसका सौरभ, आत्मीयता का वरदान, अपना स्वाभिमान हिन्दी है। (अनंत ज्ञान)

### मौका परस्त कर रहे देश छवि को नष्ट : सन्नी ईपन



**मंडी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सह संयोजक सन्नी ईपन ने चिंता जताते हुए कहा कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश में अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के अवैध मस्जिद के निर्माण को लेकर शिमला और मंडी में बहुसंख्यक हिंदुओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया, वह चिंतनीय है। सन्नी ईपन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक शांतिप्रिय राज्य है, लेकिन अब देखा जा रहा है कि भाजपा द्वारा सत्ता में आने का एकमात्र मुद्दा राजनीति है और उन्होंने एक बार फिर हिमाचल प्रदेश के भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसाना शुरू कर दिया है। भारत में सभी धर्मों को एक साथ रहने का अधिकार है, लेकिन बड़े दुख की बात है कि आज कुछ मौका परस्त लोग हमारे देश की महान छवि को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं।

### उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 15 को सराज क्षेत्र के प्रवास पर

**मंडी।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 15 सितंबर को सराज विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान वह 15 सितंबर को दोपहर एक बजे जंजैहली पहुंचेगे तथा जंजैहली में 'सराज टैलेंट एवं पर्यटन महोत्सव-2024' के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके उपरांत दोपहर बाद 3.30 बजे मुकेश अग्निहोत्री थुनाग में ग्राम पंचायत लंबाथाच व रोड के गांव बालेन्डा तथा हलीन के लिए निर्मित होने वाली उठाऊ सिंचाई योजना तथा ज्वाल खड्ड तथा बगसैड नाला में बाढ़ नियंत्रण कार्य का शिलान्यास करेंगे। उपमुख्यमंत्री सायं 4 बजे के बाद लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह थुनाग में आम लोगों से मिलेंगे। उनका रात्रि ठहराव जल शक्ति विभाग विश्राम गृह जंजैहली में होगा तथा 16 सितंबर को सुबह वे शिमला के लिए रवाना हो जाएंगे।

### पनारसा महाविद्यालय में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर-रेंजर इकाई एवं रेड-रिबन क्लब द्वारा गैर सरकारी संस्था युवा, एसबीआई बैंक, आश्रय फाउंडेशन, भानु हॉस्पिटल एवं भुंतर वेली हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. उरसेम लता द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण लाल ने बताया कि शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर बुलाए गए थे। शिविर के दौरान न केवल महाविद्यालय के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की अपितु ग्राम पंचायत कोटा धार के विभिन्न गांव से आए हुए लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।

### अखिल भारतीय ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता 24 से

मंडी। पिछले साल गोल्डन जुबली मनाने के बाद इस बार 51वीं अखिल भारतीय ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के सचिव राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता 24 से 29 सितंबर तक होगी। हिमाचल प्रदेश की इस प्रमुख फुटबॉल प्रतियोगिता जो पिछले 50 सालों से लगातार हर साल मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में खेली जा रही है को नाक आउट व लीग आधार पर खेला जाएगा। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आठ टीमें भाग लेंगी।




### जागरूकता और उपचार से ही बीमारियों से हो सकता है बचाव : नंदा शर्मा

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग में चल रहे एचआईवी/एड्स जागरूकता व स्वास्थ्य जांच अभियान के अंतर्गत आईसीटीसी करसोग की टीम द्वारा सामुदायिक भवन चुराग में जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। महिला मंडल प्रधान शांता शर्मा के सहयोग से आयोजित किए गए इस जागरूकता सत्र में एसवीएम स्कूल के विद्यार्थियों की काउंसलिंग कर, उन्हें इसके प्रति जागरूक किया गया। काउंसलर नंदा शर्मा ने बताया कि स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स, हैपेटाइट्स-बी, हैपेटाइट्स-सी, सिफली और क्षय रोग (टीबी) के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता राकेश कुमार द्वारा सत्र के दौरान नशीली दवाओं के दुरुपयोग, सुई साझा करना, पोषण आदि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जागरूकता सत्र के दौरान महिला मंडल सदस्यों को भी गांवों के आम लोगों को इन बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया ताकि क्षेत्र के सभी लोगों की स्वास्थ जांच करवाई जा सके।

# करसोग के अखरोट और कुल्लू के सेबों से महकेगी धर्मपुर की सायर

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



अखरोट को पैक करती हुई महिलाएं।

एफपीओ धर्मपुर ने सोमवार को होने वाले नई फसल के पर्व सायर के लिए इस बार करसोग और निहरी क्षेत्र से बीस हजार अखरोट और दो हजार किलो सेब लाकर सदस्यों को आज उनके घर द्वारा पहुंचा दिए। इसके साथ-साथ एफपीओ द्वारा निर्मित शुगर कंट्रोल आटा और मशरूम भी इस त्योहार के लिए सभी जगह पहुंचाया जा रहा है, जिसकी सप्लाई आज से शुरू की गई और रविवार तक जारी रहेगी।

अध्यक्ष सतपाल और सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि करसोग के चुराग में नाबार्ड के सहयोग से महिलाओं द्वारा चलाई जा रही ग्राम दुकान की प्रभारी किरण और निहरी की साक्षरता कार्यकर्ता शीला के माध्यम से किसानों से कागजी किस्म के 20 हजार अखरोट एकत्रित किए हैं, तो भुंतर फल एवं सब्जी मंडी से एफपीओ के उपाध्यक्ष रणताज राणा और रूपचंद ने सेबों की खरीद की है जो आज गाड़ियों में धर्मपुर के सभी क्षेत्रों में पहुंचा दी गई। इसी प्रकार मिश्रित आटा और मशरूम भी जो स्थानीय उत्पाद हैं उन्हें भी गांव-गांव में पहुंचाया गया है। सतपाल ने कहा कि सभी प्रकार के उत्पाद बाजार भाव से 30 से 40 प्रतिशत कम रेट पर दिए गए हैं और उनकी क्वालिटी भी उत्तम किस्म की है।

उन्होंने बताया कि एफपीओ की कोशिश रहेगी कि वे यहां पर अच्छी किस्म के उत्पाद जो मंडी जिला के दूसरे एफपीओ द्वारा तैयार किए जा रहे हैं, उन्हें यहां पर पहुंचाया जाए, जिसके चलते सर्दियों में माह, राजमाह, कोल्थ, बाली इत्यादि दालें जो पहाड़ी इलाकों में होती हैं उसे भी मांग के आधार पर यहां उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अलावा सर्दियों में गर्म शालें, मफलर, स्टॉल, पहाड़ी टोपियां और बास्केट इत्यादि भी मुहैया कराई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# एसबीआई ने धर्मपुर ग्रामीण आदर्श स्कूल के रसोई घर का किया नवीनीकरण



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

किया भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से धर्मपुर ग्रामीण आदर्श विद्यालय बहरी के रसोई घर, छत, व दो कमरों का नवीनीकरण किया गया तथा 12 पंखे, 2 कंप्यूटर टेबल, 1 कंप्यूटर, प्रिंटर को विधायक चंद्रशेखर के माध्यम से स्कूल को भेंट किया। उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विजय कुमार गुप्ता ने धर्मपुर ग्रामीण आदर्श विद्यालय बहरी को भविष्य में सुविधाओं से और स्दृढ़ किया जाएगा, विधायक चंद्रशेखर ने उपस्थित विजय कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक एसबीआई रविंद्र कुमार, धर्मपुर शाखा प्रबंधक राकेश कुमार, प्रबंधक संजीव शर्मा, उपप्रबंधक राकेश वर्मा, स्कूल प्रबंधक समिति अध्यक्षा निटी ठाकुर, समिति सदस्य, स्थानीय ग्रामीण व बच्चो ने भाग लिया।

# सीवरेज लाइन को घरों से जोड़ना करें सुनिश्चित : उपायुक्त देवगन



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एनजीटी मामलों के संबंध में गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक उपायुक्त कार्यालय सभागार मंडी में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने की। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी शहरी निकायों व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने की आवश्यकता है, जिसके लिए हमें और अधिक प्रयास करने होंगे।

उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए सुंदरनगर शहर के लिए इस वित्त वर्ष में 68 लाख रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, जिसके लिए कुछ विभागों द्वारा अभी तक अपना एक्शन प्लान नहीं बनाया गया है, जिसे वह शीघ्र बनाएं। उन्होंने शहरी निकायों व जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि जहां पर अभी तक सीवरेज लाइन को घरों से नहीं जोड़ा गया है, उसे दोनों विभाग मिलजुल कर जोड़ना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग को कहा कि तय मानकों के मुताबिक नगर निकायों द्वारा एकत्रित प्लास्टिक बेस्ट को सड़क निर्माण की टायरिंग में उपयोग लाना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग इस पर कार्य करना शीघ्र आरंभ करें। बैठक में शहरी निकायों में वायु गुणवता सुधारने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा उपायुक्त द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी एवं टास्क फोर्स के सदस्य सचिव विनय कुमार ने मदवार सभी मुद्दों को समीक्षा के लिए बिंदुवार प्रस्तुत किया।

**खतरा** जल शक्ति विभाग की लापरवाही से फैला पीलिया, चार की मौत

# गरोरू में सीवरेज लीकेज से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



फाइल फोटो

जोगिंद्रनगर में शुक्रवार को नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं. 2, गरोरू में सीवरेज लीकेज की समस्या ने स्थानीय निवासियों का जीना दूभर कर दिया है। पिछले कई महीनों से यह समस्या बनी हुई है, जिससे न केवल इलाके में बदबू फैली है, बल्कि गंभीर बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। हालांकि 25 मई 2024 को जल शक्ति विभाग को इस समस्या के समाधान के लिए 20.93 लाख रुपए जारी किए गए थे, लेकिन विभाग की सुस्ती और लापरवाही के चलते अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वार्ड में सीवरेज चैंबर की लीकेज लगातार बढ़ती जा रही है, और यह लीकेज राणा खड्ड तक पहुंच रही है, जो शहर और आसपास के क्षेत्रों के लिए पेयजल का स्रोत है।

सीवरेज की गंदगी राणा खड्ड तक मिल रही है, जहां से टिकरू धार, राणा रोपा और लडभड़ोल क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सीवरेज लीकेज के कारण पीने के पानी में भी गंदगी मिल रही है, जिससे पीलिया जैसी गंभीर बीमारी फैल गई हैं। पिछले कुछ महीनों में इस बीमारी से चार लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों लोग इससे प्रभावित हैं।

स्थानीय पार्षद राजीव कुमार ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कई बार विभाग को लिखा गया और अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जलशक्ति विभाग की लापरवाही के कारण न केवल सीवरेज की समस्या बढ़ी है, बल्कि स्वास्थ्य संकट भी उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि 20 सितंबर तक विभाग ने यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया तो आम जनमानस के साथ मिलकर जलशक्ति विभाग के कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### वार्डों में अधूरी सीवरेज व्यवस्था

**पार्षद** ने यह भी मांग की कि नगर परिषद के अन्य वार्डों में भी जिन क्षेत्रों को अब तक सीवरेज व्यवस्था से नहीं जोड़ा गया है, वहां जल्द से जल्द इस व्यवस्था को लागू किया जाए। वार्ड नं. 2 गरोरू की सीवरेज समस्या के साथ-साथ अन्य वार्डों में भी स्थिति बेहतर करने की जरूरत है।

### स्थानीय जनता में गहरा आक्रोश

**लीकेज** के कारण उत्पन्न हुई बदबू और गंदगी से परेशान स्थानीय निवासियों ने भी विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि जलशक्ति विभाग के पास धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे उनकी समस्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। कई बार शिकायतें करने के बावजूद अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं।

### आंदोलन की चेतावनी

**स्थानीय** लोगों और पार्षद ने साफ कर दिया है कि यदि समय रहते सीवरेज लीकेज की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। जनता ने विभाग को चेतावनी दी है कि अब और अधिक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और विभाग के कार्यालय का घेराव करने के लिए क्षेत्रीय लोग तैयार हैं।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं प्रेम पाल** पुत्र हरी सिंह निवासी गांव पिपली, डाकघर कुराटी, तहसील जोगिन्द्रनगर, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम प्रेम पाल है जबकि ग्राम पंचायत के जन्म रिकार्ड में मेरा नाम प्रेम पाल सिंह दर्ज है। अतः प्रेम पाल और प्रेम पाल सिंह एक ही व्यक्ति है। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्र मर्डर केस में ड्रग्स का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एनआईटी हमीरपुर में कुछ समय पूर्व एक छात्र द्वारा नशे की ओवरडोज से हुई मृत्यु में मुख्य सप्लायर की गिरफ्तारी हो गई है। उल्लेखनीय है की एनआईटी हमीरपुर के धौलाधार छात्रावास में एक प्रशिक्षु छात्र अपने कमरे में नशे के ओवरडोज की बजह से मृत हालत में पड़ा हुआ पाया गया था। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने बताया की पोलिस अन्वेषण के दौरान आरोपियों से पूछताछ के दौरान बैकवर्ड लिंकेज की जांच में पाया गया कि इस नेटवर्क में संलिप्त कुलविन्द्र सिंह उर्फ काका पुत्र सतपाल सिंह गांव व डाकघर डगांणा कलां थाना मॉडल टाउन होशियारपुर जिला होशियारपुर पंजाब से हेरोइन (चिट्टा) खरीदा गया था। आरोपी कुलविन्द्र सिंह उर्फ काका को आज डॉ. राधा कृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में चिकित्सा परीक्षण करवा कर अब माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

### चौकीमन्यार स्कूल में आधार की त्रुटियों में सुधार



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौकीमन्यार स्कूल में जिला ऊना पोस्ट ऑफिस के अधीक्षक मुनीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को चौकीमन्यार स्कूल में छात्र-छात्राओं जिनकी उम्र 15 वर्ष से अधिक है, उनके आधार कार्ड में पाई जा रही त्रुटियों की जांच पड़ताल की गई, जिनके आधार कार्ड में त्रुटियां पाई गई, उनकासुधार किया गया।इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य मनोहर लाल शर्मा,विजय शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### स्वयंसेवकों को कानून के पहलुओं की दी जानकारी



**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में चल रहे एनएसएस शिविर के दौरान एडवोकेट राज कुमारी शर्मा ने बच्चों को कानून से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पिरथीपुर स्कूल की प्रिंसिपल पूनम शर्मा, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी सतीश मन्हास, महिला कार्यक्रम अधिकारी, वरिष्ठ सहायक अनुभव शर्मा व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### शिमला मामले में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में राजधानी शिमला के संजौली में बनी अवैध मस्जिद निर्माण को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। वहीं, मांगों को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल एसडीएम बंगाणा के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। इकाई ने मांग की है की संजौली में अवैध तौर पर मस्जिद का निर्माण और वहां से गैरकानूनी गतिविधियों का संचालन आजकल समूचे शहर में रोष और तनाव का कारण बना हुआ है। इसलिए राज्यपाल महोदय से गुहार लगाई गई है की इस पूरे प्रकरण पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

### पोषण माह के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत खंड स्तरीय शिविर बाल विकास परियोजना गगरेट वृत्त अंबोटा में जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में वृत्त स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वृत्त पर्यवेक्षक तृप्ता मिन्हास ने पोषण के अन्तर्गत मोटे अनाज के बारे में व विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी।




### कुटलैहड़ में 25 हजार सदस्य जोड़ने का लक्ष्य : राजेश



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हमीरपुर लोकसभा के भाजपा सदस्यता प्रभारी एवं पूर्व विधायक गगरेट राजेश ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय भाजपा सदस्यता अभियान के तहत हमीरपुर लोकसभा में पांच लाख से ज्यादा भाजपा सदस्य बनाने के लक्ष्य को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में 25 हजार से ज्यादा भाजपा सदस्य बनाएगी।

### मुकेश पूबोवाल से करेंगे पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 14 सितम्बर को ऊना जिला के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान मुकेश अग्निहोत्री हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांव पूबोवाल में सुबह 11 बजे 75वें वन महोत्सव पर पौधरोपण करके कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी।

### एनएसएस शिविर में प्रभात फेरी निकाली

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर के पांचवे दिन स्वयं सेवियों ने प्रभात फेरी निकाली तथा योगाभ्यास करवाया। स्कूल परिसर के आस पास उगी झाड़ियों की कांट छांट की तथा वातावरण को पूरी तरह से स्वच्छ बनाने मे सहयोग दिया। शिविर में बौद्धिक सत्र में हैड कांस्टेबल विपिन कुमार व आरक्षी अवतार सिंह रिसोर्स पर्सन रहे। उन्होंने स्वयं सेवियों को साइबर क्राइम तथा यातायात नियमो के बारे में बताया।

### विदेशों में हंसी का पात्र बन रहे राहुल गांधी : बलबीर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** देश की झूठी कहानी बनाकर राहुल गांधी विदेशों में खुद हंसी के पात्र बन रहे हैं। राहुल गांधी अब भारत सरकार में विपक्ष के नेता हैं। कम से कम उन्हें अब अपनी कुर्सी की मर्यादा को रखना चाहिए। जिला भाजपा अध्यक्ष बलबीर चौधरी ने कहा कि आज राज्य सरकार की स्थिति बैसाखियों पर पहुंच गई है और पौने दो वर्ष के कार्यकाल में राज्य सरकार झूठ बोलने के अलावा कोई विकास नहीं करवा पाई है। उपचुनावों मिली हार और भितरघात पर बलबीर चौधरी ने कहा कि गगरेट और कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा के दोनों धड़ों को लेकर भाजपा हाईकमान जल्द फैसला लेने वाला है और बहुत जल्द दोनों विधानसभा क्षेत्र में सभी भाजपा नेता एकजुट होकर भाजपा के लिए कार्य करेंगे।

### बसाल में मनाया हरित खनन दिवस



**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के बसाल में हरित खनन दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर पौधरोपण कार्यक्रम में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, उपायुक्त ऊना जतिन लाल और पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने भाग लिया और पौधरोपण किया। उन्होंने आम के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस प्रकार के प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। बता दें जिला क्रशर एसोसिएशन ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए अब से हर वर्ष 13 सितंबर को हरित खनन दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला क्रशर एसोसिएशन ने वन विभाग के साथ मिलकर यह कार्यक्रम आयोजित किया था। कार्यक्रम में आम, अमरूद, जामुन, आंवला और कचनार के करीब 1100 पौधे लगाए गए। इसके अलावा, कार्यक्रम में उपस्थित रूद्रा अंतरराष्ट्रीय पब्लिक स्कूल के बच्चों को 4000 पौधे वितरित किए गए ताकि वे भी पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकें।

# वॉलीबाल में बंगाणा बना विजेता

## लठियानी में खंड स्तरीय अंडर-19 छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**विनोद शर्मा, लठियानी**

लठियानी में खंड स्तरीय अंडर-19 छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर शिक्षा निदेशक संजय कौशल ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलें भी बहुत जरूरी हैं और हमेशा अपने माता-पिता और गुरुजनों का आदर करना चाहिए ।


शिक्षा निदेशक संजय कौशल ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित।

मुझे यहां पर जानकारी मिली की छात्राओं ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और सभी स्कूलों की छात्राएं बहुत ही बढ़िया अनुशासन में रहीं। मैं जीतने वालों को बधाई देता हूं और उपविजेताओं को बहुत-बहुत बधाई देता हूं क्योंकि उपविजेता बनना भी आसान नहीं होता है।

वॉलीबाल में पहला स्थान लठियानी व दूसरा स्थान बंगाणा ने हासिल किया, खो खो में धुंधला स्कूल पहले स्थान पर और रायपुर मैदान दूसरे स्थान पर रहा, कबड्डी में पहला स्थान थानाकलां, दूसरा स्थान धमांदरी ने हासिल किया। बैडमिंटन में पहला स्थान बोल व बंगाणा ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा शतरंज में गवर्नमेंट हाई स्कूल तनोह ने पहला स्थान एवं तलाई ने दूसरा स्थान हासिल किया।

मार्चपास्ट में लखानी स्कूल ने बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर पहला स्थान हासिल किया। स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। छात्राओं को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। राजेंद्र कौशल ने स्थानीय स्टाफ और प्रधानाचार्य की बहुत ही प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यहां पर बच्चों के खाने का और ठहरने का बहुत ही अच्छा इंतजाम किया था। शिक्षा निदेशक ऊना राजेंद्र कौशल ने शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब के प्रधान व सदस्यों का भी इस प्रतियोगिता में भरपूर सहयोग देने के लिए भी आभार जताया ।

इस मौके पर एसएमसी प्रधान दर्शन सिंह, प्रधानाचार्य राजकुमार धीमान, शिक्षक संघ के अध्यक्ष दविंदर सिंह, बेली पंचायत के प्रधान जोगिंदर शर्मा व उपप्रधान निर्मल सिंह ठाकुर, रविंद्र शर्मा, जगमोहन सिंह, राजेश कुमार, अशोक धीमान, शशि पॉल शर्मा, हरविंदर सिंह, देवेंद्र सिंह बेली, राजीव कुमार, रवि कुमार, बलवीर चंद, सरीना देवी, मनीष शर्मा चेतन जायसवाल, वीना कुमारी, ज्योत्सना शर्मा, सभी स्कूल के सभी शिक्षक व अन्य स्कूलों के शारीरिक अध्यापक व खिलाड़ी इस मौके पर उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# राडा पेड़ा सड़क पर जान जोखिम में डालकर चलने को मजबूर लोग

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

किन्नू से राडा पेड़ा सड़क की हालत अत्यंत दयनीय है। स्थानीय लोग हों, स्कूली बच्चे हों, उनके लिए इस मार्ग पर चलना बेहद मुश्किल है। दलदल नुमा इस दो से तीन किलोमीटर सड़क की हालत अत्यंत दयनीय है।

स्थानीय लोगों कुशल ठाकुर, अजय कुमार, शुभम ठाकुर, बलबीर सिंह, सपना, अनिता, सतीश बढ़वाल, रविंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, संजीव शिब्बी इत्यादि का कहना है कि इस सड़क की हालत अत्यंत दयनीय बनी हुई है। लोगों को जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। लोगों ने जल्दी इस मार्ग की सुध लेने की गुहार लोक निर्माण विभाग से लगाई है।

सहायक अभियंता नीरज ठाकुर ने बताया कि सड़क दलदलनुमा बनी हुई है। दो-तीन दिन धूप में सूखने के बाद इस दलदल को हटा दिया जाएगा। सड़क की डीपीआर भेजी हुई है, जल्द स्वीकृति मिल जाएगी और काम भी शुरू किया जाएगा।


राडा पेड़ा की बदहाल सड़क पर स्कूल को जाते छात्र।

# नेहरू युवा केंद्र चलाएगा एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान

## कल से एक महीने तक चलेगा पूरा मिशन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नेहरू युवा केंद्र ऊना एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता अभियान चलाएगा। अभियान 15 सितंबर से 15 अक्तूबर तक चलेगा। मिशन में युवा केंद्र से संबद्ध युवा मंडल भी शामिल होंगे। अभियान की सफलता के लिय नेहरू युवा केंद्र में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें इस पर विस्तार से चर्चा की गई।

राज्य एड्स निवारण समिति शिमला के सौजन्य से तथा जिला एड्स प्रीवेंशन नोडल अधिकारी डॉक्टर रमेश रत्तू के तकनीकी दिशा-निर्देश में आयोजित होने वाले इस अभियान को केंद्र कार्यालय ऊना मे जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता मे चलाया जा रहा है। बैठक में इस अभियान के लिए चयनित युवा मंडलों/संस्थाओं मे मां चिंतपूर्णी विकास समिति, अंब से अश्विनी धीमान, शहीद भगत सिंह यूथ क्लब लठियानी, बंगाणा से विश्व दत्त मिठू, युवा अटल क्लब टक्का से अमीन चौधरी, युवा सेवा मंडल संजोत से हैप्पी, नेहरू युवा केंद्र ऊना के कार्यक्रम सहायक विजय भारद्वाज, रतन लाल आदि उपस्थित रहे।

मीटिंग मे जागरूकता शिविर, रैली, दीवार लेखन एवं प्रतियोगिता के माध्यम से एचआईवी एड्स के प्रति जन जागरण करने का निर्णय लिया गया। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि एड्स के प्रति जागरूकता अभियान जिला भर में मनाया जाएगा। अभियान में जन जन को जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। जिला के सभी युवा मंडल व क्लब आदि इस मुहिम में शामिल होंगे।

# संतोषगढ़ की लड़कियां बनी चैस की चैंपियन


खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीम आयोजकों के साथ।

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संतोषगढ़ में चल रही तीन दिवसीय महिला वर्ग की 50वीं खंड स्तरीय हरोली एवं ऊना ब्लॉक की अंडर -19 प्रतियोगिता के दूसरे दिन बहुत ही रोचक मुकाबले हुए।

मेजबान स्कूल के प्रिंसिपल गुरवचन लाल धीमान एवं प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. मुनीश राणा ने बताया कि आज के हुए चैस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मेजबान कन्या स्कूल संतोषगढ़ ने छतरपुर की टीम को हराया, जबकि हरौली ब्लॉक के चैस के फाइनल मुकाबले में बट्ट कलां की टीम ने हरोली की टीम को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया।

कबड्डी के मुकाबलों में गुरप्लाह की टीम ने हीरां की टीम को हराया जबकि गोंदपुर जयचंद की टीम ने के सी पंडोगा की टीम को हराया। कबड्डी के एक फाइनल मुकाबले में बसदेहड़ा की टीम ने संतोषगढ़ को हराया। वॉलीबाल के हुए पहले सेमीफाइनल मुकाबलों में धर्मपुर की टीम ने हरोली की टीम को हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में वीपी एस बहडाला की टीम ने नंगड़ा की टीम हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

बैडमिंटन के हुए मुकाबलों में गर्ल्स ऊना की टीम ने सेमीफाइनल में स्कॉलर यूनिफाइड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में एसडी स्कूल संतोषगढ़ ने वीपीएस बहडाला को हराकर फाइनल में जगह बनाई। बैडमिंटन के हरोली जॉन में कुठार बीत ने पांडोगा को तथा हरौली ने बाल भारती बाथु की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। (अनंत ज्ञान)

# हरोली पुलिस ने परिवार को सौंपा गुमशुदा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** पुलिस थाना हरोली की टीम ने शिकायतकर्ता श्याम लाल के शिकायत पर इसकी पत्नी के गुमशुदा होने की शिकायत दर्ज की थी कि उसकी पत्नी अनीता बिना किसी को बताए घर से गायब हो गई है, जो मानसिक रूप से भी थोड़ी अस्वस्थ थी । हरोली पुलिस ने सूचना मिलते ही मामला दर्ज करके महिला की तलाश शुरू कर दी।

मुखबिर और सर्विलांस के माध्यम से पिछले कल उक्त महिला की मौजूदगी राजस्थान में होना पाई गई। इस पर तुरंत एक पुलिस टीम मुख्य आरक्षी नरेंद्र और मुख्य आरक्षी गगन के नेतृत्व मे राजस्थान भेजी गई जो महिला को राजस्थान से तलाश करके सकुशल परिवार के पास सौंप दिया गया है। परिवार के सदस्यों ने पुलिस का धन्यवाद किया है। पुलिस थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया है कि महिला को राजस्थान से सकुशल लाकर परिवार जनों को सौंप दिया गया।

# विधायक विवेक शर्मा ने की परियोजनाओं की समीक्षा

## बैठक में अधिकारियों को बंगाणा में नए बस अड्डे के लिए भूमि के शीघ्र चयन के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कुटलैहड़ विधानसभा के विधायक विवेक शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए उपायुक्त ऊना जतिन लाल और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ऊना में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में विधायक ने क्षेत्र की प्राथमिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आगामी विकास योजनाओं को तीव्रता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ के समग्र विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं और इन योजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।



विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। मुख्यमंत्री का हमेशा इस बात पर जोर रहता है कि विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा कर लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएं। उनकी दूरदर्शी सोच और नेतृत्व में क्षेत्र के हर नागरिक को उन्नत सुविधाएं मिलेंगी। हम इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं और आने वाले समय में और भी महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी होंगी। विधायक ने बंगाणा में नए बस अड्डे के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि के शीघ्र चयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से स्थानीय लोगों की परिवहन सुविधाएं बेहतर होंगी और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। विवेक शर्मा ने पिपलू गांव में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय पिपलू मेला के लिए उचित स्थल चयन पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि मेले के दौरान आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों के लिए उपयुक्त और सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध हो सके।

उन्होंने इस आयोजन को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए। विधायक ने बंगाणा में सब-जज कोर्ट के निर्माण हेतु भूमि चयन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि न्यायिक सेवाएं आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सकें। इसके अलावा, उन्होंने क्षेत्र में बिजली की कम वोल्टेज की समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने तथा नए ट्रांसफार्मर लगाकर समस्या का समाधान शीघ्र करने को कहा।

विवेक शर्मा ने बंगाणा स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे क्षेत्र में आने वाले आगंतुकों और अधिकारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने विकास योजनाओं की त्वरित प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों के लिए भूमि चयन और अन्य औपचारिकताओं को तीव्रता से पूरा करने के निर्देश दिए ताकि विकास कार्यों की गति को और तेज किया जा सके। बैठक में एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, डीएफओ सुशील कुमार, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# भुट्टो के जन्मदिवस पर समर्थकों ने लगाया लंगर ; मरीजों को बांटे फल


भाजपा नेता देवेंद्र भुट्टो के जन्म दिवस पर लंगर में सेवा करते उनके समर्थक।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो के जन्मदिवस पर समर्थकों द्वारा उना अस्पताल में लंगर सेवा की गई। हालांकि भाजपा नेता दविंद्र कुमार भुट्टो जन्म दिवस पर कुटलैहड़ से बाहर पार्टी कार्यक्रम में मौजूद थे, लेकिन उनके समर्थकों ने ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में पहले लंगर सेवा वितरण की, फिर अस्पताल के हर वार्ड में मरीजों को फल बांटे।

इसके अलावा कुटलैहड़ के युवाओं ने रक्तदान शिविर लगाकर करीब तीन दर्जन से ज्यादा युवाओं ने रक्तदान किया। समर्थकों ने बताया कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में चाहे गरीब परिवार के बच्चे की पढ़ाई का खर्च हो या बुजुर्ग की दवाई का, कोई आपदा आई हो या फिर किसी गरीब परिवार की बेटी की शादी हो, दविंदर कुमार भुट्टो हर समय अपनी निजी आय से आर्थिक मदद करते रहते हैं।

जिला भाजपा के उपाध्यक्ष बलराम बबलू की अध्यक्षता में हुई सेवा कार्यक्रम के बाद बलराम बबलू ने कहा कि भुट्टो कुटलैहड़ की जनता के सुख-दुख में हर समय तत्पर रहते हैं। इसलिए उन्होंने ये कार्यक्रम आयोजित किए।

**उपलब्धि** — जिला खेल एवं युवा सेवाएं अधिकारी उत्तम डोड इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम परिसर में रहे मौजूद

# ऊना पहुंचने पर स्टार पैरा एथलीट निषाद का गर्मजोशी से स्वागत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पेरिस पैरालंपिक में रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाने वाले स्टार पैरा एथलीट निषाद कुमार का शुक्रवार को गृह जिले ऊना पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जिला प्रशासन की ओर से जिला खेल एवं युवा सेवाएं अधिकारी उत्तम डोड ने इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम परिसर में उनका स्वागत किया।

निषाद कुमार के साथ उनके पिता रशपाल सिंह, माता पुष्पा देवी, बहन रमा देवी और कोच नदीम अहमद भी मौजूद थे। 25 वर्षीय निषाद कुमार ऊना जिले की अंब तहसील के ग्राम पंचायत अंदौरा के बदाऊं गांव के रहने वाले हैं। निषाद ने इस अवसर पर कहा कि उन्हें प्रदेश को लगातार दूसरी बार पैरालंपिक में रजत पदक दिलाने की खुशी है। उन्होंने लोगों के साथ और दुआओं के लिए सभी का आभार जताया। निषाद ने कहा कि उन्होंने तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आगे भी वह पूरी मेहनत के साथ तैयारी जारी रखेंगे।


पैरा एथलीट निषाद कुमार का मैहतपुर में भव्य स्वागत करते समर्थक।

**पेरिस पैरालंपिक में निषाद कुमार की ऐतिहासिक उपलब्धि :** उल्लेखनीय है कि निषाद कुमार ने हाल ही में पेरिस में आयोजित पैरालंपिक खेलों में ऊंची कूद (टी-47) स्पर्धा में रजत पदक जीता है। यह उनकी लगातार दूसरी पैरालंपिक स्पर्धा में रजत पदक जीतने की उल्लेखनीय उपलब्धि है।

2021 के टोक्यो पैरालंपिक में भी उन्होंने इसी स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया था। बता दें हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने फिर से बधाई देते हुए कहा कि निषाद कुमार ने हिमाचल प्रदेश और देश का नाम ऊंचा किया है। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। राज्य सरकार खेलों के विकास के लिए हमेशा तत्पर है और खिलाड़ियों को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें। वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने निषाद कुमार को पुनः बधाई दी और उनकी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा 'निषाद की यह जीत हमें सिखाती है कि अगर मन में दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास हो, तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। निषाद ने अपने प्रदर्शन से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उनकी सफलता युवाओं को कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।'

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने निषाद कुमार की इस अद्वितीय उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा किनिषाद ने अपने प्रदर्शन से हर ऊनावासी का सिर गर्व से ऊंचा किया है। उनकी उपलब्धि युवाओं को कड़ी मेहनत और समर्पण के महत्व को समझने में मदद करेगी और उन्हें अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

# मैजिक ब्लेड प्राइवेट लिमिटेड में भरे जाएंगे 36 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज मैजिक ब्लेड प्राइवेट लिमिटेड में पुरुषों के 36 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 19 सितंबर को प्रातः 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना और 20 सितंबर को उपरोजगार कार्यालय बंगाणा में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि 36 पदों में सीएनसी मशीन ऑपरेटर-सह-प्रोग्रामर के 4 पद, वीएमसी मशीन ऑपरेटर-सह-प्रोग्रामर के 4 पद, टर्नर/लेथ मशीन ऑपरेटर के 4 पद, इलेक्ट्रीशियन और फिटर के 2-2 पद और हेल्पर के 20 पद शामिल है।

उन्होंने बताया कि सीएनसी मशीन ऑपरेटर-सह-प्रोग्रामर, वीएमसी मशीन ऑपरेटर-सह- प्रोग्रामर और टर्नर/लेथ मशीन ऑपरेटर पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास के साथ तीन साल का अनुभव होना जरूरी है। इलेक्ट्रीशियन और फिटर पद के लिए संबंधित ट्रेड में आईटीआई और हेल्पर पद के लिए 8वीं, 10वीं और 12वीं होना अनिवार्य है। साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों को सरकारी मानदडों के अनुसार और अनुभव के आधार प्रतिमाह वेतन देय होगा। इसके अलावा अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। इच्छुक व योग्य अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, हिमाचली बोनाफाइड, बायोडाटा और मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 86289-12413 और 80913-57003 पर संपर्क किया जा सकता है।

# सोलन-सिरमौर-किन्नौर



## न्यूज ब्रीफ

### चेक बाउंस के केस में जुर्माना व 6 माह का कारावास

**सोलन।** मुख्य न्याय दंडाधिकारी रमणीक शर्मा की अदालत ने चेक बाउंस केस में दोषी को छह माह का कारावास और 1,15000 का जुर्माना लगाया है। रबोन एटीसी को-ऑपरेटिव सोसायटी सोलन की ओर से पदाधिकारी जोगिंद्र सिंह ने उत्तम चंद पुत्र फलातु राम निवासी गांव नौणी के खिलाफ चेक बाउंस का मामला दर्ज करवाया था। अदालत ने उत्तम चंद को दोषी मानते हुए 6 माह का कारावास और 1,15000 रुपए का जुर्माना लगाया है।

### मुकेश अग्निहोत्री 16 को सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 16 सितंबर को सोलन जिले के अर्की उपमंडल के प्रवास पर आ रहे हैं। मुकेश अग्निहोत्री 16 को सायं 6.30 बजे सोलन के अर्की में आयोजित सायर मेले के शुभारंभ समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

### अर्की में 16 को स्थानीय अवकाश घोषित

**सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने अर्की उपमंडल में सायर मेला, अर्की के उपलक्ष्य में 16 सितंबर को अर्की की परिधि में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी किए हैं।

### कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए बनाएं लाइसेंस

**नाहन।** कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राज कुमार ने सिरमौर के किसान उत्पादक संगठनों से सरकार की ओर से चलाई जा रही कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ लेने के लिए कृषि उत्पादक संगठन का पंजीकरण व संगठनों से बीज, खाद व कीटनाशक का लाइसेंस बनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग में लाइसेंस के लिए आवेदन से संबंधित जानकारी के लिए विकासखंड में कृषि विभाग के विषयवाद विशेषज्ञ अथवा कृषि उपनिदेशक के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। कृषि उत्पादक संगठन (एफपीओ) सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जो कि छोटे किसानों को तुरंत तकनीकी सेवाओं से लेकर विपणन तक खेती संबंधी सभी पहलुओं को कवर करने वाली सेवाएं प्रदान करती है।

### किप्स स्कूल ने जीती सीबीएसई प्रतियोगिता



**सोलन।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनवारा ने हाल ही में सीबीएसई बास्केटबॉल क्लस्टर टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 9 से 13 तक सेंट सोल्जर डिवाइन स्कूल पंचकूला में आयोजित की गई। स्कूल की टीम ने क्वार्टर फाइनल में सेंट लुक्स, सोलन को 53-46 से हराया और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में किप्स की टीम ने शैमरॉक स्कूल कैथल को 52-37 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया तथा फाइनल में किप्स की टीम ने गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल को 37-18 से हराकर क्लस्टर चैंपियन का खिताब जीता। टूर्नामेंट के दौरान सूर्यांश कश्यप ने अपनी उत्कृष्ट खेल क्षमता और रणनीति से सभी का दिल जीत लिया और मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्कूल प्रशासन और छात्रों ने सूर्यांश और पूरी टीम को इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### प्रतियोगिताओं में अव्वल रही छात्राएं सम्मानित



**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला स्तरीय छात्रा खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता धर्मपुर स्कूल में आयोजित हुई, जिसमें विद्यालय का सराहनीय प्रदर्शन करने वाली छात्राओं, प्रवक्ता सुमन देवी और हेमंत कुमार का विद्यालय परिसर में स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता में धुंदन विद्यालय ने पांच प्रतियोगिताओं में जिसमें सुगम संगीत, समूह गान, लोक नृत्य, गीतिका और श्लोक उच्चारण में भाग लिया। लोक नृत्य और सुगम संगीत में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान तथा समूह गान में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिला स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने समस्त छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय संगीत प्रवक्ता नरेंद्र कुमार, सुमन देवी, हेमंत कुमार के कुशल मार्गदर्शन व छात्राओं की कड़ी मेहनत का फल है।

### हैंडबॉल प्रतियोगिता में नवगांव ने जीती ट्रॉफी



**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धर्मपुर में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-19 वर्ग की छात्राओं की हैंडबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट विद्यालय नवगांव की छात्राओं ने अपना परचम लहराते हुए लगातार तीसरे वर्ष विजेता ट्रॉफी को अपने कब्जे में किया। उपप्रधानाचार्य धर्मपाल शुक्ला ने बताया कि फाइनल मुकाबले में स्कूल की छात्राओं ने एक तरफा मुकाबले में नालागढ़ स्कूल की छात्राओं को हराया। इस मौके पर छात्राओं और कोचिंग स्टाफ का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य प्रभात किशोर ने सभी छात्राओं, कोचिंग स्टाफ, निधि शर्मा, अमित कुमार को इस शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

### सेब की उन्नत किस्मों व सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** किन्नौर के कल्पा विकास खंड की पंचायत कल्पा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में उद्यान विभाग के सहयोग से सेब दिवस के साथ एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपनिदेशक उद्यान विभाग किन्नौर भूपेंद्र नेगी ने कहा कि सेब दिवस के अवसर पर अनुसंधान केंद्र कल्पा व शारबो फॉर्म में उगाई जा रही 35 सेब की उन्नत किस्मों व सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिससे स्थानीय किसानों एवं बागवानों को नवीनतम जानकारी उपलब्ध हो सके और वे अधिक उत्पादन और गुणवत्ता से फसलों को उगाकर लाभ प्राप्त कर सकें। उपनिदेशक उद्यान ने राज्य सरकार की ओर से बागवानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा किसानों से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाएं और अपनी आय में वृद्धि दर्ज करें।

### क्विज प्रतियोगिता में अमृतसर स्कूल विजेता

**सोलन।** द लॉरेंस स्कूल सनावर में आयोजित 17वीं किर्लोस्कर इंटर-स्कूल बिजनेस क्विज प्रतियोगिता में अमृतसर का स्प्रिंग डेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल विजेता बना। वसंत वैली स्कूल नई दिल्ली और लॉरेंस स्कूल सनावर ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। बिजनेस क्विज का उद्देश्य कॉर्पोरेट जगत में नवीनतम विकास के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करना और भविष्य में बिजनेस लीडर तैयार करना है। स्कूल के वाणिज्य संकाय की ओर से आयोजित बिजनेस क्विज में देश भर के बारह प्रतिष्ठित स्कूलों ने भाग लिया। डीसी मनमोहन शर्मा इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए और विजेताओं के साथ-साथ क्विज के प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

### चालकों-परिचालकों ने ओल्ड बस स्टैंड में किया प्रदर्शन

**सोलन।** सोलन के ओल्ड बस स्टैंड में एचआरटीसी चालक-परिचालक संघ द्वारा प्रदर्शन किया। संघ ने साधुपुल रूट पर चलने वाली प्राइवेट बस के चालक और परिचालक पर मनमानी और मारपीट का आरोप लगाया। दरअसल वीरवार को साधुपुल में एचआरटीसी और निजी बस के चालक-परिचालक के बीच बस की टाइमिंग को लेकर झगड़ा हो गया, जिस बाद निजी बस के मालिक ने क्षेत्रीय प्रबंधक से मिल कर मामले को सुलझा दिया था, लेकिन आज फिर कंडाघाट में बस की टाइमिंग को लेकर एचआरटीसी और निजी बस के चालक-परिचालक के बीच झगड़ा हो गया। यही नहीं निजी बस के चालक ने एचआरटीसी के चालक-परिचालक को मारने की धमकी भी दी। संघ का कहना है कि निजी बस के चालक और परिचालक दूसरे जिलों से आए चालकों और परिचालकों को डराने धमकाने की कोशिश करते हैं।

**नगर निगम वार्ड-5 के उपचुनाव:** कांग्रेस ने पुनीत नारंग और भाजपा ने अमरदीप सिंह पांजा को उतारा मैदान में

# कांग्रेस-भाजपा प्रत्याशियों में होगी सीधी टक्कर

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन के वार्ड-5 में पार्षद पद के उपचुनाव में कांग्रेस-भाजपा प्रत्याशियों में होगी सीधी टक्कर होगी। कांग्रेस ने पुनीत नारंग और भाजपा ने अमरदीप पांजा को मैदान में उतारा है।

दोनों ही प्रत्याशियों ने शुक्रवार को अपने नामांकन एसडीएम कार्यालय में दाखिल किए। इस दौरान दोनों पार्टियों के प्रत्याशियों ने दल बल के साथ अपनी दावेदारी पेश की। साथ ही जीत के दावे भी किए। बता दें कि वार्ड-5 के पार्षद कुलभूषण गुप्ता के निधन के बाद यह पद रिक्त हो गया था। कुलभूषण गुप्ता ने भाजपा के टिकट से चुनाव जीता था। चुनावी दंगल शुरू होते ही दोनों पार्टियां जीत के दावें कर रही हैं। वार्ड में अभी तक भाजपा का ही दबदबा रहा है, जबकि कांग्रेस चुनाव जीतकर नगर निगम में खुद को मजबूत करना चाहेगी।



सोलन में नामांकन करने के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी अमरदीप पांजा।

### 29 को होने हैं चुनाव

वार्ड नंबर-5 के पार्षद के उपनिर्वाचन के लिए नामांकन पूरा हो गया है। एसडीएम डॉ. पूनम बंसल ने बताया कि नामांकन पत्रों की छंटनी 16 को 10 बजे से की जाएगी। 18 को 10 से सायं 3 बजे तक उम्मीदवार की ओर से नियमानुसार नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। नामांकन वापस लेने की समयसीमा की समाप्ति पर 18 को चुनाव चिन्ह आवंटित कर सूची प्रदर्शित की जाएगी। निर्वाचन की स्थिति में 29 को मतदान होगा।

### लोगों की सेवा का अवसर: शांडिल

**कांग्रेस** प्रत्याशी पुनीत नारंग के नामांकन में शामिल रहे स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि कांग्रेस के पास वार्ड के लोगों की सेवा का मौका है। लोगों का विश्वास जीतने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करनी होगी। प्रत्याशी पुनीत नारंग ने कहा कि वार्ड में पेयजल पाइप लाइन की मरम्मत करवाकर पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।



### वार्ड को बनाया जाएगा स्वच्छ सुंदर: पांजा

**भाजपा** प्रत्याशी अमरदीप सिंह पांजा ने दलबल के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंच कर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ पर्चा भरवाने वालों में भाजपा के कई नेता शामिल थे। नगर निगम की डिप्टी मेयर मीरा आनंद भी इस मौके पर मौजूद थीं। समीकरणों के हिसाब से भाजपा यदि यह सीट जीतती है, तो उसके पास आठ पार्षद हो जाएंगे, जो कांग्रेस से एक कम होगा। आज दोपहर बाद भाजपा प्रत्याशी अमरदीप सिंह पांजा ने अपना पर्चा भरा। इस मौके पर उन्होंने जीतने की स्थिति में अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि वार्ड को साफ-सुथरा बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। पेयजल और सीवरेज समस्या का समाधान करने के साथ ओल्ड बस स्टैंड की पार्किंग योजना को सिरे चढ़ाने का भी प्रयास होगा। पांजा के साथ नामांकनपत्र दाखिल करवाने पहुंचे भाजपा के मंडल अध्यक्ष मदन ठाकुर ने कहा कि भाजपा एकजुट होकर अमरदीप सिंह पांजा को चुनाव लड़ाएगी। इस मौके पर भाजपा के जिला प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता व नगर निगम की डिप्टी मेयर मरा आनंद के अतिरिक्त कई भाजपा नेता मौजूद थे।

## अर्की के हिमांशु धीमान का एमबीबीएस के लिए चयन

**अर्की।** जहां एक तरफ युवा पथ भ्रमित होकर नशे की गर्त में जा रहे हैं, वहीं होनहार युवा कुछ कर गुजरने का जज्बा लेकर उपलब्धियों के पायदान पर निरंतर अग्रसर हैं। ऐसे ही लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की के छात्र हिमांशु धीमान ने एमबीबीएस कोर्स के लिए चयनित होकर विद्यालय व क्षेत्र का मान बढ़ाया।



हिमांशु धीमान के पिता संजीव धीमान पेशे से ऑप्टिशियन हैं। सरकारी अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं एवं माता महेश्वरी देवी गृहिणी हैं। हिमांशु के पिता संजीव धीमान ने बताया कि हिमांशु ने बाहरवीं कक्षा तक कि शिक्षा लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की से प्राप्त की है तथा एमबीबीएस की कोचिंग शिमला स्थित एक कोचिंग संस्थान से ली। उन्होंने बताया कि वर्ष-2024 में नीट परीक्षा 590 अंक लेकर उत्तीर्ण करने के पश्चात हिमांशु का चयन डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा के लिए हुआ है। संजीव धीमान कहते हैं कि हिमांशु धीमान अर्की ही नहीं, बल्कि सोलन में धीमान समुदाय के पहले ऐसे युवा हैं, जिन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। धीमान समुदाय से कोई भी युवक आज तक एमबीबीएस डॉक्टर नहीं बन पाया है। यह धीमान समुदाय के लिए एक गर्व की बात है। हिमांशु धीमान ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, ताऊ के साथ लक्ष्य पब्लिक स्कूल के अपने अध्यापकों को दिया है, जिनके मार्गदर्शन से आज वह इस स्थान को पा सकें।

## संगड़ाह केंद्र बना आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

### विधानसभा उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति संगड़ाह की बैठक

**अनंत ज्ञान, नाहन**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार की अध्यक्षता में खंड विकास अधिकारी कार्यालय संगड़ाह के पंचायत समिति के सभागार में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में क्षेत्र के लोगों के लिए चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने तथा प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर विस्तृत चर्चा की। विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि रोगी कल्याण समिति की धनराशि का उपयोग क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने पर किया जाना चाहिए तथा इस राशि के आय-व्यय का ब्योरा पारदर्शिता के साथ रखा जाए। प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है।



विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार का स्वागत करते सीएमओ नाहन।

संगड़ाह के विकास के लिए धन की कमी को आड़े नहीं आने दिया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संगड़ाह को प्रदेश सरकार द्वारा आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा देने का निर्णय लिया है तथा शीघ्र ही इस अस्पताल को 6 बिस्तरों की जगह 50 बिस्तरों का कर दिया जाएगा। यह अस्पताल काफी सुंदर बना है, लेकिन अभी इसमें काफी सुविधाओं की कमी है। उन्होने कहा कि लोगों को जल्द ही इसमें एक्स-रे, सीटी स्कैन, अल्ट्रा साउंड तथा अल्ट्रा-लैब जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध करवा दी जाएंगी, ताकि लोगों को घरद्वार पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके। अस्पताल में डॉक्टर के 2 पदों को बढ़ाकर 10 पदों का कर दिया गया है।

### शिवालिक ट्रैवल्स की निजी बस जब्त

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में परिवहन विभाग निजी बसों पर शिकंजा कसने में जुटा हुआ है।

वीरवार शाम को आरटीओ सोना चौहान के नेतृत्व में विभाग की टीम ने दिल्ली गेट पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सोलन से आई शिवालिक ट्रैवल्स की बस (एचपी-17स 9300) की चेकिंग की गई। जांच में खुलासा हुआ कि बस बिना फिटनेस और बिना परमिट के संचालित हो रही थी। इसके अलावा, बस का रोड टैक्स भी जमा नहीं किया गया था। इसके बाद विभाग की टीम ने देर शाम बस को कब्जे में लेकर एचआरटीसी वर्कशॉप में पार्क कर दिया। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले भी पांवटा साहिब में दो बसों को जब्त किया गया था, जिनमें से एक बस को बाद में नियमों की पालना के बाद छोड़ दिया गया था।

## भाजपा ने नौ दिन में बीस हजार सदस्य बनाने का रचा रिकॉर्ड

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सर्व स्पर्शी भाजपा सर्वव्यापी भाजपा स्लोगन के साथ सिरमौर भाजपा का सदस्यता अभियान लगातार जारी है।

जिले में 4 सितंबर को शुरू हुआ भाजपा सदस्यता अभियान घरों के साथ अब मंदिरों और मठों तक पहुंच गया है। शुक्रवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल व जिला सिरमौर भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता सहित दर्जनों भाजपाई प्रमुख शक्ति पीठ काली स्थान मंदिर पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष के द्वारा रियासत कालीन शक्तिपीठ काली स्थान मंदिर के प्रमुख महंत गुरु किशोरी नाथ की सदस्यता का फार्म भरा। यही नहीं मंदिर में पहुंचे पर अन्य मंदिर व मठों के प्रमुखों का भी भाजपा सदस्यता में नामांकन किया गया। भाजपा के द्वारा विधानसभा क्षेत्र के कई मंदिरों और मठों में सदस्यता अभियान चलाया गया। सिरमौर में 4



सितंबर को सांसद सुरेश कश्यप की उपस्थिति में भाजपा सदस्यता अभियान शुरू किया गया था। बड़ी बात तो यह है कि मात्र 9 दिनों में भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा करीब बीस हजार से अधिक सदस्य बनाए जा चुके हैं। हालांकि जिला अध्यक्ष विनय गुप्ता ने पूरे जिले से सवा लाख लगभग भाजपा के नए सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य रखा हुआ है। बावजूद इसके बनाई गई रणनीति के अनुसार बीस हजार के लगभग सदस्य बनाए जा चुके हैं। वहीं डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है।

## शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान के महत्व पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी ने रिसर्च फंडिंग और प्रकाशनों पर इसके प्रभाव पर एकदिवसीय विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया।

सत्र का नेतृत्व इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईएएसएसटी), गुवाहाटी के निदेशक प्रो. आशीष के मुखर्जी द्वारा किया गया। सत्र की शुरुआत शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. पीके खोसला द्वारा दिए गए भाषण से हुई। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया और बताया कि कैसे फंडिंग सुरक्षित करने से अनुसंधान प्रयासों के दायरे और प्रभाव में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। उन्होंने अनुसंधान उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय के समर्पण पर भी प्रकाश डाला और संकाय सदस्यों और छात्रों को अपनी वैज्ञानिक गतिविधियों का समर्थन करने के लिए सक्रिय रूप से धन के अवसरों की तलाश करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुखर्जी ने भारत और विश्व स्तर पर अनुसंधान वित्त पोषण परिदृश्य का विस्तृत अवलोकन प्रदान किया। उन्होंने वैज्ञानिक अनुसंधान की गुणवत्ता और दायरे को बढ़ाने में अनुसंधान अनुदान और वित्त पोषण हासिल करने की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया कि कैसे ये प्रयास प्रभावशाली प्रकाशनों में तब्दील होते हैं।



## सड़क बंद होने से लोग परेशान, बिना चेकअप लौटी मेडिकल जांच टीम

**अनंत ज्ञान, नहान**

स्वास्थ्य खंड धगेड़ा के अंतर्गत हेल्थ सब सेंटर गौंत में आयोजित एनसीडी कैंप में सड़क बंद होने से मेडिकल टीम नहीं पहुंच पाई। इससे दो दर्जन से अधिक मरीजों को बिना चैकअप के लौटना पड़ा। मरीजों में बुजुर्ग, युवा और बच्चे शामिल थे, जिन्हें दो से तीन किलोमीटर दूर से आना पड़ा।

मेडिकल टीम प्रभारी डॉ. तान्या अग्रवाल ने बताया कि सड़क बंद होने के कारण टीम का सेंटर पहुंचना रिस्की था, इसलिए टीम लौट गई।



सड़क बंद होने से मेडिकल टीम के इंतजार में लोग।

उन्होंने कहा कि अगले माह फिर से कैंप आयोजित किया जाएगा। बीएमओ डॉ. मोनीषा अग्रवाल ने कहा कि स्टाफ की कमी के चलते दिक्कत आ रही है। जल्द ही यहां नियमित स्वास्थ्य कार्यकर्ता की तैनाती होगी। हेल्थ सब सेंटर गौंत में 2019 से नियमित स्वास्थ्य कार्यकर्ता का पद रिक्त चल रहा है। लोगों द्वारा कई मर्तबा इस बारे विभाग और प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है।

### नहर स्वार के नाम वॉलीबाल का खिताब

**नाहन।** अंडर-19 खेलकूद में वॉलीबाल प्रतियोगिता का खिताब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नहर स्वार ने अपने नाम किया। अंतिम मुकाबले में नहर स्वार ने बेहद ही रोचक मुकाबले में रामाधौण स्कूल को पराजित किया। नहर स्वार ने 2-1 से ये खिताब जीता। इस उपलब्धि पर नहर स्वार स्कूल के एसएमसी अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इसका श्रेय शारीरिक शिक्षक राजेंद्र कुमार सहित स्कूल स्टाफ को जाता है। उन्होंने बताया कि नहर स्वार स्कूल ने पहले मैच में ददाहू स्कूल को हराया, जबकि, दूसरे मुकाबले में मोगीनंद, तीसरे मुकाबले में बर्मा पापड़ी को पराजित किया।

## नगर परिषद एरिया में अवैध कब्जाधारियों को हटाने का प्रस्ताव पारित, होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ नगर परिषद की बैठक में नप क्षेत्र में अवैध कब्जा हटाने पर प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में फैसला लिया कि पार्षद अपने-अपने वार्ड में नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ अवैध कब्जा धारकों की सूची तैयार करेंगे, जिस पर आगामी बैठक में कार्रवाई की जाएगी। नालागढ़ नगर परिषद की बैठक उपाध्यक्ष तारा अवस्थी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें प्रस्ताव पारित कर वार्ड नंबर-दो में नगर परिषद के रेस्ट हाउस व पार्किंग, पुराने बस स्टैंड पर पार्किंग का कार्य नगर परिषद पीपी मोड़ पर करवाएगा। नगर परिषद का रेस्ट हाउस का काफी खस्ताहलत है तथा वहां पर पार्किंग भी आधी अधूरी ही बनी है। पुराने बस स्टैंड में पहली व दूसरी मंजिल में पार्किंग बनेगी और तीसरी मंजिल में शापिंग कांप्लेक्स तैयार किया जाएगा। नगर परिषद के साथ लगते क्षेत्र को भी परिषद के साथ जोड़ने का फैसला लिया है। नगर परिषद के साथ लगती हिमुडा कालोनी व वन विभाग की जमीन को नगर परिषद में शामिल करने पर भी प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित हुए नालागढ़ के विधायक बावा हरदीप सिंह ने कहा कि अपने-अपने संसाधन जुटाएं तथा अपनी आय बढ़ाएं, ताकि परिषद अपनी ही आय से शहर का विकास करने में सक्षम हो।

### दुनिया की हर डिवाइस में भारत निर्मित चिप हो

**बीबीएन।** भाजपा नालागढ़ मंडल की सदस्यता अभियान कार्यशाला को प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लखविंदर राणा और केएल ठाकुर, भाजपा प्रदेश सचिव मनीष चौहान सहित अन्य शामिल रहे। इस अवसर पर टंडन ने सभी को भाजपा सदस्यता अभियान की जानकारी दी, जिसमें मिस्ड कॉल देकर सदस्य बन सकते हैं। भारत में पीएम मोदी के नेतृत्व में इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर से 2030 तक 60 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। टंडन ने कहा कि हमारा सपना है कि दुनिया की हर डिवाइस में भारत निर्मित चिप हो।

## टेली कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अध्यापकों का किया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

राजकीय (कन्या) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन में शिक्षा खंड सोलन के अंतर्गत आने वाली सभी 108 पाठशालाओं के प्रधानाचार्यों, मुख्य शिक्षकों, केंद्र मुख्य शिक्षक, प्रभारियों एवं अध्यापकों के लिए नेशनल अचीवमेंट सर्वे परख व आपदा प्रबंधन के लिए एक दिन के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सोलन एचआर चंदेल की अध्यक्षता में किया गया।

प्रशिक्षण शिविर में शिक्षा निदेशक प्रारंभिक आशिष कोहली, शिक्षा सचिव राकेश कंवर तथा राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा ने टेली कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से



उपस्थित अध्यापकों का मार्गदर्शन किया व इस सर्वे में हिमाचल के अच्छे प्रदर्शन के लिए अध्यापकों को प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाया तथा सभी से आशा की कि पाठशालाओं में शून्य पीरियड में कक्षा 3, 6 व 9 के विद्यार्थियों को विशेष शिक्षण देकर उन्हें नेशनल अचीवमेंट सर्वे परख के लिए तैयार किया जाए, ताकि देश में हिमाचल उच्च रैंक में शामिल हो।

**आयोजन** सोलन में अंतरराष्ट्रीय आदिवासी अधिकार दिवस का आयोजन, 17 राज्यों के कार्यकर्ता हुए शामिल

# राज्यों को जोन में बांटकर पैनल डिस्कशन किया

**अनंत ज्ञान, सोलन**

आदिवासी समन्वय मंच के तत्वावधान में 9वें अंतरराष्ट्रीय आदिवासी अधिकार दिवस जिला कलाकेंद्र सोलन में आदिवासी परंपरानुसार पूजा-अर्चना, धरती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम से मनाया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत हिमाचल की परंपरानुसार किन्नौरी टोपी व शॉल भेंट कर किया। प्रति वर्ष आदिवासी समन्वय मंच भारत द्वारा देश के अलग-अलग राज्यों में कार्यरत आदिवासी संगठनों, संस्थाओं, कार्यकर्ताओं के समान मुद्दों को लेकर





अंतरराष्ट्रीय आदिवासी अधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में किन्नौरी नाटी प्रस्तुत करती महिलाएं (दाएं) उपस्थित प्रतिनिधि।

संगठित करने के लिए उद्देश्य से देश के अलग-अलग क्षेत्रों में इस कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। पहला कार्यक्रम जंतर-मंतर नई दिल्ली, दूसरा नागपुर महाराष्ट्र, तीसरा रांची झारखंड, चौथा मैसूर कर्नाटक, पांचवां भिलोड़ा राजस्थान, 6वां दिफू आसाम, सातवां रायपुर छत्तीसगढ़, आठवां भद्राचलम तेलंगाना और नौवां सोलन में हो रहा है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में 17 राज्यों के कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। पहले दिवस के कार्यक्रम में देश के अलग-अलग राज्यों को जोन में बांटकर पैनल डिस्कशन किया गया। बीच-बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में रतन मंजरी पूर्व जिला परिषद सदस्य व विशेष अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक कवासी लखमा छत्तीसगढ़ उपस्थित रहे।

### ओजोन परत पर की विस्तृत चर्चा

**दाड़लाघाट।** आगामी विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर हिमाचल राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इंजीनियर राजेश शर्मा द्वारा अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड दाड़लाघाट में परिसंवाद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य प्रतिभागियों को ओजोन क्षरण और इसके पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में शिक्षित करना रहा। ओजोन परत के क्षरण से उत्पन्न होने वाले खतरों और इसे रोकने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम में इकाई प्रमुख राजेंद्र सिंह, अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन प्रमुख भूपेंद्र गांधी, परचेज प्रबंधक अवतार सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए पोलियो टीकाकरण की सुविधा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत सरकार ने भारत और पोलियो संक्रमित देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए पोलियो टीकाकरण के संबंध में सलाह जारी की है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में पोलियो वायरस की वर्तमान स्थिति के अनुसार और देश में पोलियोवायरस के आयात के जोखिम को कम करने के लिए भारत सरकार ने पोलियो संक्रमित देशों की सूची को संशोधित किया है। वर्तमान में ग्यारह देशों अर्थात् अफगानिस्तान, पाकिस्तान, कैमरून, नाइजीरिया, मलावी, मोजाम्बिक, मेडागास्कर, कांगो, डीआर कांगो, सोमालिया और सीरिया को पोलियो संक्रमित देशों के रूप में पहचाना गया है। इन देशों से आने-जाने वाले सभी यात्रियों को अपनी यात्रा से कम से कम चार सप्ताह पहले पोलियो वैक्सीन की खुराक लेनी चाहिए। भारत में 13 जनवरी 2011 से जंगली पोलियो वायरस के कारण पोलियो का कोई मामला सामने नहीं आया है और 27 मार्च 2014 को विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के अन्य देशों के साथ भारत को पोलियो मुक्त प्रमाणित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग, यूटी चंडीगढ़ ने ऐसे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लाभ के लिए व्यवस्था की है। वे मॉडल टीकाकरण केंद्र, तीसरी मंजिल, जीएमएसएच-16 चंडीगढ़ में पोलियो टीकाकरण प्राप्त कर सकते हैं और टीकाकरण प्रमाण पत्र जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा। पोलियो टीकाकरण के लिए आने वाले सभी यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपना पासपोर्ट अपने साथ लाएं।

### सीबीएसई ने आयोजित किया ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स प्रोग्राम



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेंटल बोर्ड आफ सेकेंडरी एज्यूकेशन (सीबीएसई) और डिपार्टमेंट आफ पर्सोनल एंड ट्रेनिंग के अधीन इस्टीच्यूट आफ सेक्रेटेरियेट ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट (आईएसटीएम) ने सेक्टर 45 स्थित चंडीगढ़ बेपटिस्ट स्कूल में ट्रेनिंग आफ ट्रेनर्स प्रोग्राम आयोजित किया। प्रोग्राम के दौरान क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और संस्थानों से आये सीबीएसई रिसोर्सपर्संस ने भाग लिया जा कि नैश्नल एज्यूकेशन पोलिसी के अनुरुप था। ट्रेनिंग का संचालन आईएसओएम के डिप्टी डायरेक्टर जीतेन्द्र भट्टी, प्रतीक घोष और आसीस बोस ने किया। सीबीएसई की सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की प्रमुख व डिप्टी सेक्रेटरी रमनदीप कौर ने शिक्षकों की मजबूत कैपेसिटी बिल्डिंग के माध्यम से एकेडमिक आउटकम्स में सुधार पर जोर दिया।

### बीमा योजना में धांधली करने वालों पर हो कार्रवाई : दुग्गल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना-आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना में करोड़ों रुपये के घोटाला का पर्दाफाश अमृतसर के ईएनटी डॉ. प्रह्लाद दुग्गल ने आज यहां चंडीगढ़ प्रेस क्लब में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान किया, साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह से इस पर तत्काल कार्रवाई करने की अपील की। डॉ. प्रह्लाद दुग्गल ने आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना के तहत भर्ती हुए मरीजों से पवन अरोड़ा के नेतृत्व



वाले ईएमसी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स द्वारा संचालित स्विफ्ट हॉस्पिटल, अमृतसर में कैशलेस स्कीम गैर-कानूनी ढंग से पैसे लेने और झूठी लैबोर्टरी रिपोर्टों के आधार पर बीमा कंपनियों से कलेम किए गए मामलों के चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने कहा कि ईएमसी ग्रप ने उन मरीजों से पैसे लिए जिनका इलाज कैशलेस तरीके से किया जाना था और राज्य स्वास्थ्य एजेंसी से झूठे बिलों का दावा करने के लिए लैब से झूठी लैबोर्टरी रिपोर्ट तैयार करके पंजाब सरकार को करोड़ों रुपये का चूना लगाया। इन सभी तथ्यों की पुष्टि राज्य स्वास्थ्य एजेंसी, पंजाब की धोखाधड़ी-रोधी इकाई द्वारा की गई है, जिसकी जांच टीम ने ईएमसी ग्रुप हॉस्पिटल को नकली लैबोर्टरी रिपोर्ट तैयार करते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। पवन अरोड़ा ने एसएचए जांच टीम को अस्पताल का रिकॉर्ड सौंपने से इनकार कर दिया, जिसकी जांच ईएमसी अस्पताल अमृतसर में की गई थी और इसे एसएचए ने अपनी जांच रिपोर्ट में भी दर्ज किया था।

### जासूसी के आरोप में छह राजनयिक निष्कासित

**मॉस्को।** रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने छह ब्रिटिश राजनयिकों पर जासूसी का आरोप लगाते उन्हें निष्कासित कर दिया। 'एफएसबी' ने दावा किया कि उसे इस संबंध में दस्तावेज मिले हैं, जो यह दर्शाते हैं कि उन्हें ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के एक प्रभाग द्वारा भेजा गया था, जिनका मुख्य काम हमारे देश पर रणनीतिक रूप से पराजय थोपना था और इसके लिए वे खुफिया जानकारी जुटाने और विध्वंसकारी गतिविधियों में लिप्त थे। रूस का यह कदम अमेरिका और ब्रिटेन की ओर से यूक्रेन को 1.5 अरब डॉलर की सहायता भेजने के संकल्प के दो दिन बाद सामने आया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने पश्चिमी देशों से मिली मिसाइल का इस्तेमाल रूस के काफी अंदरूनी क्षेत्रों को निशाना बनाने में करने का संकल्प लिया है।

### छत्तीसगढ़ में एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में एक ही परिवार के चार लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। मृतकों में दो महिला, एक युवक और एक मासूम शामिल हैं। पुलिस ने तीन संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना कसडोल थाना क्षेत्र के छरछेद गांव की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कर्नाटक हिंसा : पुलिस निरीक्षक निलंबित

**नागमंगला (कर्नाटक)।** कर्नाटक के नागमंगला में भगवान गणेश की शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में एक पुलिस निरीक्षक को लापरवाही बरतने के लिए निलंबित कर दिया गया है और घटना के संबंध में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि मांड्या जिले के इस शहर में स्थिति सामान्य हो गई है, जहां बुधवार रात दो समूहों के बीच झड़प होने के बाद भीड़ के कई दुकानों और वाहनों को निशाना बनाकर तोड़फोड़ किए जाने से तनाव पैदा हो गया था।

### राशन घोटाला : ईडी की पश्चिम बंगाल में छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन घोटाले के मामले में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कई स्थानों में छापेमारी की। ईडी के अधिकारियों ने राशन दुकान, व्यापारियों के घरों और गोदामों, एक खाद्य निरीक्षक के आवास और एक सहकारी बैंक की जयनगर, देगंगा, कल्याणी और बशीरहाट शाखा जैसे स्थानों पर भी तलाशी ली। उन्होंने बताया कि कोलकाता में भी छापेमारी की गई। अधिकारियों ने बताया कि करोड़ों रुपए के कथित राशन घोटाले में शामिल अन्य लोगों का पर्दाफाश करने के उद्देश्य से बंगाल के कई स्थानों पर छापेमारी की गई है। ईडी ने राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को कथित राशन घोटाला मामले में पिछले साल अक्तूबर में गिरफ्तार किया गया था।

### मणिपुर में पांच जिलों में इंटरनेट सेवाएं बहाल

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने इंफाल घाटी के पांच जिलों में इंटरनेट सेवाओं पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के तीन दिन बाद कई नियमों और शर्तों को पूरा करने पर ब्रॉडबैंड सेवाओं पर से पाबंदी हटा दी है। आयुक्त (गृह) एन. अशोक कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने ब्रॉडबैंड सेवा (आईएलएल और एफटीटीएच) पर लगी रोक को उदारतापूर्वक हटाने का निर्णय लिया है, बशर्ते कि नियम व शर्तें पूरी की जाएं।

### आगरा को 'विरासत शहर' घोषित करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आगरा को 'विरासत शहर' घोषित करने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी और कहा कि याचिका में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसके आधार पर यह कहा जा सके कि इस तरह की घोषणा से शहर को कोई विशेष लाभ मिलेगा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने ताजमहल और उसके आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा एवं संरक्षण के संबंध में 1984 में दायर जनहित याचिका पर अर्जी को खारिज कर दिया। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि याचिका में ऐसा कुछ नहीं दर्शाया गया है, जिससे यह पता चले कि इससे शहर को कोई विशेष लाभ मिलेगा।

### राजस्थान के पूर्व मंत्री सुंदरलाल का निधन



**पिलानी (झुंझुनूं)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सुंदरलाल का 91 साल की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। 5 सितंबर से जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती थे, जहां वीरवार देर रात 2:30 बजे अंतिम सांस ली। लोग उन्हें 'काका' कहकर बुलाते थे। इससे पहले फेफड़ों में इंफेक्शन और सांस लेने में तकलीफ के कारण उन्हें 23 अगस्त को भी अस्पताल में भर्ती करवाया था। इसके कुछ दिन बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी।

## कनाडा में भारतीय उच्चायोग पर हमले का मामला

# एनआईए ने पंजाब में मारे छापे

**एजेंसी, चंडीगढ़**



राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कनाडा में खालिस्तान समर्थकों द्वारा भारतीय उच्चायोग पर हमला किए जाने के मामले में अपनी जांच के सिलसिले में शुक्रवार को पंजाब में छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आतंकवाद रोधी एजेंसी एनआईए ने इस संबंध में पिछले साल जून में मामला दर्ज किया था।

उन्होंने बताया कि एनआईए पंजाब में छापे मार रही है। मामला कनाडा के ओटावा में 23 मार्च 2023 को भारतीय दूतावास के बाहर खालिस्तान समर्थकों के प्रदर्शन से संबंधित है। एनआईए की प्राथमिकी के अनुसार, "इस दौरान खालिस्तान समर्थकों ने भारत विरोधी नारे लगाए और उच्चायोग की दीवार पर खालिस्तानी झंडा लगा दिया तथा उच्चायोग भवन के अंदर दो ग्रेनेड फेंके।

## 'डंकी रूट' से यात्री को अमेरिका भेजने के आरोप में पंजाबी गायक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** दिल्ली पुलिस ने फर्जी वीजा पर लोगों को अमेरिका भेजने वाले गिरोह के साथ कथित संलिप्तता के आरोप में पंजाबी गायक फतेहजीत सिंह को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि यह गिरफ्तारी बुधवार को की गई जब पंजाब के जालंधर निवासी सिंह और गिरोह के अन्य सदस्य 'डंकी रूट' से एक यात्री को अमेरिका भेजने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) उषा रंगनानी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसने 12वीं तक पढ़ाई की है और वह पेशे से गायक है। उसने पुलिस को यह भी बताया कि उसने दुनिया भर में गाने के कई कार्यक्रम में हिस्सा लिया है।

'डंकी रूट' एक अवैध आप्रवासन तकनीक है जिसका उपयोग देशों में अनधिकृत प्रवेश के लिए किया जाता है।

## यूटी चंडीगढ़ में भिक्षावृत्ति उन्मूलन पर बैठक

**चंडीगढ़।** यूटी सचिवालय, चंडीगढ़ में समाज कल्याण सचिव, सीसीएस श्रीमती अनुराधा एस. चगती की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें चंडीगढ़ में भिक्षावृत्ति से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान, भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के संरक्षण और पुनर्वास पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा जारी की गई सलाह पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें भिक्षावृत्ति के मुद्दे और इसमें योगदान देने वाले अंतर्निहित कारकों को संबोधित करने के लिए इसकी सिफारिशों पर विशेष जोर दिया गया।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा तैयार की गई स्माइल योजना का कार्यान्वयन भी चर्चा का केंद्र बिंदु था।

इस योजना का उद्देश्य भिक्षावृत्ति उन्मूलन के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप भिखारियों के लिए व्यापक पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास के अवसर प्रदान करना है। अनुराधा एस. चगती ने चंडीगढ़ को भिखारी मुक्त शहर बनाने की दिशा में समन्वित दृष्टिकोण पर जोर दिया।

## छात्रों की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में चैनलाइज करना जरूरी



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

सामाजिक कल्याण, महिला और बाल विकास विभाग ने खुशी के साथ पोषण माह की सफल शुरुआत की घोषणा की है, जो कुपोषण से निपटने और क्षेत्र में समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस वर्ष का उत्सव जीवंत और प्रभावशाली घटनाओं की श्रृंखला से चिह्नित रहा, जिसने नागरिकों को सक्रिय रूप से जोड़ा और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाई।

दिन की शुरुआत 5वें चंडीगढ़ राज्य योगासन खेल चैंपियनशिप के उद्घाटन से हुई, जो 13 से 15 सितंबर 2024 तक सरकार योग शिक्षा और स्वास्थ्य महाविद्यालय, सेक्टर-23-ए चंडीगढ़ में आयोजित की जा रही है।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि अनुराधा एस. चगति, सीएसएम, सचिव सामाजिक कल्याण, महिला और बाल विकास, चंडीगढ़ प्रशासन और डॉ. पालिका अरोड़ा, निदेशक सामाजिक कल्याण, महिला और बाल विकास, चंडीगढ़ प्रशासन ने की।

इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के योगासन जैसे पारंपरिक, कलात्मक और लयबद्ध शैलियां प्रदर्शित की गईं, जिसका उद्देश्य छात्रों की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में चैनलाइज करना और उन्हें आवश्यक ज्ञान प्रदान करना था। (अनंत ज्ञान)

## पारंपरिक मेले हमें हमारी जड़ों के साथ जोड़ते : सीएम धामी

**अनंत ज्ञान, देहरादून**



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में वर्चुअल रूप से रूद्रप्रयाग में आयोजित जागतोली दशज्यूला विकास महोत्सव-2024 कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जागतोली दशज्यूला महोत्सव की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दशज्यूला का यह क्षेत्र सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षिणिक गतिविधियों का केंद्र एवं प्राचीन परंपराओं, मेलों और सांस्कृतिक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध रहा है। इस क्षेत्र की नैणी चोटी पर विराजमान मां नैणी देवी समस्त उत्तराखंड वासियों की रक्षा करती हैं। यह क्षेत्र उत्तराखंड की आस्था, समृद्ध परंपराओं और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्वितीय संगम भी है। पारंपरिक मेले हमारे भीतर धार्मिक ऊर्जा को मजबूत कर हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं और एकता, समर्पण एवं आस्था की भावना को बढ़ाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा केदार की धरा से कहा था कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। राज्य सरकार प्रधानमंत्री के कथन को चरितार्थ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार प्रदेश को आर्थिक, औद्योगिक और सतत विकास के दृष्टिकोण से देश दुनिया में एक अलग पहचान बना रहा है।

## एमसी चंडीगढ़ की अवैध मांस बिक्री पर कार्रवाई

**चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ ने ईडब्ल्यूएस कॉलोनी धनास और मलोया कॉलोनी में अस्वच्छ स्थिति में चिकन और मीट बेचने वालों के 21 चालान जारी किए।

एमसी कमिश्नर के निर्देशों का पालन करते हुए। विनय प्रताप सिंह, मांस स्वच्छता विंग, एमओएच और एमसी के प्रवर्तन विंग ने एक संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त लगभग 40 किलोग्राम मांस और चिकन को जब्त कर नष्ट कर दिया गया।

मांस काटने के उपकरण और पिंजरे भी हटा दिए गए। आयुक्त ने टीम को शहर भर में इसी तरह के अभियान चलाने और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## जम्मू में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# कुख्यात नशा तस्कर जावेद-अब्दुल की एक करोड़ की संपत्ति कुर्क

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

जम्मू शहर के सिद्दड़ा इलाके में पुलिस ने दो आलीशान घरों को कुर्क किया है। ये घर कुख्यात नशा तस्कर पिता-पुत्र के हैं, जिन्होंने नशे के कारोबार से अर्जित करीब एक करोड़ रुपये इन घरों पर खर्च किए। वीरवार को एसएसपी साउथ अजय शर्मा ने पुलिस टीम के साथ रगूड़ा में कार्रवाई की। वह पुलिस बल के साथ पहुंचे।

जावेद अहमद और उसके बेटे अब्दुल मजीद उर्फ बल्लू के घरों के बाहर पुलिस ने नोटिस चस्पा कर दिया, जिसमें साफ लिखा गया कि ये घर जब्त कर लिए गए हैं, जिन्हें



कोई न खरीदे। न ही इन्हें ट्रांसफर किया जा सकता है। पुलिस की ओर से उपरोक्त कुर्क की गई संपत्ति का मूल्यांकन रोड्स एंड बिल्डिंग्स (आरएंडबी) एक्सईएन और राजस्व विभाग द्वारा गठित इंजीनियरों के बोर्ड ने किया है, जिसकी कीमत 1.4 करोड़ है। मूल्यांकन रिपोर्ट से यह स्थापित हुआ कि ये संपत्ति नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थों की अवैध तस्करी से अर्जित की गई थी, जो उनकी आय के कानूनी ज्ञात स्रोत से कहीं अधिक है। आरोपियों के खिलाफ जम्मू के नगरोटा, जानीपुर और बाग-ए-बाहु थाने में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज हैं। दोनों पिता-पुत्र पिछले छह वर्ष से सिद्दड़ा समेत अन्य जगहों पर नशे का कारोबार कर रहे हैं। एसपी अजय शर्मा का कहना है कि पिछले पांच महीनों में नशे के हाट स्पॉट राजीव नगर में तीन और बाग-ए-बाहु के रगूड़ा क्षेत्र में एक घर कुर्क किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# सीरिया के मिसाइल ठिकानों पर इसराइल ने किया हमला

**एजेंसी, कीव**



**इसराइल** की स्पेशल फोर्स ने सीरिया में हिजबुल्लाह के मिसाइल निर्माण के ठिकानों को निशाना बनाया है। हालांकि, इसराइल सरकार ने इस ऑपरेशन के बारे में कुछ नहीं बताया है, लेकिन अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोमवार को सीरिया के शहर मास्याफ के करीबी इलाके में हमले हुआ, जिसमें 18 लोगों की जान गई।

इसराइली स्पेशल फोर्स हेलिकॉप्टर से उतरी, ईरान के बनाए हुए मिसाइल ठिकानों में विस्फोटक रखे और सारी संवेदनशील जानकारी हटा दी। इसराइल सरकार ने इसपर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। इन हमलों के पीछे का मकसद ईरान को हिजबुल्लाह को सटीक मिसाइल की आपूर्ति करने से रोकना लगता है। इसराइल ने 6 साल पहले भी इस ठिकाने को निशाना बनाया था। पिछले एक साल में इसराइल सीरिया के खिलाफ दर्जनों हवाई हमले कर चुका है। सीरिया के स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक पिछले रविवार मास्याफ के करीबी इलाके में कई सैन्य ठिकानों पर इसराइल के हवाई हमले हुए. इसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई थी।

## भाजपा के पूर्व मंत्री कर्ण देव कंबोज कांग्रेस में शामिल



**करनाल।** हरियाणा के पूर्व मंत्री कर्ण देव कंबोज शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। वह टिकट कटने से नाराज थे। पिछले दिनों मुख्यमंत्री नायब सैनी कंबोज को मनाने के लिए उनके निवास स्थान पर गए थे। यहां जब सैनी ने कर्ण देव कंबोज की तरफ हाथ बढ़ाया तो उन्होंने हाथ नहीं मिलाया। कांग्रेस ज्वॉइन करने के बाद कंबोज ने कहा कि जो बीजेपी में राजनीति में सेवा के लिए आए थे, वह अब बीजेपी से किनारा कर रहे हैं।

## कांग्रेस देश के टुकड़े करने वालों के साथ भाजपा उनका सफाया करती है : अनुराग

**एजेंसी, जम्मू**



**पूर्व** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर जम्मू में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पलटवार किया, जिसमें उन्होंने भाजपा के नेताओं की तरफ इशारा करते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव 2024 में यदि कांग्रेस की 20 सीटें और आ गई होतीं, तो ये सारे के सारे लोग जेल में होते।

उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन में कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता नजर आती है। खड़गे चुनाव हारने के बाद भी भारत के लोकतंत्र और भारत की जनता का अपमान करते हैं। इसके अलावा विदेश में जाकर राहुल गांधी भारत को नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। राहुल गांधी देश के टुकड़े करने वाले लोगों के साथ नजर आते हैं। भाजपा देश के टुकड़े करने वालों को जड़ से खत्म करने का काम करती है। कांग्रेस की तानाशाही वाली मानसिकता नहीं चलेगी। उन्होंने भारत विरोधी सांसद इल्हान उमर से राहुल गांधी की मुलाकात को देश विरोधी बताया। जो ताकतें देश के खिलाफ चलती थीं, राहुल गांधी उनके साथ चलते हैं। वह भारत विरोधी इल्हान उमर के साथ मुलाकात करते हैं। वहां कौन सा झंडा था। यह लोग क्यों पाक अधिकृत कश्मीर से आए लोगों के और भारतीय समुदाय के हक छीनना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी क्यों आरक्षण को खत्म करना चाहती है।

## सेंसेक्स में 71 और निफ्टी में 32 अंक की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**

**हफ्ते** के आखिरी कारोबारी दिन यानी 13 सितंबर को सेंसेक्स 71 अंक की गिरावट के साथ 82,890 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 32 अंक की गिरावट रही, ये 25,356 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 11 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 में गिरावट और 18 में तेजी रही। एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस और हेल्थकेयर शेयरों में बिकवाली रही, जबकि अन्य सभी सेक्टर्स के शेयर में तेजी रही। आईटीसी, रिलायंस, भारती एयरटेल और इंफोसिस ने बाजार को सबसे ज्यादा गिराया, जबकि, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और बजाज फिनसर्व ने बाजार को ऊपर खींचा।



## बोगुरा तेल टैंक विस्फोट में चार श्रमिकों की मौत

**एजेंसी, बोगुरा**

**बांग्लादेश** के बोगुरा में मजूमदार प्रोडक्ट्स लिमिटेड की चावल भूसी तेल इकाई में हुए विस्फोट में चार श्रमिकों की मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चारों श्रमिक चावल की भूसी के तेल के टैंक की मरम्मत के काम में लगे हुए थे, तभी वेल्डिंग से निकली चिंगारी टैंक के अंदर मौजूद तेल के संपर्क में आई और विस्फोट हो गया। विस्फोट में श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें बोगुरा के शहीद जियाउर रहमान मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिलिमपुर मेडिकल चौकी के सहायक उप-निरीक्षक ललन हुसैन के अनुसार, मृतक श्रमिकों के शव फिलहाल अस्पताल के मुर्दाघर में हैं। ओसी रेजा ने कहा कि पुलिस घटना की जांच कर रही है और अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विस्फोट के कारण का पता लगाने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जांच जारी है।



# ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स में भारत को मिला टियर 1 देशों में स्थान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत को ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी इंडेक्स (जीसीआई) में टियर 1 देशों में जगह मिली है। इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन की ओर से इसे जारी किया जाता है। जीसीआई 2024 ने इस बार पांच टियर एनालिसिस का उपयोग की है। इसमें विभिन्न देशों द्वारा साइबर सिक्योरिटी में की गई प्रगति को ट्रैक किया जाता है।

इस रिपोर्ट में सबसे उच्च श्रेणी टियर 1 में 46 देशों को जगह दी गई है। इन देशों को 'रोल मॉडलिंग' नाम दिया गया है, जिन्होंने साइबर सुरक्षा के सभी अहम पहलुओं पर मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई है।

### कानूनी, तकनीकी, क्षमता विस्तार और कॉरपोरेशन जैसे उपायों में अच्छा प्रदर्शन

**ग्लोबल** साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स 2024 में बताया गया कि भारत ने कानूनी, तकनीकी, क्षमता विस्तार और कॉरपोरेशन जैसे उपायों में अच्छा प्रदर्शन किया है। संस्थागत उपाय में और विकास की संभावना है। आईटीयू के टेलीकॉम डेवलपमेंट ब्यूरो को डायरेक्टर कॉसमस लकीसन जवाजावा ने बताया कि ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी इंडेक्स 2024 में शामिल देशों ने साइबर सुरक्षा के जरूरी एरिया जैसे कानूनी, तकनीकी, क्षमता विस्तार और कॉरपोरेशन फ्रेमवर्क में काफी अच्छा काम किया है। इससे हादसों का रिस्पांस देने की क्षमता में विस्तार हुआ है। जवाजावा ने बताया कि आईटीयू के साइबर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट्स और प्रोग्राम देशों की साइबर खतरों को मैनेज करने में मदद कर रहे हैं। रिपोर्ट में बड़े खतरों के बारे में भी बताया गया है, जिसमें सरकारी सेवाओं और अन्य सेक्टर को टारगेट करने वाले रैनसमवेयर अटैक, कोर इंडस्ट्रीज को प्रभावित करने वाले साइबर हमले, लोगों की निजता पर होने वाले साइबर हमले आदि शामिल हैं।



## कमला के साथ और डिबेट नहीं करेंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में नवंबर में होने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव से पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार कमला हैरिस से दूसरा प्रेसिडेंशियल डिबेट करने की संभावना से डोनाल्ड ट्रंप ने इनकार किया है। दो दिन पहले ही पेनसल्वेनिया के फिलाडेल्फिया में दोनों के बीच पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट हुई थी। ट्रंप ने कहा कि वह इस डिबेट में साफ तौर पर जीत गए थे, इसलिए कमला फिर से डिबेट कराना चाहती हैं। हालांकि, मंगलवार को हुए डिबेट के तुरंत बाद कराए गए कई पोल्स में संकेत मिलता है कि वोटरों को लगा कि अपने रिपब्लिकन प्रदिद्वंद्वी के सामने हैरिस ने बेहतर प्रदर्शन किया था। ट्रंप ने कहा कि इसकी बजाय, हैरिस को उप राष्ट्रपति के तौर पर अपने काम पर ध्यान देना चाहिए।

## हरियाणा में खड़गे, सोनिया और राहुल होंगे स्टार प्रचारक

**एजेंसी, चंडीगढ़**



**हरियाणा** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा शामिल हैं।

कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला व कुमारी सैलजा को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के नाम भी पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में हैं। इसके अलावा कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पार्टी के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया, पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख उदय भान और वरिष्ठ नेता अजय माकन, बीरेंद्र सिंह, आनंद शर्मा और सचिन पायलट, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, चरणजीत सिंह चन्नी तथा कई अन्य नेताओं को भी शामिल किया गया है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच अक्तूबर को एक चरण में मतदान होगा और मतों की गिनती आठ अक्तूबर को होगी।

### नेहवाल की पोस्ट पर फैंस लुटा रहे प्यार

**नई दिल्ली ।** साइना नेहवाल बेहतरीन बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक हैं। साइना भारत की पहली ऐसी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। साइना सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं। साइना सोशल मीडिया पर अक्सर वीडियो शेयर करती रहती हैं। हाल ही में साइना नेहवाल ने अपना एक पुराना वीडियो पोस्ट किया है, जिस पर उनके फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं।



**भारत vs बांग्लादेश** बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की **टेस्ट सीरीज** का पहला मुकाबला 19 सितंबर से

# टीम इंडिया ने शुरू किया अभ्यास

**एजेंसी, चेन्नई**

एक महीने के ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए अभ्यास शुरू कर दिया है। बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से खेला जाएगा।

कप्तान रोहित शर्मा, चैंपियन बल्लेबाज विराट कोहली समेत पूरी टीम यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर एकत्र हुई। नए गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल और सहायक कोच अभिषेक नायर भी मौजूद थे। बीसीसीआई ने पहले दिन के अभ्यास की तस्वीरें साझा करके लिखा ,''उलटी गिनती शुरू। टीम इंडिया ने रोमांचक घरेलू सत्र के लिए तैयारी शुरू कर दी।''

तस्वीरों में दिखाया गया है कि पूरी टीम गंभीर, सहयोगी स्टाफ और कप्तान रोहित की बात ध्यान से सुन रही है। इससे पहले पीली जर्सी पहने रोहित सुरक्षाकर्मियों के घेरे में हवाई अड्डे से बाहर निकले जबकि विराट लंदन से सीधे तड़के यहां पहुंचे हैं। तेज गेंदबाज



जसप्रीत बुमराह, बल्लेबाज केएल राहुल, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गुरुवार को ही यहां पहुंच गए थे।

खिलाड़ी एक महीने से अधिक के ब्रेक के बाद मैदान पर लौटेंगे। अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। नए कोच गौतम गंभीर के साथ यह पहली टेस्ट सीरीज है। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराया है ।

यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। भारत को इसके बाद न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट मैचों की सीरीज और ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खेलनी है।

भारत डब्ल्यूटीसी में 68.52 प्रतिशत अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया 62.52 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। बांग्लादेश 45.83 प्रतिशत अंक लेकर चौथे स्थान पर है। दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा।

## कोहली और स्मिथ के मुकाबले को लेकर उत्साहित हैं मैक्सवेल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल भारत के खिलाफ इस साल के आखिर में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान आधुनिक दौर के दो महान बल्लेबाजों विराट कोहली और स्टीवन स्मिथ के मुकाबले को लेकर रोमांचित हैं।



मैक्सवेल ने कहा ,''जिस तरह से ये दोनों सुपरस्टार बल्लेबाज स्मिथ और कोहली खेल रहे हैं, मुझे लगता है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के नतीजे पर इनकी बल्लेबाजी का काफी असर पड़ेगा।'' उन्होंने कहा ,''ये दोनों या दोनों में से एक काफी रन बनाने वाला है। हमारे दौर के इन दोनों बेहतरीन खिलाड़ियों को आमने-सामने खेलते देखने में मजा आएगा।'' कोहली और स्मिथ दोनों पूर्व कप्तान हैं और मैदान पर दोनों के बीच कई बार तीखी बहस हो चुकी है। पिछले कुछ समय में हालांकि इनके रिश्तों में सुधार आया है। स्मिथ ने कहा था कि तेवरों की बात करें तो कोहली भारतीय खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलियाई हैं।

## स्टेडियमों के नवीनीकरण पर 12.8 अरब रुपए खर्च करेगा पीसीबी

**कराची ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लाहौर, कराची और रावलपिंडी में स्टेडियमों के नवीनीकरण के लिए 12.8 अरब (पाकिस्तानी) रुपए आवंटित किए हैं। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने यह जानकारी दी।

फैसलाबाद में 'बोर्ड ऑफ गवर्नर्स' की बैठक में नकवी ने आश्वासन दिया कि तीनों स्थान चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए समय पर तैयार हो जाएंगे। नकवी ने राशि के वितरण का विवरण देते हुए बताया कि 12.8 अरब में से 7.7 अरब रुपए लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम के नवीनीकरण पर खर्च किए जा रहे हैं।

नकवी के मुताबिक गद्दाफी स्टेडियम में फ्लड लाइट्स को बदलने के लिए 523 मिलियन रुपए खर्च किये जा रहे हैं जबकि दर्शकों के सीटों के लिए 375 मिलियन रुपए और बाहरी विकास कार्यों के लिए 93 मिलियन रुपए आवंटित किए गए हैं। कराची स्थित नेशनल स्टेडियम पर 3.5 अरब रुपए और रावलपिंडी स्टेडियम के नवीनीकरण पर 1.5 अरब रुपए खर्च कर रहा है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### स्नूकर विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे कोठारी



**कोलकाता ।** मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सौरव कोठारी मंगोलिया के उलानबाटेर में होने वाले स्नूकर विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे । कोठारी को वहीं पर 21 से 25 सितंबर तक होने वाली आईबीएसएफ विश्व 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के लिए भी वाइल्ड कार्ड मिला है । भारत के पारस गुप्ता और कमल चावला भी इसमें भाग ले रहे हैं । विश्व स्नूकर कैलेंडर की इन अहम चैंपियनशिप में 20 से अधिक देशों के भाग लेने की संभावना है । पिछले साल दिसंबर में राष्ट्रीय चैंपियन बनने के बाद से कोठारी की यह पहली अंतरराष्ट्रीय व्यक्तिगत स्नूकर चैंपियनशिप है । भारत की छह सदस्यीय महिला टीम भी इसमें भाग लेगी ।

### डेविस कप : कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी दूसरा मैच जीते

**मैनचेस्टर।** कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी डेविस कप फाइनल्स में लगातार दूसरी जीत के साथ ग्रुप चरण में अपराजेय रहे हैं, जबकि चेक गणराज्य के थॉमस मचाक लगातार दूसरे दिन घायल हो गए। कनाडा ने फिनलैंड को 3-0 से हराया जबकि ऑस्ट्रेलिया ने चेक गणराज्य को इसी अंतर से मात दी। जर्मनी ने चिली को 3-0 से हराया। चेक गणराज्य के थॉमस ने स्पेन के कार्लोस अल्काराज के खिलाफ भी चोटिल होकर कोर्ट छोड़ दिया था। वह दूसरे दिन भी छह मिनट ही खेल सके। 4 ग्रुप की टीमें चार अलग-अलग शहरों में खेल रही हैं। फाइनल में 8 टीमें पहुंचेंगी जो नवंबर में स्पेन के मालागा में खेला जाएगा।

### दुनिया के सबसे दमदार बॉडीबिल्डर गोलेम की 36 साल की उम्र में मौत

**नई दिल्ली ।** दुनिया के सबसे ताकतवर बॉडीबिल्डर के नाम से मशहूर इलिया गोलेम येफिमचिक का 36 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने के बाद निधन हो गया। दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें छह सितंबर को अस्पताल ले जाया गया था, जहां वह कोमा में चले गए थे। कुछ दिनों बाद उनकी मौत हो गई। डेलीमेल ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि हार्ट अटैक आने के बाद एंबुलेंस के आने का इंतजार करते हुए उनकी पत्नी एना ने छाती को कम्प्रेस भी किया था। बाद में उन्हें हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया। इलिया ने कभी भी किसी प्रोफेशनल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन इस बेलारूसी बॉडी बिल्डर की सोशल मीडिया फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा था। उन्होंने नियमित रूप से अपने फैंस के साथ वीडियो साझा किए।



### आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थी एथलीट हरमिलन बैंस




**नई दिल्ली।** भारतीय महिला एथलीट हरमिलन बैंस ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। मध्यम दूरी की धाविका हरमिलन हाल ही में संपन्न हुए पेरिस ओलंपिक में भाग नहीं ले सकी थी जिसका उन्हें काफी अफसोस था। एशियाई खेलों में दो बार पदक जीत चुकीं हरमिलन अब मॉडलिंग जैसे दूसरे करियर विकल्प की तलाश कर रही हैं। हरमिलन पिछले साल चीन में हुए एशियाई खेलों में भारतीय एथलेटिक्स टीम की स्टार खिलाड़ियों में से एक थीं जब उन्होंने 800 मीटर और 1500 मीटर में दो पदक जीते थे। हालांकि इस पूरे सत्र में वह चोटों से परेशान रहीं, जिससे पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं। इस समय उन्हें हैमस्ट्रिंग टियर है और उन्होंने स्वीकार किया कि उनका एथलेटिक्स करियर अनिश्चित है। वह सर्जरी करवा सकती हैं और इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। इस साल की शुरुआत में उन्हें टखने की चोट लगी थी जिसे ठीक होने में पांच हफ्ते लगे थे। जून में उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव हुआ जो बाद में एक टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के बाद बढ़ गया।

## सोशल मीडिया पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के फॉलोअर्स की संख्या 100 करोड़ के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो का नाम दुनिया के महानतम फुटबॉलर्स में शामिल है। पुर्तगाल और अल नस्र के लिए खेलने वाले इस दिग्गज फुटबॉलर ने सोशल मीडिया पर एक खास रिकॉर्ड बनाया है। वह सोशल मीडिया पर एक बिलियन यानी 100 करोड़ फॉलोअर्स का आंकड़ा छूने वाले पहले व्यक्ति बन गए।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रोनाल्डो की लोकप्रियता उनके नए लॉन्च किए गए इंस्टाग्राम चैनल की बदौलत और बढ़ गई है। 39 वर्षीय रोनाल्डो ने यूट्यूब अकाउंट बनाया था और एक सप्ताह के अंदर उसके फॉलोअर्स की संख्या 50 मिलियन यानी पांच करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। उन्होंने इस दौरान कई रिकॉर्ड तोड़े। इंस्टाग्राम पर रोनाल्डो के 639 मिलियन यानी 63.9 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जो सोशल



मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके 100 करोड़ फॉलोअर्स का सबसे बड़ा हिस्सा है। मैनचेस्टर यूनाइटेड और रियल मैड्रिड के इस पूर्व खिलाड़ी के फेसबुक पर 170.5 मिलियन यानी 17 करोड़ और 'एक्स' पर 113 मिलियन यानी 11 करोड़ फॉलोअर्स हैं। चीनी प्लेटफॉर्म वीबो और कुआइशू पर भी उनके कुछ फॉलोअर्स मौजूद हैं।

## मंडाविया ने संन्यास ले चुके खिलाड़ियों को 'रीसेट' में आवेदन करने को कहा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने देश भर के संन्यास ले चुके खिलाड़ियों से हाल में शुरू किए गए 'सेवानिवृत्त खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण (रीसेट)' कार्यक्रम के लिए आवेदन करने और भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में सक्रिय रूप से योगदान देने की अपील की।

इस पहल की शुरुआत मंडाविया ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर की थी।

मंत्री ने कहा,'' रीसेट कार्यक्रम संन्यास ले चुके हमारे उन खिलाड़ियों को पहचान दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है जिन्होंने अपनी उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित किया है।''

### पैर एथलीट कथुनिया ने मोदी से कहा

## सभी के लिए आप पीएम यानी प्रधानमंत्री हो, लेकिन हमारे लिए 'परम मित्र'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

''बाकी लोगों के लिए आप पीएम मतलब प्रधानमंत्री हैं लेकिन हम सभी पैरा एथलीटों के लिए आप पीएम यानी परम मित्र हैं,'' दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता चक्का फेंक खिलाड़ी योगेश कथुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान यह बात कही। भारतीय पैरा एथलीटों ने पेरिस पैरालंपिक में रिकॉर्ड 29 पदक जीते, जिसमें 7 स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य शामिल हैं।



भारतीय दल मंगलवार को लौटा और प्रधानमंत्री मोदी ने उनका यहां अपने आवास पर अभिनंदन किया।

बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से पैरालंपिक में उनके अनुभव साझा करने को कहा। पुरुषों की चक्काफेंक एफ56 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले कथुनिया ने कहा ,''प्रदर्शन में निरंतरता आपकी वजह से आई है। आपके द्वारा शुरू की गई योजनाओं की वजह से यह संभव हुआ। हर किसी के लिए पीएम का मतलब प्रधानमंत्री लेकिन हमारे लिए आप परम मित्र हैं।''

इस पर प्रधानमंत्री ने कहा ,'' मैं इस पर गर्व महसूस करता हूं। मैं भी आप सभी के साथ मित्र की तरह काम करना चाहता हूं।''

### एशियाई चैंपियंस हॉकी ट्रॉफी-2024

## प्रबल दावेदार भारतीय टीम पाकिस्तान पर कायम रखना चाहेगी 'दबदबा'

**एजेंसी, हुलुनबुइर ( चीन )**

सेमीफाइनल में जगह बना चुकी अपराजेय भारतीय टीम चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को हीरो एशियाई चैंपियंस हॉकी ट्रॉफी-2024 के बहु प्रतीक्षित आखिरी राउंड रॉबिन मैच में अपना दबदबा कायम रखने उतरेगी। चार मैचों में चार जीत दर्ज करके गत विजेता भारत अंकतालिका में शीर्ष पर है जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है।

पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने चीन को 3-0 से, जापान को 5-1 , मलेशिया को 8-1 और कोरिया को 3-1 से हराया। दूसरी ओर महान फॉरवर्ड ताहिर जमां के मार्गदर्शन में खेल रही पाकिस्तानी टीम ने मलेशिया और कोरिया से 2-2 से ड्रॉ खेला। इसके अलावा जापान को 2-1 और चीन को 5-1 से हराया।

मौजूदा फॉर्म की बात करें तो भारत का पलड़ा भारी है। हांगझोउ एशियाई खेलों में पिछले साल भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया था। उससे पहले चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में

**भारतीय टीम पहले ही बना चुकी है सेमीफाइनल में जगह**



पाकिस्तान पर 4-0 से जीत दर्ज की थी। जकार्ता में 2022 एशिया कप में युवा भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 1-1 से ड्रॉ पर रोका जबकि 2021 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ढाका में भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से हराकर कांस्य पदक जीता था। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस ओलंपिक का शानदार फॉर्म बरकरार रखा है और वह पाकिस्तान के खिलाफ खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हरमनप्रीत ने कहा ,''मैं अपने जूनियर दिनों से पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलता आया हूं। मेरा उनसे अच्छा संबंध है और वे भाई जैसे हैं। मैदान पर हालांकि किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जज्बात पर काबू रखना होता है।''

उन्होंने कहा ,'' विश्व हॉकी में भारत और पाकिस्तान की प्रतिद्वंद्विता का कोई मुकाबला नहीं है। मुझे यकीन है कि दुनिया भर में हॉकीप्रेमियों को इस मैच का इंतजार होगा।''

## दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन भारत को 9 स्वर्ण

**चेन्नई ।** भारतीय दल ने दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन पदकों की झड़ी लगाकर नौ स्वर्ण सहित 19 पदक हासिल किए। चैंपियनशिप के पहले दिन तीन स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत के कुल स्वर्ण पदकों की संख्या 12 हो गई है।

भारतीयों ने दिन का पहला स्वर्ण महिलाओं की चक्का फेंक में अनीशा की बदौलत जीता जिन्होंने 49.91 मीटर की दूरी तक चक्का फेंका और 2018 में ए बाजवा के 48.60 मीटर के पिछले मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। इस बीच अमानत कंबोज ने 48.38 मीटर के साथ रजत जीता जबकि श्रीलंका की जेएच गौरांगनी ने 37.95 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता।

नीरू पातक ने महिलाओं की 400 मीटर में 54.50 सेकेंड का समय लेकर भारत के लिए 9वां स्वर्ण जीता। उनकी हमवतन सैंड्रा मोल साबू ने 54.82 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता जबकि लंका की के. तक्षिमा नुहांसा ने 55.27 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

## वियतनाम ओपन : क्रैस्टो-कपिला की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची



**एजेंसी, हो ची मिन्ह सिटी**

भारत की तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करके वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

क्रैस्टो और कपिला की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 44 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ की हमवतन शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 14-21, 21-10, 21-14 से हराया। थारुन मन्नेपल्ली का शानदार अभियान हालांकि अंतिम आठ के मुकाबले में समाप्त हो गया। वह पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जापान के शोगो ओगावा से 13-21, 13-21 से हार गए।

क्रैस्टो और कपिला को लय में आने में समय लगा। शुरुआती गेम में सतीश और आद्या हावी रहे।

इसके बाद क्रैस्टो और कपिला ने अच्छा खेल दिखाया और दूसरे गेम में आसानी से जीत दर्ज की। तीसरे और निर्णायक गेम में दोनों जोड़ियों ने एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन क्रैस्टो और कपिला ने एक बार बढ़त हासिल करने के बाद उसे बनाए रखा और सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## नडाल ने लावेर कप से नाम वापस लिया

**बर्लिन ।** राफेल नडाल ने अगले सप्ताह बर्लिन में होने वाले लावेर कप से नाम वापस ले लिया, जिससे यह अस्पष्ट हो गया है कि स्पेन का यह महान टेनिस खिलाड़ी आगे कब खेलेगा। लावेर कप से ही रोजर फेडरर ने 2022 में टेनिस को अलविदा कहा था, जिन्होंने युगल में नडाल के साथ खेला था।



नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नहीं खेला है। उन्होंने कहा ,'' मुझे यह बताते हुए निराशा हो रही है कि मैं अगले सप्ताह बर्लिन में लावेर कप नहीं खेल सकूंगा। यह टीम स्पर्धा है और मैं टीम यूरोप का समर्थक हूं। मुझे वही करना है जो टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ है और इस समय दूसरे खिलाड़ी हैं जो टीम को जिता सकते हैं ।''

22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल ने पिछले महीने अमेरिकी ओपन में भाग नहीं लिया था। लावेर कप 20 से 22 सितंबर के बीच खेला जाएगा।

**टेस्ट क्रिकेट** बारिश और खराब आउटफील्ड होने के कारण टॉस तक नहीं हो सका

# अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द

**एजेंसी, ग्रेटर नोएडा**

अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट शुक्रवार को एक भी गेंद फेंके बगैर लगातार बारिश के कारण रद्द हो गया और टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसी स्थिति आठवीं बार आई है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में इससे पहले सात बार ही ऐसा हुआ है जब एक भी गेंद फेंके बिना मैच रद्द हुआ हो। पिछली बार ऐसा 26 साल पहले 1998 में हुआ था। उस समय भी न्यूजीलैंड टीम ही थी जिसे डुनेडिन में भारत से खेलना था। उसी साल और उसी दिन फैसलाबाद में पाकिस्तान और जिम्बाब्वे का टेस्ट भी घने कोहरे के कारण बिना किसी खेल के रद्द किया गया था। भारत में पहली बार कोई टेस्ट एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द हुआ है।

पहले दो दिन गीली आउटफील्ड के कारण खेल नहीं हो सका, जिससे शहीद विजय सिंह पथिक खेल



**बीसीसीआई ने दिए थे तीन विकल्प**

बीसीसीआई ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड को कानपुर, बेंगलुरु और ग्रेटर नोएडा के विकल्प दिए थे। एसीबी ने लॉजिस्टिक कारणों से ग्रेटर नोएडा को चुना। अफगानिस्तान इस मैच की मेजबान था, जिसे शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिलता। आईसीसी से 2017 में टेस्ट टीम का दर्जा मिलने के बाद यह उसका 10वां टेस्ट था। यह टेस्ट आईसीसी विश्व चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं है। स्टेडियम के भविष्य पर फैसला मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ की रिपोर्ट आने के बाद होगा।

परिसर की मैच की मेजबानी की क्षमता पर सवाल उठे हैं। बाकी तीन दिन बारिश के कारण खेल रद्द हो गया। शुक्रवार की सुबह पिच का मुआयना किया गया, लेकिन अभी भी आउटफील्ड में उन जगहों पर पानी जमा है जो ढकी नहीं हैं। इससे मैच का रद्द होना तय हो गया जिसमें टॉस तक नहीं कराया जा सका।

### कुशल मैदानकर्मी नहीं थे, मजदूरों को लगाना पड़ा काम से

सूत्रों की माने तो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) से दो सुपर सोपर मांगे थे जो मेरठ स्टेडियम से भेजे गए। दिन में विवाह में इस्तेमाल होने वाले पारंपरिक शामियाने का इस्तेमाल आउटफील्ड ढंकने के लिए किया गया और शाम को बरसाती लगाई गई। कोटला से डीडीसीए अधिकारियों ने आउटफील्ड कवर भेजे, लेकिन वह काफी नहीं थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास कुशल मैदानकर्मी भी नहीं थे, जिसकी वजह से मजदूरों को काम पर लगाया गया।